C O N T E N T S

Fifteenth Series, Vol.XI, Fifth Session, 2010/1932 (Saka)
No.13, Wednesday, August 11, 2010/Sravana 20, 1932(Saka)

S U B J E C T	P A G E S
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
***Starred Question Nos.241 to 243**	**2-28**
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos.244 to 260	**29-96**
Unstarred Question Nos.2761 to 2985	**97-459**

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

RE: FINANCIAL ASSISTANCE TO THE VICTIMS OF CLOUDBURST AT LEH, JAMMU AND KASHMIR FROM MP LOCAL AREA DEVELOPMENT FUND 460

PAPERS LAID ON THE TABLE 461-464

MESSAGES FROM RAJYA SABHA AND BILL AS PASSED BY RAJYA SABHA 465

COMMITTEE ON WELFARE OF SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES
9th Report 466

STANDING COMMITTEE ON HEALTH AND FAMILY WELFARE
(i)46th Report
(ii) Evidence 466

STATEMENT BY MINISTER
Status of implementation of the recommendations contained in the 30th Report of the Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice on "Constraints being faced by Kendriya Bhandar", pertaining to the Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions.
Shri Prithviraj Chavan 467

STATEMENT CORRECTING REPLY TO UNSTARRED QUESTION NO. 928 DATED 25.11.2009 REGARDING EDUCATION CESS ALONGWITH THE REASONS FOR DELAY
Shrimati D. Purandeswari 468-469

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS – (RAILWAYS), 2010-11
Shri K.H. Muniappa 470

MATTERS UNDER RULE 377 **471-490**

(i) Need to review the New Exploration Licensing Policy and bring the functioning of Production Sharing Contract (PSC) under the control of CAG to check the possibility of irregularities in accounting

Shri Harsh Vardhan 472

(ii) Need to declare Kalagarh as a Revenue region of Uttarakhand and transfer the land of Kalagarh region from the Government of Uttar Pradesh to the Department of Irrigation, Uttarakhand

Shri Satpal Maharaj 473-474

(iii) Need to constitute a Board to ensure checking of soil erosion in various districts along the rivers Ganga and Bhagirathi in West Bengal.

Shri Adhir Chowdhury 475

(iv) Need to adopt a uniform procedure by University Grants Commission for admission of students in colleges of Uttar Pradesh

Shri Jagdambika Pal 476

(v) Need to take steps to make the river Yamuna pollution free

Shri Jai Prakash Agarwal 477

(vi) Need to take steps for proper storage of foodgrains in the country

Dr. Mahesh Joshi 478

(vii) Need to make the B.S.N.L. landline service more attractive for the costomers with a view to check the decline in the number of B.S.N.L. landline users

Shri A.T. Nana Patil 479

(viii) Need to release funds for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) in Madhya Pradesh and also accord approval to the proposals sent by

the State Government
Shri Ganesh Singh 480

(ix) Need to enact a legislation for proper disposal and recycling of eletronic waste iin the country.
Shrimati Jayshreeben Patel 481

(x) Need to re-start the Jodhpur Mail from Delhi to Jodhpur via Churu-Ratangarh in Rajasthan
Shri Ram Singh Kaswan 482

(xi) Need to take steps to check corporal punishment in schools
Shri Ambica Banerjee 483

(xii) Need to provide assistance to the people affected by severe erosion caused by various rivers in North Bengal
Shri Mahendra Kumar Roy 484

(xiii) Need to allocate funds for repair and maintenance of Tindivanam-Krishanigiri NH-66 in Tamil Nadu
Shri E.G. Sugavanam 485

(xiv) Need to ensure strict implementation of existing laws to curb female foeticide in country to bring the female sex ratio at par with male
Shrimati Supriya Sule 486

(xv) Need to direct the leading TV Networks to provide their pay channels for running cable TV-multiple system operators in Tiruppur, Tamil Nadu
Shri C. Sivasami 487

(xvi) Need to provide funds from Central Road Fund for repair and maintenance of various roads in Tenkasi Parliamentary Constituency, Tamil Nadu
Shri P. Lingam 488

(xvii) Need to expedite construction work of ROB at Pandavapura railway station in Mandya Parliamentary Constitutency, Karnataka
Shri N. Cheluvaraya Swamy 489

(xviii) Need to extend hassle free loan facility to Small and Marginal farmers in Siwan Parliamentary Constituency of

Bihar through Kisan Credit Card
Shri Om Prakash Yadav 490

DISCUSSION UNDER RULE 193 **491-645**

RE: Bhopal Gas Tragedy

Shrimati Sushma Swaraj **491-512**

Shri Manish Tewari **513-530**

Shri Mulayam Singh Yadav **531-536**

Dr. Baliram **537-539**

Shri Mangani Lal Mandal **540-543**

Shri Pinaki Misra **544-549**

Shri Prabodh Panda **550-552**

Shri Sher Singh Ghubaya **553-556**

Shri Basu Deb Acharia **557-561**

Shri Kailash Joshi **562-566**
573-574

Shri Sajjan Verma **567-570**

Shri Kalyan Banerjee **575-577**

Shri S. Semmalai **578-579**

Shri Nama Nageswara Rao **580-581**

Dr. Raghuvansh Prasad Singh **582-585**

Shri Prasanta Kumar Majumdar **586-587**

Shri Narahari Mahato **588**

Shri Naranbhai Kachhadia **589**

Dr. Kirit Premjibhai Solanki **590**

Shri B. Mahtab **591-593**

Dr. Tarun Mandal **594-595**

Shri Arjun Ram Meghwal **596**

Shri Ravindra Kumar Pandey **597-599**

Shrimati Yashodhara Raje Scindia **600-601**

Shrimati Jayshreeben Patel **602**

Shri Charles Dias **603-604**

Dr. Prasanna Kumar Patasani **605-610**

Shri Premdas **611**

Shri S.S. Ramasubbu **612-613**

Shri Srikant Jena **614-628**

Shri P. Chidambaram **629-645**

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions 666

Member-wise Index to Unstarred Questions 667-671

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions 672

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 673

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shrimati Meira Kumar

THE DEPUTY SPEAKER

Shri Karia Munda

PANEL OF CHAIRMEN

Shri Basu Deb Acharia

Shri P.C. Chacko

Shrimati Sumitra Mahajan

Shri Inder Singh Namdhari

Shri Francisco Cosme Sardinha

Shri Arjun Charan Sethi

Dr. Raghuvansh Prasad Singh

Dr. M. Thambidurai

Shri Beni Prasad Verma

Dr. Girija Vyas

SECRETARY GENERAL

Shri P.D.T. Achary

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Wednesday, August 11, 2010/Sravana 20, 1932(Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MADAM SPEAKER in the Chair]

श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज): अध्यक्ष महोदया, पूर्वी उत्तर प्रदेश में सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। सारे पूर्वांचल में सूखा पड़ा हुआ है।...(व्यवधान) हम चाहते हैं कि इस पर सदन में चर्चा कराई जाए।...(व्यवधान)

श्री रामकिशुन (चन्दौली) महोदया, पूर्वी उत्तर प्रदेश में भीषण सूखा पड़ा हुआ है। इसलिए विशेष सहायता दी जाए। ...(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान (घोसी): हम तैयार हैं।...(व्यवधान)

श्री रामकिशुन अध्यक्ष महोदया, मैंने कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है इसलिए मेरी बात को सुना जाए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप लोग बैठ जाएं और प्रश्न काल चलने दें।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप लोग बैठ जाएं। कुछ रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान) *

अध्यक्ष महोदया: प्रश्न काल चलने दीजिए। धर्मेन्द्र यादव जी आप सवाल पूछें।

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ): अध्यक्ष महोदया, हाउस को व्यवस्थित कर दीजिए, मैं सवाल पूछना चाहता हूं।...(व्यवधान)

श्री बृजभूषण शरण सिंह : इस विषय पर सदन में चर्चा कराई जाए, कल नहीं तो परसों कराई जाए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: माननीय सदस्यों से मैं कहना चाहती हूं कि आपकी जो चिंता है, आप जिस बात को लेकर उद्वेलित हैं, वह हम समझ रहे हैं। आपकी चिंता को भी हम समझ रहे हैं और हम भी चाहते हैं कि इस अत्यंत गम्भीर विषय पर चर्चा हो। इसके लिए आप नोटिस दे दें, उसके बाद चर्चा कराई जाएगी। अब प्रश्न काल चलने दें।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: योगी जी आप बैठ जाएं। श्री धर्मेन्द्र यादव, आप सवाल पूछें।

---

* Not recorded.

(Q. No.241)

MADAM SPEAKER : Shri Dharmendra Yadav, Q. No.241.

श्री धर्मेन्द्र यादव : अध्यक्ष महोदय, भारत का एक गौरवशाली इतिहास रहा है और भारत विश्वगुरू कहलाता रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में विश्व के लोग भारत में शिक्षा प्राप्त करने के बाद तमाम बड़े-बड़े स्थानों पर गये और दुनिया की तरक्की में भारत के शिक्षाविदों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन हमें समझ नहीं आ रहा है कि मानव-संसाधन मंत्री जी क्यों ऐसा विधेयक ला रहे हैं जिस विधेयक के माध्यम से, दुनिया के तमाम शिक्षा-संस्थान भारत को एक बाजार के रूप में इस्तेमाल करके, भारतीय पूंजी को लूटकर अपने देशों में ले जाना चाहते हैं। मैं मानव संसाधन मंत्री जी का ध्यान आपके माध्यम से आकर्षित कराना चाहता हूं। प्रो. यशपाल जी जो यूजीसी के अध्यक्ष भी रहे और आपने उनकी अध्यक्षता में एक समिति भी गठित की थी। उस समिति की संस्तुति कहती है कि किसी भी विश्वविद्यालय की स्थापना में वहां की भौतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों का योगदान रहता है। दुनिया का सबसे अच्छा विश्वविद्यालय ही क्यों न हो, जब तक वहां की भौतिक और सामाजिक परिस्थितियां उसके पक्ष में नहीं होंगी, तब तक वह विश्वविद्यालय दूसरे स्थान पर जाकर स्थापित नहीं हो सकेगा। हो सकता है कि विदेशी विश्वविद्यालय और विदेशी उद्योगपति आयें, वे भारत में बड़ी-बड़ी इमारतें जरुर बना सकते हैं लेकिन जो भारतीय परिवेश है, जो भारत की जरुरतें हैं, उन जरुरतों को देखते हुए ये जो विदेशी विश्वविद्यालय का विधेयक आ रहा है। जो तमाम विदेशी शिक्षण-संस्थान इस देश में आ रहे हैं, ये संस्थान भारत की जरुरतों को पूरा नहीं कर पायेंगे, ऐसा मेरा मानना है।

अध्यक्ष महोदया, हम आपका ध्यान दादाभाई नौरौजी, जो देश के बहुत बड़े शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं, उन्होंने अपनी पुस्तक " पावर्टी एंड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया" में वैल्थ-ड्रेन की बात की थी, जिसके माध्यम से भारत का पैसा विदेश में जाता है। अध्यक्ष जी, आज परिस्थितियां बदली हैं, माध्यम बदला है, पहले जहां दुनिया में पैसा सबसे बड़ी ताकत हुआ करती थी, आज ज्ञान सबसे बड़ी ताकत हो चुकी है। आज इस विधेयक के माध्यम से हमारा जो दिमाग है, वह दुनिया में विस्थापित होगा, इस बात की मुझे पूरी शंका है। क्या मानव संसाधन मंत्री जी इस सदन को और देश को आश्वस्त करा पाएंगे कि हमारी जो बौद्धिक क्षमता है, उसे बाहर जाने से रोक पाएंगे।

श्री कपिल सिब्बल: माननीय अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने कुछ गंभीर बातें हमारे सामने रखी हैं और यह बात सही है कि प्राचीन जमाने में बाहर से पढ़ने के लिए लोग हिंदुस्तान में आते थे। लेकिन 21वीं सदी की व्यवस्था आज कुछ अलग है। सभी माननीय सदस्य जानते हैं कि यहां से लाखों की तादाद में लोग

पढ़ने के लिए बाहर जाते हैं। हिंदुस्तान में जो ग्रोस-इंरोलमेंट रेशो हैं और इसका मतलब यह है कि जो बच्चे 18 से 24 साल की उम्र के हैं, अगर 100 बच्चे इस उम्र के हैं और 12वीं पास करते हैं तो केवल 12.4 प्रतिशत बच्चे ही यूनिवर्सिटी जा पाते हैं, 88 प्रतिशत बच्चे यूनिवर्सिटी जा ही नहीं पाते हैं। क्योंकि यहां ना तो इतनी यूनिवर्सिटीज हैं और ना ही यहां इतने साधन हैं और आज हमारा देश सबसे यूवा देश हैं जहां लगभग 55 करोड़ बच्चे 25 वर्ष की उम्र से कम के हैं। अगर उन्हें राइट टू एजूकेशन एक्ट के अंदर शिक्षा मिलेगी तो 12वीं कक्षा के बाद वे कौन सी संस्थाओं में जाएंगे? अगर आप डिवेलप देश और डिवेलपिंग देश का अंतर कीजिए, हर डिवेलप देश में ग्रोस-इंरोलमेंट-रेशो 50 प्रतिशत से ज्यादा है। अगर बाकी देशों में कोई बच्चा 12वीं पास करता है, अगर 100 बच्चे हैं 18 से 24 साल की उम्र के, 50 प्रतिशत बच्चे आगे पढ़ाई के लिए जाते हैं, यहां वह संख्या 12.4 प्रतिशत है। हमारा लक्ष्य यह है कि ज्यादा से ज्यादा यूनिवर्सिटीज खुलें ज्यादा से ज्यादा हिंदुस्तान के इंट्रेप्रिन्यूअर्स और एकेडिमिक यूनीवर्सिटीज लगाएं। अगर बाहर से भी हम ग्रोस एनरोलमेंट रेशो बढ़ा सकते हैं, तो वहां भी बढ़ाएं। यह हमारा लक्ष्य है।

माननीय सदस्य ने बिल के संबंध में जो बात सभा पटल पर रखी है, वह बिल स्टैंडिंग कमेटी के दायरे में है और वहां उसकी चर्चा हो रही है। अगर आप चाहें, तो मैं उसके बारे में विस्तार से बोल सकता हूं। माननीय सदस्य की जो चिंता केपिटल बाहर जाने की है, माननीय सदस्य को मालूम नहीं है कि 50 करोड़ रुपया उनको पहले यहां as a deposit रखना पड़ेगा, before they want to set up a university. इसके बिना कोई यूनीवर्सिटी सेट-अप नहीं कर सकता है। दूसरी बात जो भी इन्वेस्टमेंट यहां होगी, वह हमारे कानून के अंतर्गत बाहर जा ही नहीं सकती है। जो भी मुनाफा कमाया जाएगा, 75 प्रतिशत वह मुनाफा वापिस यहां इन्वेस्ट होगा। माननीय सदस्य ने यशपाल समिति की बात कही है। मैं यशपाल समिति का उदाहरण दे कर यह बात पढ़ना चाहता हूं :

> "But giving an open license to all and sundry carrying a foreign ownership tag to function like universities in India, most of them not even known to their own countries would only help them earn profit for their parent institutions located outside or accrue profit to the shareholders. If the best of foreign universities, say amongst the top 200 in the world, want to come here and work, they should be welcomed."

This is Yash Pal Committee, जिसे माननीय सदस्य ने पढ़ा नहीं है। कहने का मतलब है कि हम उच्च स्तर की संस्थाएं लाना चाहते हैं और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना चाहते हैं।

श्री धर्मेन्द्र यादव : अध्यक्ष महोदया, माननीय मंत्री जी को मैंने छात्र जीवन से देश के बहुत बड़े वकील के रूप में जाना है और मंत्री के रूप में हम उम्मीद करते थे कि हमारे देश के अंदर गरीब, किसान, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं, उनकी वकालत जरूर करेंगे। लेकिन मंत्री जी के उत्तर से न केवल मुझे, बल्कि मेरे जैसे तमाम नौजवान जो माननीय मंत्री जी के लिए दिल में बहुत सम्मान रखते हैं, उन्हें जरूर निराशा हुई होगी। हम मंत्री जी की इस बात से सहमत हैं कि शिक्षण संस्थाओं की आवश्यकता है और शिक्षण संस्थाओं की आवश्यकता को ले कर न केवल केंद्र सरकार, बल्कि देश की विभिन्न प्रांतीय सरकारों ने भी कई प्राइवेट शिक्षा संस्थाओं को मान्यता दी है, जिसकी माननीय मंत्री जी को जानकारी होगी।

अध्यक्ष महोदया : आप प्रश्न पूछिए, आपके प्रश्न पूछने की भूमिका बहुत लम्बी होती है।

श्री धर्मेन्द्र यादव : महोदया, यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है। आज जितने भी प्राइवेट कालेज चल रहे हैं, चाहे किसी भी पाठ्यक्रम के हों, कहीं भी बिना डोनेशन के एडमिशन नहीं हो पा रहा है। संविधान की प्रस्तावना में स्वीकार किया गया था कि हमारा देश समाजवादी राष्ट्र और लोक कल्याणकारी राष्ट्र बनेगा। लोक कल्याणकारी राष्ट्र की जिम्मेदारी है कि चाहे स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो, ऐसी जरूरतों को केंद्र सरकार पूरी करे। क्या मंत्री जी इस बात को स्वीकार करेंगे कि वे लोक कल्याणकारी राष्ट्र के दायित्वों को नहीं निभा पा रहे हैं? इसके लिए उन्हें विदेशी लोगों की जरूरत पड़ रही है। हम माननीय मंत्री जी से पूछना चाहते हैं कि इसी सदन में पारित हुआ और आपसे पूर्व के मानव संसाधन मंत्री श्री अर्जुन सिंह ने पुरजोर वकालत की थी कि प्राइवेट और विदेशी शिक्षण संस्थाओं में भी आरक्षण हो, चाहे वह दलितों का मामला हो, चाहे पिछड़ों का मामला हो, चाहे अल्पसंख्यकों का मामला हो, चाहे गरीबों का मामला हो। क्या माननीय मंत्री जी विदेशी संस्थाओं को बाध्य करेंगे कि वे कम से कम पैसे में इन वर्गों के लोगों को शिक्षा देने का प्रावधान करें?

श्री कपिल सिब्बल : मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि अगर हिंदुस्तान के इतिहास में किसी भी सरकार ने इन्क्लूसिव एजुकेशन एजेंडा को आगे किया है, तो हमारी सरकार ने डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने किया है...(व्यवधान)। मुझे बताइए हिन्दुस्तान...(व्यवधान) के इतिहास में...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : उनको उत्तर देने दीजिए। शांत हो जाइए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। अभी प्रश्न नहीं पूछिए।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record except the hon. Minister's reply.

(Interruptions) ... *

श्री कपिल सिब्बल : माननीय सदस्य ने जो चिंता माइनॉरिटी और गरीब के बारे में प्रकट की है, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हम उनसे ज्यादा चिंतित हैं। हम चाहते हैं...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Nothing is going on record.

(Interruptions) ... *

श्री कपिल सिब्बल : अध्यक्ष महोदया, 90 प्रतिशत इंवेस्टमेंट शिक्षा के दायरे में प्रदेश करते हैं और अगर प्रदेश में डूनेशंस की व्यवस्था है तो आप अपने चीफ मिनिस्टर से पूछिए कि क्यों है क्योंकि यह ज्यादातर प्रदेशों में स्टेट यूनिवर्सिटीज द्वारा होता है। जहां तक रिजर्वेशन का सवाल है,...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : उन्हें अपना उत्तर तो पूरा करने दीजिए। बीच में टोका-टाकी क्यों कर रहे हैं। रामकिशुन जी, बैठ जाइए। कुछ रिकार्ड में नहीं जा रहा है।

*(Interruptions) ...**

श्री कपिल सिब्बल : जहां तक रिजर्वेशन का सवाल है, फॉरेन एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस बिल जो अभी संसद में आएगा, उसके अन्तर्गत जो भी ट्रीटमेंट हम अपने इंस्टीट्यूशंस को देंगे, वैसा ही ट्रीटमेंट फॉरेन इंस्टीट्यूशंस को दिया जाएगा।...(व्यवधान)

श्रीमती सुमित्रा महाजन : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी। अच्छी बात है कि आप बहुत अच्छा सोच रहे हैं कि मैकाले के नाती-पोतों को भी यहां बुला रहे हैं।...(व्यवधान) लेकिन आज की तारीख में हमारी जो टैक्नीकल एजुकेशन है, कहीं न कहीं प्राध्यापकों की कमी है और गुणवत्ता में कमी आती जा रही है। निजी कॉलेजों में शिक्षा शुल्क पर कोई नियंत्रण नहीं है। इन सभी बातों से मंत्री जी वाकिफ हैं। उसके लिए आज भी नियम कानून हैं। आपने कहा है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद है। क्या इसकी कोई गारंटी है कि आपने जैसे कहा, विदेशों से यहां पर

---

* Not recorded.

संस्थान आएंगे कि ये संस्थान गुणवत्ता वाले ही संस्थान होंगे और कमर्शियल लुक-आउट वाले नहीं होंगे क्योंकि यहां भी वही बात हो रही है। लोकमान्य तिलक जी ने जब पहला शिक्षा संस्थान खोला था तो अपने हाथ से वहां प्रांगण में सफाई की थी। अपने सिर पर टाइपराइटर इत्यादि सामान उठाया था। यह हमारे यहां की भावना रही है। आज वह भावना नहीं रही है। यह बात भी सही है। हमारे यहां भी कमर्शियलाइजेशन हो रहा है लेकिन विदेशों से जो संस्थान आएंगे, वे हमारे हिन्दुस्तानियों पर प्रेम करते हुए यहां शिक्षा देने के लिए ही आएंगे, कमर्शियली नहीं आएंगे। क्या इसकी कोई गारंटी आप ले रहे हैं? मैं यह जानना चाहूंगी कि बजाए उसके हमारी जो अपनी संस्थाएं हैं, माननीय अटल जी ने हमारे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी जैसी संस्था हर राज्य में राष्ट्रीय स्तर की स्थापित की थी। उसके द्वारा हमारी शिक्षा संस्थाओं की भी गुणवत्ता बढ़ी। ऐसी संस्थाएं राज्य में एक के बजाए दो भी बढ़े। क्या इस प्रकार की व्यवस्था पर माननीय मंत्री जी का कोई विश्वास है?

श्री कपिल सिब्बल : जो सवाल माननीय सदस्या ने पूछा कि क्या उच्च स्तर की संस्थाएं बाहर से आएंगी या नहीं आएंगी? उसके बारे में मैं केवल इतना ही बताना चाहूंगा कि उसकी चर्चा भी संसद में होगी। क्योंकि जो नेशनल एक्रेडिटेशन एक्ट के अंतर्गत हमारी एक्रेडिटेशन अथॉरिटी है, उसके द्वारा वहां यह प्रावधान है कि यदि कोई भी बाहर की संस्था आये तो उसे एक्रेडिटेशन प्रोसैस पारित करना पड़ेगा और उसके बिना वह यहां कोई पाठशाला, यूनिवर्सिटी या प्रोग्राम नहीं चला सकते। जैसे एक्रेडिटेशन अथॉरिटी हिंदुस्तान की संस्थाओं पर लागू होगी, वैसे ही एक्रेडिटेशन अथॉरिटी उन संस्थाओं पर लागू होगी। जब तक एक्रेडिटेशन प्रोसीजर सही नहीं होगा, तब तक उन संस्थाओं को यहां शिक्षा देने का कोई हक नहीं होगा।

जहां तक एआईसीटीई का सवाल है, आपको मालूम है कि हमारे लॉज हैं, रेगुलेशंस भी हैं। लेकिन उनके बावजूद हिंदुस्तान में प्राइवेट इंस्टीट्यूशन में खास तौर पर स्टेट्स में जो हो रहा है, वह हम सब जानते हैं। लॉ होने के बाद भी हम वहां कुछ नहीं कर पाये। इसीलिए हम पूरा सिस्टम रिफॉर्म कर रहे हैं। अब सारा प्रोसैस ट्रांसपेरेन्ट होगा, वैबसाइट पर दिखाया जायेगा कि संस्था क्या दे सकती है, उनकी फैकल्टी क्या है, इंफ्रास्ट्रक्चर क्या है? ये सब प्रोसपैक्टस द्वारा वैबसाइट पर उपलब्ध होगा और यदि उसमें कोई बात गलत निकली that will be treated as an educational malpractice. उसके लिए हम दोबारा एक सैपरेट बिल ला रहे हैं। हम इन चीजों का ध्यान रखकर इन्हें ठीक करना चाहते हैं, उसमें यदि आपकी सहमति होगी तो यह सब ठीक होगा। परंतु यदि ऐसे ही बहस चलती रही कि किसी भी संस्था के लिए हम कुछ नहीं कर रहे हैं। मैं बताना चाहता हूं कि जितना हम कर रहे हैं, उतना शायद ही इतिहास में कभी किसी सरकार ने किया होगा। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : उन्हें प्रश्न पूछने दीजिए।

SHRI R. DHRUVANARAYANA: Madam, I would like to ask the hon. Minister that State-wise how many foreign institutions will be sanctioned. Will it be State-wise or population-wise?

SHRI KAPIL SIBAL: It is neither State-wise nor population-wise. It depends on where the foreign institution wishes to come. Supposing the foreign institution wants to collaborate with the Central University, it is possible. Our Central laws will apply and the foreign university will collaborate. If it wants to collaborate with the State University, the State laws will apply and it will be entitled to collaborate. If it wants to set up a private unaided institution like our private unaided institution, those laws will apply, and where they want to set up is to be decided by the university and not by the Government of India.

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL: Madam, there is no doubt that with quality education, the youth of India becomes its strength and not its burden. But if we look at the number of students who are going abroad every year, if it was 1,70,000 students in 2007, today it is over three lakhs. If I look at the global rankings of universities, in America there are approximately 168 universities that have made it to the top 500, 40 each in U.K. and Germany. Even our neighbouring country, China has 18 universities. But in India there are only three universities which have got into the top 500 ranking. On one side we are losing billions of dollars because of these students going abroad and through our students our money is going abroad. I would like to know what we are doing to our existing universities so that they also come into world ranking and we do not lose the best talents of our country to the foreign countries but on the other hand we attract those students from their countries to our country. So, what are we doing to the existing universities?

Madam, secondly there is another question related to this only.

MADAM SPEAKER: Thank you, just one question only.

SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL : Madam, a lot of our youth cannot make it to these top universities. They need technical and polytechnic kind of education also, vocational training. Well, in our country there are only 6,700 polytechnics providing technical education whereas in a country like China there are five lakhs, out of which three-and-a-half lakhs are in the rural areas. Today, the rural areas do not have a good college, forget about having a polytechnic. Is the Government going to do anything to look towards providing the rural youth also?

SHRI KAPIL SIBAL: I just want to inform the hon. Member that I have known of many instances where our children do not get into the IITs but get into MIT. So, this tells you that our present IITs may not be in the first 200 but the quality of students that go into our IITs may be better than the quality of students who go into MIT…. (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप उन्हें पूरा जवाब देने दीजिए। मंत्री जी, आप बोलिये।

SHRI KAPIL SIBAL: The hon. Member has mentioned about world ranking. The world rankings are based on certain criteria. Two of the major criteria in world rankings are firstly the number of foreign faculty teaching in those institutions and secondly how many foreign students are being taught in those institutions. These are the major criteria. As you know, we have none of those. That is why we are not in the top 200. But, if you take those away, we will be in the top 200.

As far as the rural areas are concerned, yes, it is this Government that is in fact talking to the States. Some of our Central Universities are in rural areas. Koraput is one example. The hon. Member from Orissa will know that we have set it up in Koraput. A Central University in Tamil Nadu is in a rural area. It is this Government that is giving a great thrust for investment in the rural areas. … (*Interruptions*)

DR. RATNA DE : Entry of foreign educational institutions is welcome. But it should not scuttle the national academic institutions in our education sector. It should be ensured that it helps our education sector in getting vocational training and development of skill which would help Indian studies to know more about the global trend in the education sector. Has the hon. Minister set up a regulatory body in this regard to ensure that no second rate, poor quality or substandard foreign educational institutions are coming into the education sector in India?

SHRI KAPIL SIBAL: Two very important issues have been raised by the hon. Member; firstly, about vocational training. I would like to inform the hon. Member that the maximum investment that we are looking at is in the vocational areas, because in this country we lack para-medics, we lack para-legals, there are no air-conditioning engineers, there are no automobile engineers, there are no artisans, there are no people who are in the field of financial services at the lower end. Very little skill development experts are in this country. So, if you want to employ a workman in a particular area, he has no certification. A lot of the foreign investment is going to come into the vocational sector and the maximum will come. Hospitality services, tourism services are very important areas where there is no expertise in this country. The young people are looking for jobs. They do not want to become doctors or engineers. They want to embrace vocational training and get jobs and earn money for their families. We are in the process. We have so far denied them because we have never had a law in place. So, the hon. Member is absolutely right. We are going to set up a national vocational educational framework in this country within the next one year and we will have hundreds of skill development courses in the 10+2 sector so that children, when they pass out of Class 12, will actually be able to be employed. Please allow our youth these opportunities. Please do not oppose these opportunities for employment of our own kids. … (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, क्या यह मामूली सवाल है? हम माननीय प्रधानमंत्री जी से सवाल करना चाहते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी खुद प्रोफैसर रह चुके हैं। क्या हमारे यहां विद्वानों की कमी है...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये। श्री धर्मेन्द्र यादव जी का प्रश्न था जिस पर चर्चा हो चुकी है। अब आप बैठ जायें। We have moved..

श्री मुलायम सिंह यादव : देश में आईआईएम के लोग प्रोफैसर बनकर गये हैं, ये क्या कर रहे हैं?...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप बैठ जायें. श्री धर्मेन्द्र यादव जी का प्रश्न था जिस पर विस्तार से चर्चा हो गयी है। मुलायम सिंह जी, इतना नाराज़ नहीं होते हैं, अगर आप ऐसे नाराज़ होंगे तो सदन कैसे चलेगा?... (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing is going on record.

(Interruptions) ...[*]

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइये। आप पूछेंगे, वह बतायेंगे।

[*] Not recorded.

(Q. No. 242)

श्री जयंत चौधरी: अध्यक्ष महोदया, एक प्रगतिशील और सभ्य समाज की नींव शिक्षा के माध्यम से रखी जा सकती है। आज हमारे देश में यही सब से बड़ी चुनौती है कि गरीब परिवार के बच्चे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की खोज में जुटे हुये हैं।

उनका परिवार उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाने के अभियान में जुटा हुआ है, लेकिन वे वंचित रह जाते हैं। अनिवार्य और निशुल्क बाल शिक्षा अधिनियम उसी दिशा में मैं मानता हूं कि एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इस कानून के क्रियान्वयन के एक पहलू पर मैं माननीय मंत्री जी से स्पष्टीकरण चाहता हूं। भारतीय संविधान में हमारे देश की परम्पराओं और सामाजिक व्यवस्थाओं को पहचानते हुए, जातिगत आधार पर पीढ़ियों से जो शोषण होता रहा है, उसे समझते हुए, एससीएसटी और बैकवर्ड कम्यूनिटी के लोगों को विशेष दर्जा प्रदान किया गया है और आरक्षण दिया गया है। इस पहलू पर यह कानून शांत है। यहां तक कि इसमें एक विशेष श्रेणी बनायी है जो आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग की है। अच्छे कानूनों में लचीलेपन की आवश्यकता होती है। यदि कहीं न कहीं इसे परिभाषित करते तो इसके दुरूपयोग की जो छूट स्थानीय एजेंसियों और राज्य सरकारों को मिल रही है, वह नहीं मिल पाती। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि गैर सहायता प्राप्त संस्थानों में भी आप 25 प्रतिशत आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो उसके लिए क्या कोई वित्तीय सहायता आप उन संस्थानों को प्रदान करेंगे?

(श्री कपिल सिब्बल): इस कानून के अंतर्गत उन संस्थानों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गई है। हम अपने बच्चों पर जो खर्च करेंगे, उतना ही धन उन्हें भी दिया जाएगा। जहां तक एससीएसटी का सवाल है, इस एक्ट के तहत शिक्षा प्राप्त करना हर बच्चे का संवैधानिक हक है। इसलिए हमने सोचा कि सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार प्राप्त होगा तो इसमें आरक्षण का कोई इश्यू नहीं होगा, क्योंकि एससीएसटी के सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार होगा।

श्री जयंत चौधरी : अध्यक्ष महोदया, इस कानून के तहत वित्तीय संसाधनों की कमी को लेकर कुछ सवाल सामने आए हैं। राज्यों के मंत्रियों के साथ आपकी जो बैठक हुई, उसमें भी यह बात सामने आयी है। केन्द्र सरकार के मंत्रालय का अनुमान है कि 2,31,000 करोड़ रूपये का आउट-ले इसके लिए चाहिए और 2,7,000 करोड़ रूपये का भार प्रदेश सरकारों को वहन करना होगा। कमेटी या बोर्ड ने बताया है कि वर्ष 2009-10 के वर्ष में सर्वशिक्षा अभियान का 60-40 की शेयरिंग में भी अनुभव रहा है कि 14 प्रदेश ऐसे थे, जो कि डिफाल्टर थे। यहां तक कि जो पैसा दिया जाता है, कई प्रदेश वह भी खर्च नहीं कर पाते हैं। मैं इस संदर्भ में मंत्री जी से जानना चाहता हूं, जैसा कि कई प्रदेशों ने अपनी राय व्यक्त की है कि उनके पास

संसाधन नहीं है, विशेषकर बीमारू प्रदेशों की बात करें, जहां इसका क्रियान्वयन बहुत बड़ी चुनौती है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मैं मंत्री जी को सुझाव देना चाहता हूं कि आप ऐसा कोई नियम बना लें कि स्कूल में आप मूर्ति खड़ी कर सकते हैं, तो शायद प्रदेश सरकार में कुछ परिवर्तन सामने आए। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और बिहार राज्य में प्रदेश सरकार सामने नहीं आ रही हैं तो उनके लिए विशेष आर्थिक पैकेज या सहायता देने के लिए केन्द्र सरकार तैयार है?

श्री कपिल सिब्बल : महोदया, 2,31,000 करोड़ रूपये अगले पांच साल में इस योजना के तहत आरटीए को दिया जाएगा। सर्व शिक्षा अभियान के तहत केन्द्र और राज्यों का शेयर 55 और 45 प्रतिशत है। अगले साल वह 50 प्रतिशत हो जाता है। चूंकि हम सर्व शिक्षा अभियान को आटीए के साथ एलाइन कर रहे हैं, इसलिए इस व्यवस्था की गंभीरता को सोचते हुए, सरकार ने यह तय किया है कि शेयरिंग पैटर्न 65 और 35 होगा, 65 प्रतिशत केन्द्र और 35 प्रतिशत राज्य सरकार देगी। लेकिन यह 65 और 35 नहीं है, एक्चुअली यह 68 और 32 है। यह इसलिए है क्योंकि 24 हजार करोड़ रूपये वित्त आयोग ने अलग से दिया है। 2,7,000 करोड़ का शेयरिंग 65 और 35 है। मेरे हिसाब से कुल मिलाकर शेयरिंग पैटर्न 68 और 32 बनता है। यह हम सभी राज्यों पर लागू करेंगे। लेकिन यूपी और बिहार को स्पेशल पैकेज देना मुमकिन नहीं है। सभी राज्यों को इसी पैटर्न के हिसाब से धन दिया जाएगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप बैठ जाइए। रघुवंश बाबू को बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप अपना प्रश्न पूछिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदया, देश में छ: से 14 वर्ष तक के बच्चों की संख्या लगभग 22 करोड़ है, जो स्कूल में जाते हैं और एक करोड़ बच्चे स्कूल में नहीं जाते हैं। शहर में बड़े लोगों के बच्चे प्ले स्कूल में तीन वर्ष से जाना शुरु कर देते हैं। सरकार के कानून में शिक्षा के अधिकार का बड़ा ढिंढोरा पीटा जा रहा है और वह छ: से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए है। हमारा सवाल यह है कि जो तीन वर्ष-चार वर्ष, पांच वर्ष और छ: वर्ष तक के बच्चे हैं, जिनकी संख्या करीब आठ से दस करोड़ होगी, उनके लिए सरकार ने क्या व्यवस्था की है? उनका कोई ख्याल नहीं किया गया है, ये छ: के बाद राइट टू एजुकेशन शुरु कर रहे हैं, यह मेरा पहला सवाल है।...(व्यवधान) मेरा दूसरा सवाल है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप एक ही सवाल पूछिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदया, राइट टू एजुकेशन का प्रश्न है। 22 करोड़ लड़कों के लिए 55 लाख शिक्षक चाहिए और स्वीकृत पद 46 लाख हैं। इनमें नौ लाख लोगों ने ट्रेनिंग प्राप्त ही नहीं की, वे

शिक्षा देने के योग्य ही नहीं हैं। सात लाख पद खाली हैं, पांच लाख पदों की और जरूरत है। मतलब, 31 लाख शिक्षकों की कमी है तो कैसे राइट टू एजुकेशन होगा?...(व्यवधान) यह जो सवाल उठा है कि दो लाख 33 हजार करोड़ रुपए चाहिए, 15 हजार करोड़ सालाना बजट है और 46 हजार करोड़ चाहिए। 15x3=45, जितना बजट है, ये कहते हैं कि 13वें वित्त आयोग का पैसा 24 हजार करोड़ रुपया राज्यों को गया है, उसे भी हम मान लेते हैं। वह भी पांच हजार करोड़ सालाना हुआ। 15 से पांच, बीस हजार करोड़ के बाद भी 26 हजार करोड़ रुपया सालाना जो डेफिसिट है, ये कहां से पूरा करेंगे? उसके बाद अल्पसंख्यक विद्यालयों, गरीब, पिछड़े और दलित संगठनों ने इनके यहां रिप्रेजंट किया है। ये सारे सवाल हैं। राइट टू एजुकेशन केवल ज़ुबानी जमा खर्च है, जहां शिक्षक और स्कूल नहीं रहेगा तो उन सब का क्या होगा?...(व्यवधान)

SHRI KAPIL SIBAL: The hon. Member is right. We will look at the practical side of all these issues.… (*Interruptions*)

श्री शैलेन्द्र कुमार : अध्यक्ष महोदया, यह बड़ा गंभीर और महत्वपूर्ण सवाल है, इस पर सदन में चर्चा कराई जाए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप नोटिस दे दीजिए, हम इस पर चर्चा करा देंगे।

श्री सतपाल महाराज : अध्यक्ष महोदया, देश के अनेक प्रदेशों में विशेषकर उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-काश्मीर के सरकारी स्कूलों में प्राथमिक शिक्षा में जो बच्चे पढ़ते हैं, उनमें से कुछ बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं, जिन्हें ड्राप आउट्स कहते हैं, ऐसे बच्चों को रोकने के लिए सरकार के पास क्या योजना है? धन्यवाद।

श्री कपिल सिब्बल: यह बहुत गंभीर समस्या है और यह बात बिल्कुल सही है कि जब तक बच्चा पांचवी, छठी तक पहुंचता है तो वह ड्राप आउट कर जाता है। उसकी वजह क्या है, उसके बारे में गंभीर ख्याल किया जा रहा है। हम राइट टू एजुकेशन एक्ट के अंतर्गत सोच रहे हैं कि सभी बच्चों को स्कूल भेजना लाज़िमी है। इसीलिए हमने जो स्कूल मैनेजमेंट कमेटियां बनाई हैं, उनमें 75 प्रतिशत लोग लोकेलिटी के होंगे। जिस मां का बच्चा स्कूल जाता है, वह मैनेजमेंट कमेटी में होगी ताकि जो ऑनरशिप है, वह कम्युनिटी की हो और जब ऑनरशिप कम्युनिटी की होगी तो जिस बच्चे की पढ़ाई ठीक नहीं हो रही, वह खुद हमें बताएगी कि इस बच्चे की पढ़ाई ठीक नहीं हो रही है।

इस तरह से इस व्यवस्था को हम ठीक करना चाहते हैं। बिलकुल सही बात है। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि देश में ऐसी कितनी मां हैं, जो उस कमेटी की मैम्बर होंगी ?

श्री कपिल सिब्बल : अरे भाई, मां की बात नहीं, बाप की बात हो रही है।

MADAM SPEAKER: Please address the Chair.

… (*Interruptions*)

श्री कपिल सिब्बल : केवल मां की बात नहीं हो रही है, बल्कि बाप की भी बात हो रही है। ...(व्यवधान)

SHRI DUSHYANT SINGH :Madam, I would like to ask this, through you, from the hon. Minister. The hon. Minister has mentioned that the Government of India's stake is 68 per cent, and 32 per cent comes from the State Government. How is the Government going to assist the State Governments when they themselves have mentioned to you by writing letters that they do not have funds available with them? Apart from that, they cannot carry on with your 6-14 age group students going to school and helping them out. What is the Government going to do about it?

Is the Government fixing a norm for student-teacher ratio in far-off areas? As mentioned by a hon. Member earlier that you do not have teachers available to teach. How are you going to carry on with this project?

SHRI KAPIL SIBAL : Madam, the hon. Member has put many questions into one question. The first question that he has asked was as to what the Chief Ministers have written. Yes, several Chief Ministers have written that : "We need 100 per cent and we cannot contribute anything." Most of them have written that : "We need 90 per cent." Now, it is not possible for the Government of India to fund the entire RTE with 90 per cent contribution. So, you must take a practical view of this issue.

The Finance Minister, at several times, has said that : "The States on any given day have surpluses in their Budgets." There was a time when there were deficit States, but today most of the State Budgets have surpluses. So, I think that efforts should be made by the State Governments too. Please remember that this is

not a State-Centre issue. This is a National issue. You want your children to be educated and so does every parent. … (*Interruptions*) So, everybody will have to make an effort in this. If you say that : "No, the Central Government must give 100 per cent and that we are not going to make any effort", then it is not going to work. … (*Interruptions*) Therefore, it is clear that we have done the maximum possible. In fact, the Finance Minister has been exceptionally kind to give Rs. 2,31,000 crore for this. I am thankful to the Finance Minister. Now, the States must also contribute in this.

As far as the student-teacher ratio is concerned, the Act provides for a 30:1 ratio, that is, one teacher for 30 students and this will apply to rural areas as well. In fact, the Act provides that we will have a school -- where the population of children in the rural areas is dispersed -- and give transportation facility to the children for them to actually be able to go to that school, which will be borne by us. All these provisions are there in the Act itself.

As far as the teachers are concerned, this is a very big issue. We are asking the State Governments to recruit more teachers. Many States have started the process. I have to tell you that no matter what might be said in this hon. House, every State Education Minister has come to me and said that : "We accept; we are willing to collaborate with you; and we want to move forward with you."

(Q. No.243)

MADAM SPEAKER: Shri S. Alagiri -- not present.

Shri Ramashanker Rajbhar

श्री रमाशंकर राजभर : अध्यक्ष महोदया, मुझे प्रश्न पूछने के लिए समय देने हेतु मैं आपका आभारी हूं।

महोदया, प्रश्न के उत्तर में माननीय मंत्री जी ने बताया है कि पशुओं पर यदि क्रूरता होती है, तो उसे रोकने के लिए हमारे पास कानून हैं। जब से ट्रैक्टर आया है, तब से यदि गाय के बछिया पैदा होती है, तो उसकी सेवा होती है, लेकिन अगर बछड़ा पैदा होता है, तो यह सोचा जाता है कि उसे जल्दी निकालो, क्योंकि अब देश के कई भागों में किसान अपनी जमीन को बैलों से नहीं जोतते, इसलिए उसे निकालने की बात सोची जाती है। इसी प्रकार भैंस के अगर बच्चा हुआ और अगर पड़िया पैदा हो गई, तो भैंस बनाना है, इसलिए उसे पालो और बड़ी करो। अगर पड़ा पैदा हो गया, तो उसे मार कर उसकी खाल में भूसा भरा जा रहा है। भैंस को इंजैक्शन लगाकर उसके सामने मरे और भूसा भरे हुए पड़े को रख कर दूध निकाला जा रहा है। कुछ लोग उन्हें वैसे ही छोड़ देते हैं और वे पशु आवारा पशुओं के रूप में घूमते रहते हैं और उनके इधर-उधर भागने के कारण कई बार एक्सीडेंट्स होते रहते हैं, जिनमें लोगों की कई टांगें तक टूट जाती है। पशुओं पर जो इस तरह की क्रूरता हो रही है, उसके लिए आपके पास अधिनियम भी है। मैं माननीय मंत्री जी से केवल इतना ही जानना चाहता हूं कि पूरे देश में अभी तक कितने ऐसे कृत्य करने वालों पर कार्रवाई हुई?

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam Speaker, as the hon. Member has acknowledged, we have the Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960. We set up an Animal Welfare Board in 1962. … (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप उनका उत्तर सुनिये।

SHRI JAIRAM RAMESH: We have an elaborate legal network and an institutional network for implementing both the law as well as the rules that have been enacted under the law. Madam, there is the Animal Welfare Board of India, the State Prevention of Cruelty to Animals Authorities, and every district has also been asked to set up these institutional authorities. It is not humanly possible in our country for a Central Government alone to implement this Act and these rules.

It is only when we get the full cooperation of the States, when we get the full cooperation of the civic authorities that we will be able to implement this law.

As far as the specific question on the number of actions taken, the number of cases registered, Madam Speaker, I will have to get back to the hon. Member.

अध्यक्ष महोदया : दूसरा पूरक प्रश्न पूछिये।

श्री रमाशंकर राजभर : अध्यक्ष महोदया, पहले प्रश्न का जो उत्तर आया, इससे तो सदन अवगत हो ही गया। मैं आपके माध्यम से एक छोटा सा प्रश्न करना चाहता हूं कि क्या इस तरह के पशुओं का इलाज करने के लिए कोई डॉक्टर है? जो बड़े शहर हैं या गांव हैं, जहां पर आवारा पशु मानकर जो घूम रहे हैं और बीमार पड़कर जो कराह रहे हैं, माननीय मंत्री जी उन पशुओं के इलाज के लिए क्या कोई इन्तजाम करेंगे?

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam Speaker, through the Animal Welfare Board of India, there are 2,800 NGOs … (*Interruptions*) Madam Speaker, I cannot answer if I am going to be interrupted, however senior the Members are. This cross-talk is very, very distracting, Madam.

अध्यक्ष महोदया : आप सुन लीजिए। यह पशुओं पर क्रूरता का मामला है, बहुत संवेदनशील है। आप ध्यान से सुन लीजिए।

…(व्यवधान)

श्री दारा सिंह चौहान : माननीय सदस्य हिन्दी में उत्तर जानना चाह रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री जयराम रमेश: नहीं, वे यह नहीं कह रहे हैं, वे और कुछ कह रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : इस पर मुझे भी पूछने दीजिए। यह हमारे क्षेत्र का मामला है।...(व्यवधान)

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam Speaker, the Animal Welfare Board of India has registered 2,800 NGOs on its books out of which something like 1700 are *Goshalas*. These are run by various institutions and the purpose of these *Goshalas* which are all across the country is precisely to take care of migrant, roaming, unacknowledged animals which you see on the streets. The purpose of these *Goshalas* is to provide a home largely, of course, to cattle. There are animals which are migrant animals which are also part of the *Goshala* network. So, to the Animal Welfare Board of India, every year, we provide about Rs. 13 crore by way

of Plan and non-Plan support through the Ministry of Environment and Forests, and it is through these NGOs, this network of 2,800 NGOs and 1700 *Goshalas* that the problem of stray animals particularly cattle is being adhered to.

I entirely accept the fact that in spite of all these, there are still visible cases of cruelty, and as I mentioned to you, Madam Speaker, we have the laws, and we have to ensure the implementation of these laws. There are organized cases of cruelty, and I want to mention here that in many States, for example, bull-fighting is an accepted cultural practice. On the 4th of December, 2009, this very House debated a Private Members' Resolution on allowing bull-fighting in the State of Goa, and I rejected that demand from the Private Member.

Similarly, the Tamil Nadu Government has the *jallikattu* cultural practice. Now, my Ministry has gone to the Supreme Court and has asked for a ban on this practice of *jallikattu*. The Tamil Nadu Legislative Assembly has passed guidelines to regulate this practice.

So, I think, Madam Speaker, it is not just a question of my Ministry or the Animal Welfare Board assuming responsibility. Unless the State Governments also play their role, we are going to continue to see cruelty to animals.

SHRI N.S.V. CHITTHAN : As the hon. Minister has stated just now, in Tamil Nadu, bull-fighting is commonly called as *jallikattu* and it is being celebrated every year during the festival of harvest. Thousands of youth with strength and valour participate in the game of heroism and deed. From time immemorial, it is being celebrated throughout Tamil Nadu. Madam, it cannot be treated as cruelty to animals. May I ask the hon. Minister, through you, whether the Government will take appropriate steps to continue this practice in Tamil Nadu? If there is a will, there is a way.

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam Speaker, my position on this, I would like to make it absolutely clear. Not every cultural practice is sustainable; not every cultural practice should be continued with in the modern day era, and *jallikattu* happens to be one of the practices of cruelty to animals… (*Interruptions*)

SHRI N.S.V. CHITTHAN : It cannot be treated as cruelty to animals.

SHRI JAIRAM RAMESH: It has also seen the death of human beings and that is why the Animal Welfare Board moved the Supreme Court in 2007 to ban *jallikattu*. Now, in response to this, the Tamil Nadu Legislative Assembly passed regulations. I do not believe that regulations are the answer. The bull-fighting in Spain – Spain is associated with bull-fighting – the Catalonia Province of Spain has banned bull-fighting, and I see no reason why Tamil Nadu cannot ban *jallikattu*.

SHRIMATI MANEKA GANDHI : Actually, I have hundreds of questions, but I will stick to two really important points.

The Prevention of Cruelty to Animals Act was made in 1960, and the importance of this Act was recognized by Pandit Jawaharlal Nehru. It has been the only Private Members' Bill ever accepted by the Government. The House made a fine, which was a very, very serious fine for animal cruelty. In those days, when my father earned Rs. 1,200 as a Colonel in the Army, the fine for a single act of cruelty was Rs. 50. Today Rs. 50 is meaningless, but it has not been revised from 1960 till now. I would request you to change the Prevention of Cruelty to Animals Act, amend it to make it modern. It is the only Act in the country in which every single day, there are about 1,000 to 2,000 cases, but every single person caught for cruelty, it is the only Act which they plead guilty because if they say 'not guilty', the case goes on for ever; if they plead 'guilty', they pay Rs. 50 and they are out. So, we have the same offenders every night.

My colleague talked about cows being taken for slaughter every night. Every single night, I have caught between four to five trucks somewhere in India. In every case, they have got away with Rs. 50. So, I would like to know whether

your Government would bring in amendments to the Act to make the fines or the punishments more severe.

The second thing is animal sacrifice is an organized crime. It is done in many, many villages; it is now nearing Dussehra and it becomes really impossible, especially with the Army also involved and doing it all over the place. Could you please let us know whether you intend to ban animal sacrifice? It is banned in six States. Why can it not be banned all over India?

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam Speaker, the hon. Member is right, I am well aware of the historic importance of the Prevention of Cruelty to Animals Act of 1960, which is the contribution of Rukmini Devi Arundale to the legislation of our country. I am also conscious of the fact that the hon. Member is the Chairman of the Committee on Assurances. So, I should be very careful when I say anything lest she construe it as an assurance. But I do want to say to the hon. Member that the amendment to the Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960 is very much on our agenda. We would like to come forward with actually a comprehensive Animal Welfare Act, not just a Prevention of Cruelty to Animals Act, with steep penalties because the penalties today, under the 1960 legislation, is very, very laughable.

If this is construed as an assurance, this is an assurance and we will come forward with this legislation.

As far as the second question is concerned, the hon. Member is right that a number of States have, in fact, banned animal sacrifices in religious places. This is a sensitive issue. I would like to proceed with this with some caution because this is an issue that affects a large number of States. All I can say, at this stage, is that we will, from the Ministry of Environment and Forests, on behalf of the Animal Welfare Board, certainly send an advisory to all the States to emulate the States which have already banned animal sacrifices. This much I can assure the hon. Member.

श्री लालू प्रसाद : महोदया, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं और आप गवाह हैं कि एशिया का सबसे बड़े पशु मेला सोनपुर में...(व्यवधान)

श्रीमती मेनका गांधी : वह सबसे बड़ा इललीगल मेला है।...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : वहां एशिया का सबसे बड़ा मेला लगता है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : लालू प्रसाद दी, आप जल्दी प्रश्न पूछिए क्योंकि समय कम है और मंत्री जी को उत्तर भी देना है।

...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : मेनका जी ने जवाब दे दिया है कि वह इललीगल मेला है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : फिर आप क्या पूछ रहे हैं? आप प्रश्न जल्दी पूछ लीजिए।

...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : वह देश का सबसे बड़ा मेला है। गंगा स्नान के अवसर पर देश के हर कोने से लोग हाथी, घोड़े, सूगा, गाय, भैंस आदि लेकर आते हैं और खरीद-बिक्री करते हैं।...(व्यवधान) ऊंट भी आते हैं।...(व्यवधान) महोदया, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि एनीमल क्रुएलिटी के मामले में कल्याण बोर्ड किस शासन में बना है?...(व्यवधान)

डॉ. मुरली मनोहर जोशी : क्या उसमें गधा भी आता है?...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : गधा, घोड़ा आता है या नहीं...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप जल्दी से प्रश्न पूछिए।

...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : मैं जानना चाहता हूं कि उसे बनाने वाले कौन लोग थे और वह किनके इंस्टांस से बना? हम हरियाणा, पंजाब से गाय ले जाते हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : बहुत धन्यवाद।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आपने प्रश्न पूछ लिया है।

...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : रास्ते में क्रुएलिटी के नाम पर सारे पशुओं को छीन लिया जाता है। यह देश के बड़े तबके के पेट पर लात मारी गई है। मुझे बताया गया है कि कर्नाटक की बीजेपी सरकार ने खसीं काटने पर भी रोक लगा दी है, बकरा काटने पर भी रोक लगा दी है। इस देश में क्या हो रहा है? इसलिए आप इस

कल्याण बोर्ड को रिव्यू कीजिए और बताइए। ...(व्यवधान) देश में सर्कस चलाने वाले लोग बेकार हो गए हैं। देश में सारे लोग बेकार पड़े हुए हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आपकी बात हो गई है। अब आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद : जिन्हें पशुओं से कुछ लेना-देना नहीं है, वे गाय, भैंस पर रोक लगाकर बड़े हमदर्द बने हुए हैं।...(व्यवधान)

यह है वह लापरवाही का मामला जो मैंने आपके सामने रखा है, जिस चार्जशीट के आधार पर उन्होंने कहा कि यह हादसा हुआ। इसीलिए मैंने कहा, यह मामला सामान्य दुर्घटना का नहीं है, यह मामला केवल एक्सीडेंट का नहीं है, यह मामला सामूहिक हत्या का मामला है। आप इंग्लिश लॉ को जानते हैं, this is a case of corporate man slaughter. केवल यही बात उस अमेरिकन कंपनी को समझ में आएगी, सामूहिक हत्या उसको समझ में नहीं आएगी। This is a case of corporate man slaughter. जहां केवल आर्थिक लाभ उठाने के लिए, पैसे बचाने के लिए हिन्दुस्तान की जान को सस्ता समझते हुए यह हादसा होने दिया गया। यह हादसा हुआ नहीं, यह हादसा करवाया गया, लापरवाही के कारण करवाया गया। यह मेरा पहला आरोप है।

महोदय, उसके बाद शुरू होती है एक ऐसी दास्तान जिसे सुनकर आपके रोंगटे ख़ड़े हो जाएंगे। हजारों की संख्या में लोग मरे, जब लोग अपने रिश्तेदारों को दफनाने से, उनका दाह संस्कार करने से फुरसत पाए, तो शुरू हुई कानूनी लड़ाई। अनेक संगठन बने गैस पीड़ितों के, उन्होंने अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग अदालतों में मुकदमे डाले, केसेज दर्ज हुए। जबलपुर, भोपाल, दिल्ली में केस डाले गए। तरह-तरह के केसेज अलग-अलग जगह पर चलने लगे, तो भारत सरकार को लगा कि इतने केसेज ये लोग अलग-अलग व्यक्तिगत तौर पर लड़ें, यह सही नहीं होगा। बेहतर होगा कि हम एक एक्ट बनाकर लड़ाई के सारे अधिकार खुद ले लें और इन सभी की तरफ से हम लड़ें। इस सोच के साथ एक एक्ट पारित हुआ- भोपाल गैस लीक डिजास्टर प्रोशेसिंग ऑफ क्लेम्स एक्ट, 1985। इस एक्ट को संसद ने सर्वसम्मति से पारित किया और सारे अधिकार केन्द्र सरकार ने ले लिए। इस एक्ट की धारा -3 कहती है : "The Central Government shall and shall have…" आप विधिवेत्ता हैं, जानते हैं कि जब किसी चीज पर एम्फेसाइज करना होता है, तो दसे दुबारा कहा जाता है।

> "The Central Government shall and shall have the exclusive right to represent and act in place of whether within or outside India every person who has made or is entitled to make a claim for all purposes connected with such claim in the same manner and to the same effect as such person."

यानी केन्द्र सरकार ने कहा कि सारे अधिकार हमें दे दो, कोई व्यक्ति नहीं लड़ सकता, हम यह लड़ाई लड़ेंगे, उस हर व्यक्ति की तरफ से जिसने कहीं भी मुकदमा डाल रखा है। लोगों को लगा कि इससे बड़ी सोच नहीं हो सकती, इससे बड़ी मदद भारत सरकार नहीं कर सकती है। अकेला आदमी एक बहुराष्ट्रीय कंपनी से कैसे लड़ेगा, उनके पास इतना पैसा, इतना बड़ा अमला, इतना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर है। लेकिन अगर भारत सरकार हमारी ओर से लड़ेगी, तो भारत सरकार के आगे वह बहुराष्ट्रीय कंपनी छोटी पड़ जाएगी। भारत सरकार के हाथ इतने लंबे हैं कि वह हम सभी की ओर से उस कंपनी को दबोच लेगी और हमें न्याय दिलाएगी। भोपाल के गैस पीड़ितों ने भरोसा किया।

गैस पीड़ितों ने अंत का विश्वास करके यह बिल पारित करवा दिया। पूरी संसद ने सर्वसम्मति से उन गैस पीड़ितों से लेकर सारे अधिकार भारत सरकार को दे दिये। लेकिन उसके बाद जो घटा है, उसे मैं आपको बताऊंगी तो आप हैरान रह जाएंगे। चार साल के बाद 1985 मे यह एक्ट आया। वर्ष 1989 में उस भारत सरकार ने जिस पर गैस पीड़ितों ने भरोसा किया था, जो दावा उन्होंने डाला था, वह दावा 1113 (19860, उस दावे में उन्होंने तीन बिलियन डॉलर यानी 3900 करोड़ रुपये के मुआवजे का दावा किया था। 1989 में भारत सरकार ने यूनियन कॉरबाइड कॉरपोरेशन से एक सुलहनामा किया, आउट ऑफ दि कोर्ट सैटिलमेंट किया। कोर्ट के अंदर मैरिट पर फैसला नहीं हुआ और आउट ऑफ दि कोर्ट भारत सरकार ने और यूनियन कॉरबाइड ऑफ इंडिया लिमिटेड के लोगों ने बैठकर एक सुलहनामा तय किया और 615 करोड़ रुपये में उनकी सारी देनदारियां खत्म कर दीं, उनकी सारी जिम्मेदारियां खत्म कर दीं। आप हैरान होंगे। मेरा खून खौलता है जिस समय मैं इस समझौते को पढ़ती हूं। 14 फरवरी को यह समझौता हुआ। 15 फरवरी को ऑर्डर हुआ और उसके बाद एक टर्म ऑफ सैटिलमेंट बनीं। वे टर्म ऑफ सैटिलमेंट क्या हैं? वे अंग्रेजी में हैं, इसलिए पहले मैं अंग्रेजी में पढ़कर बताती हूं और बाद में उसका हिन्दी शब्दार्थ बताऊंगी।

> "This settlement shall finally dispose of all past, present and future claims, causes of action, civil and criminal proceedings of any nature whatsoever wherever pending by all Indian citizens and of public and private entities with respect to the past present and future dates, personal injuries, health effects, compensation, losses, damages and civil and criminal complaints of any nature whatsoever against the Union Carbide Corporation…."

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Who was the Prime Minister at that time?… (*Interruptions*) Shri V.P.Singh was the Prime Minister… (*Interruptions*)

श्रीमती सुषमा स्वराज : अरे, मत बोलिए। पोल खुल जाएगी।...(व्यवधान) 14 फरवरी 1989 को प्रधान मंत्री कौन था, मुझे यह बताने की जरुरत नहीं है, नारायण स्वामी जी। क्यों ऐसे सवाल पूछ रहे हैं जिसमें खुद फंस जाएंगे।...(व्यवधान) सुनिए।

> "Union Carbide India Limited, Union Carbide Eastern and all of their subsidiaries and affiliates as well as each of their present and former Directors, officers, employees, agents, representatives, attorneys, advocates and solicitors arising out of, relating to or connected with the claims, causes of action and proceedings against each other. All such claims and causes of action whether within or outside India, all Indian citizens public or private entities are hereby extinguished including, without limitation, each of the claims filed or to be filed under the Bhopal Gas Leak Disaster registration and processing of claims 1985 and all such civil proceedings in India are hereby transferred to this court and are dismissed without prejudice and all such criminal proceedings including contempt proceedings stands quashed and accused deemed to be acquitted upon full payment and in accordance with the court's direction. The undertaking given by UCC pursuant to the order dated 30th November, 1986 in the district court of Bhopal stands discharged and all orders passed in suit no. 113 of 1986 and or any revision therefrom also stands discharged."

उपाध्यक्ष महोदय, यह समझौता अंग्रेजी में था, इसलिए अंग्रेजी वालों को तो समझ में आ गया होगा। लेकिन मैं हिन्दी का शब्दार्थ इस सदन के माध्यम से देश को बताना चाहती हूं कि इसका क्या अर्थ है। इसका अर्थ यह है कि 615 करोड़ रुपये भारतीय सरकार को देकर यूनियन कार्बाइड के लोगों ने गैस पीड़ितों से कहा - ये पकड़ो 615 करोड़ और गायब हो जाओ। खबरदार अगर कल से दीखे, किसी कोर्ट, कचहरी, अदालत में मत दीखना। आज से हमारी भूत, भविष्य और वर्तमान की सारी देनदारियां खत्म, आज से हमारे खिलाफ चल रहे दीवानी और फौजदारी के सारे मुकदमे खारिज। आज से हम स्वतंत्र हैं। अब हमारे किसी भी वर्तमान या भावी कर्मचारी या अधिकारी के खिलाफ तुम कोई मुकदमा नहीं डाल सकते, तुम उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते, क्योंकि तुम्हारे रहनुमाओं के साथ हमारा समझौता हो गया है।

उपाध्यक्ष जी, 615 करोड़ रुपये के दो ड्राफ्ट, जिनमें एक 420 मिलियम अमरीका डालर का और दूसरा 68 करोड़ भारतीय रुपये के दो ड्राफ्ट मेज पर पटकते हुए हमारी न्यायिक प्रक्रिया की खिल्ली उड़ाते हुए, अपनी ताकत पर इठलाते हुए और गैस पीड़ितों को ठेंगा दिखाते हुए यूनियन कार्बाइड के लोग बाहर निकल गये। बाहर गैस पीड़ित संगठन खड़े थे। गैस पीड़ित संगठनों ने नारे लगाने शुरू किये। मृतकों के परिजनों ने आंसू बहाने शुरू किए तो भारत सरकार के कुछ लोगों ने बाहर निकलकर समझाना शुरू किया, अरे अच्छा हुआ इतना मिल गया, पता नहीं आपको यह भी मिलता कि नहीं मिलता। जब वे लोग उन्हें यह समझा रहे थे तो उस समय मुझे एक शायर का शेर याद आ रहा था, जो मेरे मुंह से निकल रहा था -

"तू इधर उधर की न बात कर, यह बता कि कारवां क्यों लुटा,
हमें रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।"

हम उनसे क्या शिकायत करें, वे तो व्यापारी थे, व्यापार करने और कमाने आये थे, वे हमें पैसा क्यों देते। लेकिन जिसे रहबर बनाया था, 1985 के एक्ट के तहत अपने हाथ काटकर जिसे सारे अधिकार दिये थे, जिसे अपना रहनुमा बनाकर बैठाया था, जिस पर विश्वास किया था, उस रहबर ने क्या किया। उस रहबर ने 3900 करोड़ का दावा 615 करोड़ में दीवानी और फौजदारी सारी देनदारियों से मुक्त करके उन्हें बरी कर दिया। शायद कुछ लोगों को यहां यह लगता हो कि 1989 में 615 करोड़ रुपये उस समय बहुत रहे होंगे। आप ऐसा क्यों कह रही हैं, यह तो बड़ा अमाउंट था, लेकिन मैं बताना चाहती हूं कि यह बड़ा अमाउंट नहीं था। क्योंकि 615 करोड़ रुपये कितने लोगों में बंटने थे, यह आप जानते हैं। वहां 10 लाख लोगों का क्लेम था और साढ़े पांच लाख लोगों में यह 615 करोड़ रुपये बंटे। क्या आना था - दो-दो हजार, तीन-तीन हजार या पांच-पांच हजार रुपये। यह बात मैं नहीं कह रही हूं कि कितने क्लेम्स थे और कितने लोगों में यह पैसा बंटा।

उपाध्यक्ष महोदय, इसी सत्र में एक सवाल पूछा गया था। उस सवाल का जवाब 29 जुलाई को दिया गया। उस प्रश्न का नम्बर 70 था। सरकार से सवाल पूछा गया था कि कितने दावे थे, कितने लोगों का मुआवजा बंटा, यह आपकी सरकार का जवाब है।

"A total of 10,29,517 claim cases were filed and the Office of the Welfare Commissioner, after adjudication, awarded compensation in 5,74,376 cases."

5,74,376 लोगों के दावे वैध पाये गये। हो सकता है कि उनमें से बहुत से वैध दावे रह गये हों। लेकिन जिन्हें कल्याण आयुक्त, वैलफेयर कमिश्नर, भोपाल ने वैध पाया, उन दावों की संख्या 5,74,376 है।

आप बताइये कि उनके लिए 615 करोड़ रुपये क्या थे। इसके बाद मुझे और दुख हुआ, जब मैंने उनसे पूछा तो किसी ने कहा 25-25 हजार की दो किस्तें मृतकों को मिली।

कुछ लोगों को पांच हजार रुपया मिला, कुछ लोगों को दस हजार रुपया मिला क्योंकि 615 करोड़ रुपये में आप क्या बांटेंगे? रुपया कोई रबड़ तो नहीं है कि जिसे आप खींच लेंगे। मैं अब उसके बाद की बात करूंगी। वहां तो सरकार ने जो किया सो किया लेकिन जब बावेला मचा, सीजीएम का नया ऑर्डर आया, दुबारा से यह मामला चर्चा में आया, पत्र-पत्रिकाओं में इसके खिलाफ लिखा जाने लगा, टी.वी. पर कार्यक्रम आने लगे तो वर्तमान सरकार ने मंत्रियों का एक समूह बनाया। वर्तमान सरकार के जीओएम ने तय किया कि जो मृतक हैं, हम उन्हें दस लाख रुपया देंगे माइनस जितना उन्हें मिल चुका है। जो टोटली डिसेबल्ड हैं, उन्हें राशि देंगे। ऐसा करके उन्होंने एक निर्णय किया। उपाध्यक्ष महोदय, मुझे आपको बताते हुये दुख हो रहा है कि जिस सवाल में सरकार ने पहले पृष्ठ पर यह कहा कि 5,74,376 दावे वैध थे, उसी सवाल में एक अनुलग्नक, एक अनैक्सर लगाया क्योंकि उस सवाल का एक भाग यह भी था कि जीओएम बना है, उसकी सिफारिशें क्या हैं और उसने क्या तय किया ? सरकार ने जीओएम की सिफारिशें उसी सवाल संख्या 70 में लिखी हैं जिन्हें मैं पढ़कर सुनाती हूं -

> "Compensation to the following categories of claims of victims and the families may be enhanced as under: Death – 5,295; permanent disability – 3,199; cancer cases about 2,000; total renal failure about 1,000; temporary disability – 33,672."

मैंने इस आंकड़े को जोड़ा है जो 45,166 बनता है। मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि आप उस जीओएम में थे। सवाल के भाग-एक में आप कहते हैं कि गैस प्रभावित लोगों के 5,74,376 दावे वैध पाये गये और जब आपका जीओएम बैठता है तो वह 45,166 लोगों के लिये व्यवस्था करता है। अगर आप यह राशि 45,166 लोगों के लिये दे रहे हैं तो फिर वह राशि 5,74,376 लोगों में बंटेगी, फिर उनका वही हाल होगा कि किसी को हजार रुपया मिलेगा, किसी को दो हजार रुपया मिलेगा या किसी को तीन हजार रुपया मिलेगा। सरकार ने 5295 व्यक्ति डैड माने हैं लेकिन 15, 342 लोग मृत हैं। यह वैलफेयर कमिश्नर ने माना है। आप कहेंगे कि हमने आंकड़ा तो भोपाल से लिया है। जो 5,295 लोग हैं, वे तुरंत मर गये लेकिन जो अगले 2-3 दिनों में मर गये, जो लोग पैर पटकते-पटकते पांच दिन में मर गये, दस दिन में मर गये, सालभर में मर गये लेकिन उसी गैस के कारण मरे जिस गैस ने उन्हें प्रभावित कर दिया था। क्या आप उन्हें मृत लोगों की श्रेणी में नहीं मानेंगे? मेरे पास भोपाल का आंकड़ा है जहां उन्होंने कहा है - "15,342 people were found dead." यहां भी 22 हजार मरे हुये लोगों के दावे आये थे लेकिन 15,342 लोगों

को उन्होंने मृत पाया। मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि आज 25 वर्ष के बाद जब आप प्रावधान करने लगे हैं, अगर एक जीओएम बनाया है, आप वापस इस मामले को खोल रहे हैं तो कम से कम 5,74,376 तमाम लोगों के लिए प्रावधान करने का काम करें जिनके दावे वैध पाये गये हैं। जो दस लाख रुपये देने की बात है, वह कम से कम 5,295 से उठाकर 15,342 लोगों की बात करें जिन्हें वैलफेयर कमिश्नर ने मृत पाया है। यह मत करिये कि उस दिन कौन मरा था या 6 महीने बाद कौन मरा था या एक साल के बाद कौन मरा था। अगर मृत्यु का कारण भोपाल गैस त्रासदी है तो आप उसके लिये व्यवस्था करे, यह मेरी मांग है।

उपाध्यक्ष जी, अब मैं एक बात और कहना चाहती हूं। भारत सरकार यह पैसा अपनी तरफ से दे रही है। जीओएम में जो लिखा गया है कि एनहैंस्ड कम्पनसेशन भारत सरकार अपनी तरफ से दे रही है। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या भारत सरकार पैसा उगाती है?

मैं पूछना चाहती हूं क्या भारत सरकार पैसा उगाती है? क्या भारत सरकार के यहां पेड़ लगे हुए हैं, जहां पैसा लटकता है? भारत सरकार का पैसा भारत के करदाताओं का पैसा है। भारत सरकार का पैसा इंडियन टैक्स पैयर्स का पैसा है। इसलिए मैं आपसे जानना चाहती हूं कि भारतीय मरें और भारतीय ही मुआवज़ा भरें और फिरंगी मौज करें, यह कहां का न्याय है? होना तो यह चाहिए कि यह पैसा हम उनके हलक से निकालकर लाएं। लेकिन आप यह नहीं कर रहे हैं, आप उन्हें वापस छूट दे रहे हैं, आप यह कह रहे हैं कि यह पैसा हम अपने खजाने से देंगे। लेकिन यह खजाना आपका कहां है? यह खजाना भारतीय जनता का है, भारत के लोगों का है। आप उन फिरंगीयों को क्यों नहीं पकड़ते हैं, जो दोषी हैं, जो अपराधी हैं, जो अपराध करके चले गए, जिन्हें आपने 615 करोड़ रूपये में बरी कर दिया, उनका बाकी भुगतान आप करना चाह रहे हैं, लेकिन आप उनसे नहीं लेना चाह रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको बताना चाहती हूं कि उनके अपने यहां क्या स्थिति है? गृह मंत्री को भी यह मालूम होगा। यह अप्रैल का केस है, अमरीका में गल्फ ऑफ मैक्सिको में एक घटना घटी, जिसमें ऑयल स्पिल हुआ। उसमें 11 लोग मरे और बाद में दो लोग मरे, यानी कुल 13 लोग मरे। अमरीकी प्रशासन ने ब्रिटिश पेट्रोलियम को बुलाकर कहा कि 90 हजार करोड़ रूपये मुआवजे के लिए एक तरफ रख दीजिए, क्योंकि इससे हमारा पर्यावरण खराब हुआ है। इन 11 लोगों को तो देंगे ही, हम अपना पर्यावरण भी सुरक्षित करेंगे। 90 हजार करोड़ रूपये जिस ब्रिटिश पेट्रोलियम कंपनी से एक तरफ रखवाया है, उसी अमरीका की कंपनी को आप 615 करोड़ रूपये लेकर छोड़ देते हैं।...(व्यवधान) आप कहेंगे कि हम यह कैसे करें? मैं आपको रास्ता बताती हूं कि कैसे करें? गैस पीड़ित संगठनों ने आपके उस समझौते के बाद भी लड़ाई नहीं छोड़ी है। उन्होंने एक केस यूनाईटेड स्टेट्स में डाल रखा है, जो कि न्यूयार्क के साउथ कोर्ट में चल रहा है। वह केस पर्यावरण पर है। उनके यहां तो तेल छलका, हमारे यहां भोपाल की यह हालत हो गई, हमारे

भोपाल के माननीय सांसद आपको बताएंगे। इस फैक्ट्री के पांच स्कवैयर किलोमीटर में पीने का पानी जहरीला हो गया है, न वहां ट्यूबवैल खुद सकता है, न हैण्डपम्प लग सकता है। वहां पानी नहीं आ सकता है। वहां का पानी जहरीला है, जिसे कोई नहीं पी सकता है। पानी के जहरीले होने के कारण आस-पास की जमीन बिकनी बंद हो गई है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि 90 हजार करोड़ रूपये का जो मुकदमा अमेरिका ने डाला है, उसमें एक कारण यह बताया गया है कि हमारे टूरिस्ट कॉम्पलैक्सिज़ की बुकिंग कैंसिल करनी पड़ी, यानी उनके सैलानियों का सैर-सपाटा बंद हो जाए, इसके लिए 90 हजार करोड़ रूपये का मुआवजा मिलना चाहिए। उनके सैलानी सैर-सपाटे को नहीं आ सके। इसलिए 90 हजार करोड़ रूपये का मुआवजा मांगते हैं और हमारे यहां 15 हजार लोग मर गए, लाखों-लाख लोग घायल हो गए, लोगों की जिंदगियां बर्बाद हो गईं और हम यहां 615 करोड़ रूपये में छोड़ दें। यह मुकदमा वहां चल रहा है। पांच स्कवैयर किलोमीटर में पानी जहरीला है।

उपाध्यक्ष महोदय, केवल इतना ही नहीं है, हमारी तीसरी पीढ़ी अपाहिज़ हो रही है। मेरे पास प्रैस की कटिंग और एक पत्र है। हमारी एक कार्यकर्ता डॉ. फिरोज़ा बानो ने यह पत्र लिखा है और प्रैस की कटिंग के साथ भेजी है, जिसका शीर्षक है- गैस त्रासदी का दंश तीसरी पीढ़ी भुगत रही, अली ने गंवायी किडनी। यह दस वर्ष का बच्चा है। जिसमें लिखा है सिंदी कालोनी निवासी ए.यू. खान और उनका परिवार 2 दिसम्बर, 1984 को यूनियन कार्बाइड से निकली गैस की चपेट में आया था। बच्चे के दादा ने बताया कि बच्चे की दोनों किडनियां खराब हो गई हैं। लेकिन बीएमएचआरसी अस्पताल में इलाज का कोई इंतजाम नहीं है। जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे इस बच्चे को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दस लाख रूपये का एस्टीमेट दिया गया है।

इसमें दस लाख रुपए का एस्टीमेट दिया गया है, लेकिन सरकार ने मुआवजे की केवल 25 हजार रुपए की राशि दी है। 615 करोड़ रुपए में से मात्र 25 हजार इस बच्चे को दिए गए, जिसके इलाज पर दस लाख रुपए खर्च होने हैं। इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि हमारी तीसरी पीढ़ी दंश भुगत रही है। दस वर्ष के बच्चे की दोनों किडनी खराब हो गईं, पांच स्कवेयर किलोमीटर में पानी जहरीला हो गया है। जो केस युनाइटेड स्टेट्स कोर्ट में पड़ा है, उसमें आप पार्टी बनिए और ब्रिटिश पैट्रोलियम के केस का तर्क देते हुए अमेरिकन कम्पनी को जिसने खरीद लिया है, उस दाऊ केमिकल से हजारों-हजार करोड़ का मुआवजा लेकर आएं, जिससे पर्यावरण भी बचाएं और उन गैस पीड़ितों को मुआवजे की और राशि भी दी जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं इस केस के जो दंड के प्रावधान हैं, उन पर आती हूं। कानूनी लड़ाई दो तरह की थी - एक मुआवजे की और दूसरी दंड की थी कि दोषी लोगों को दंड दिया जाए। सीबीआई ने जो

चार्जशीट फाइल की, उसमें पहला अभियुक्त वारन एंडरसन, युनियन कार्बाइड कार्पोरेशन का चेयरमैन है। चार्जशीट फाइल करने के बाद एफआईआर में इनका पहला नाम था। वारन एंडरसन भारत आए और भोपाल भी गए। शाम को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन गिरफ्तार करने के चंद घंटे के बाद रिहा कर दिया गया। उन्हें केवल रिहा ही नहीं किया गया, बल्कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सरकारी विमान में बैठा कर दिल्ली लाया गया और फिर दिल्ली से अमेरिका वापस भेज दिया गया।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इनसे पूछना चाहती हूं कि यह काम किस के निर्देश पर किया गया था? पूरा देश इसका जवाब मांग रहा है कि यह काम किस के निर्देश पर किया गया था? सब मौन हैं, कांग्रेस की अध्यक्षा मौन हैं प्रधान मंत्री जी मौन हैं और तत्कालीन मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री जी भी मौन हैं। इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि " हादसा वह था नहीं, जो घट गया, हादसा यह है कि सब चुपचाप हैं।" मैं पूछना चाहती हूं कि यह निर्णय किस के निर्देश पर किया गया था? जीओएम ने दबी जुबान से कहा कि तत्कालीन प्रधान मंत्री जी को उसकी खबर एंडरसन के जाने के बाद मिली। इस असत्य का पर्दाफाश हिन्दू अखबार ने किया। मेरे पास हिन्दू अखबार की दो कतरनें हैं। मेरे पास 26 जून, 2010 का अखबार है, जब आपने यह बोला कि तत्कालीन प्रधान मंत्री जी को उनके जाने के बाद खबर मिली थी। इस विषय में हिन्दू अखबार में लिखा है -

> "As our front page story notes, the Group of Minister's conclusion that "contemporary media reports also indicate that the Prime Minister was briefed on the matter after Mr. Anderson left the country" is factually incorrect.
>
> Assuming that G.K. Reddy's reports in *The Hindu* (especially the front page story of December 8, 1984) are part of the contemporary media reports:" referred to by the GoM, its conclusion is either a careless misreading of the reports, or, more likely, a clumsy attempt at a cover-up."

हिन्दू अखबार कह रहा है कि आप जो बात कह रहे हैं, या तो आपने उनकी रिपोर्ट्स को जानबूझ कर सही से पढ़ा नहीं और या इसे कवरअप करने की, लीपापोती करने की कोशिश है। वह रिपोर्ट उन्होंने उस दिन दोबारा लिखी, 8 दिसम्बर, 1984 की वह रिपोर्ट, जो जी.के. रेड्डी ने हिन्दू में दी थी, उस रिपोर्ट को उन्होंने जस का तस 26 जून के अखबार में दोबारा छाप दिया। उसे मैं पढ़ कर बताती हूं, उसमें जी.के. रेड्डी ने लिखा था -

"The American Charge d'Affairs, Mr. Gordon Creeb called on the Foreign Secretary Mr. M.K. Rasgotra, to voice the US Government's concern over Mr. Anderson's arrest despite the assurances of safe passage given by the Government of India."

इस रिपोर्ट को क्या मैं दुबारा पढ़ूं ? अमेरिकन चार्ज-डी-अफेयर्स गॉर्डन स्ट्रीब ने आकर श्री एम.के. रसगोत्रा के पास इस बात की शिकायत की थी कि भारत सरकार द्वारा यह आश्वासन दिए जाने के बाद कि एंडरसन को सेफ पैसेज दे दिया जाएगा, भोपाल में गिरफ्तार क्यों किया गया? इंडियन गवर्नमेंट किसे कहते हैं? बताइए नारायणसामी जी। प्रधान मंत्री कौन थे, यह भी आपको पता है। ...(व्यवधान)

श्री वी.नारायणसामी: उपाध्यक्ष महोदय, मेहरबानी कर के सुनिए। ...(व्यवधान) Mr. Deputy Speaker, Sir, newspaper reports will not form part of the proceedings of this House. Several rulings have been given in this House and the hon. Leader of the Opposition also knows it. She is quoting from newspaper reports which cannot be admitted in Parliament. … (*Interruptions*)

श्रीमती सुषमा स्वराज : उपाध्यक्ष महोदय, नारायणसामी जी, मैं यह कह रही हूं कि जी.ओ.एम. ने कंटंप्रेरी मीडिया रिपोर्ट्स का ही जिक्र किया था। यह अलग कैसे है? ...(व्यवधान)

SHRI V. NARAYANASAMY: You are quoting from The Hindu. There are several rulings that newspaper reports cannot be quoted in this House by any Member. … (*Interruptions*)

श्रीमती सुषमा स्वराज : उपाध्यक्ष महोदय, 26 साल पहले की मीडिया रिपोर्ट है। नारायणसामी जी, 26 साल पहले की मीडिया रिपोर्ट्स का जिक्र करते हुए, उसकी ओट लेते हुए जी.ओ.एम. कहता है कि अगर उस समय तत्कालीन प्रधान मंत्री को पता होता, तो कम से कम मीडिया रिपोर्ट तो करता। कंटम्प्रेरी मीडिया रिपोर्ट भी यह कहती है कि उस समय के प्रधान मंत्री को बाद में खबर दी गई। इसलिए कंटम्प्रेरी मीडिया रिपोर्ट निकाल कर हिन्दू ने यह कहा कि आपने हमारी रिपोर्ट को जानबूझ कर गलत पढ़ा है या लीपा-पोती कर रहे हैं और उन्होंने 26 जून, 2010 को, अपनी 8 दिसम्बर, 1984 की खबर छापी। मैं वह पढ़कर सुना रही हूं, जो उस समय 8 दिसम्बर को लिखा गया था। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष जी लोग कहते हैं कि एंडरसन को भगा दिया गया। मैं कहना चाहती हूं कि यह 'भगाई' का मामला नहीं है, बल्कि 'विदाई' का मामला है और शाही विदाई का मामला है। लेकिन इसके साथ-साथ इस संदर्भ में सी.बी.आई. की कार्य-शैली पर भी प्रश्न-चिह्न लगता है। मैं यहां गृह मंत्री जी से पूछना चाहती

हूं कि एक कुख्यात आतंकवादी, घोर अपराधी, सोहराबुद्दीन के मामले में तो सी.बी.आई. एक राज्य के गृह मंत्री को जेल में डालने का काम करती है, लेकिन 15 हजार लोगों के हत्यारे एंडरसन को देश से भगाने का काम करती है। ...(व्यवधान) क्या यह दोहरा मापदंड नहीं है?

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शान्त रहें। माननीय सुषमा जी के अतिरिक्त अन्य किसी भी माननीय सदस्य की बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी।

श्रीमती सुषमा स्वराज : उपाध्यक्ष जी, मैं कोई गढ़कर नहीं कह रही हूं। सरकारी आंकड़े कहते हैं कि सोराबुद्दीन 'टाडा' कन्विक्ट था, जिसके घर से 28 ए.के.47 और 2 ए.के. 56 मिलीं। उसके घर के पीछे कुआं बना था, जिसमें हथियारों का जमावड़ा था। ...(व्यवधान)

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, we are not discussing Mr. Amit Shah's case here. He is in jail now. He was the Home Minister of Gujarat, but he is in jail now. We are not discussing his case here now. … (*Interruptions*)

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : निरुपम जी, बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं बता रही हूं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : रिकार्ड पर सिर्फ सुषमा जी की बात जायेगी, बाकी किसी की नहीं जाएगी।

(Interruptions) ...[*]

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप लोग बैठ जाओ। आप लोग चुप रहो। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया बैठ जाइये। शान्ति बनाये रखिये।

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया बैठ जाइये। निरुपम जी, बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): उपाध्यक्ष जी, मैं कतई विषयान्तर नहीं करूंगी। मैं अपने विषय की सीमा जानती हूं। उस विषय की परिधि में रहकर के बात करूंगी। हमने सी.बी.आई. के राजनैतिक दुरुपयोग पर अलग से चर्चा मांगी हुई है। हम ये सारे उदाहरण तब देंगे। मैं केवल एक तुलना कर रही हूं कि एक तरफ

[*] Not recorded.

एक राज्य के गृह मंत्री को आप जेल में डालते हैं और दूसरी तरफ आप एंडरसन को भगाते हैं, जो 15,000 लोगों का हत्यारा है। दूसरी तुलना मैं यह कर रही हूं कि...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : प्लीज़, बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : और दूसरी तुलना मैं यह करना चाहती हूं कि एक तरफ एक व्यक्ति, जिसके घर में हथियारों का जमावड़ा, एक जखीरा मिलता है, जो टाडा का कन्विक्ट है, उसकी मौत के केस को तो सी.बी.आई. इतनी प्राथमिकता देती है कि एक-एक दिन के लिए अगर सम्मन की तामील न हो तो टी.वी. पर चलवाती है, लेकिन दूसरी तरफ एंडरसन के लिए 27 मार्च, 1992 को वारंट निकले, 22 जुलाई, 2009 को वारंट निकले, लेकिन आज तक सी.बी.आई. उन वारण्टों को तामील नहीं करा सकी है। इसके लिए मैं इस विषय को लाई हूं। मैं एकदम प्रासंगिक बोल रही हूं। मैं तुलना कर रही हूं। हमारे पास ऐसे सैंकड़ों उदाहरण हैं। वे उदाहरण हम देंगे, जब सी.बी.आई. की कार्यशैली पर चर्चा करेंगे तो हम वे उदाहरण देंगे। आज मैं उस चर्चा में भाग नहीं ले रही हूं, लेकिन...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शान्त रहें। कृपया बैठिये।

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया बैठ जाइये। इनकी कोई भी बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

(Interruptions) ...[*]

श्रीमती सुषमा स्वराज : लेकिन मेरा यह कहना है कि सी.बी.आई. अपने आकाओं के निर्देश पर काम कर रही थी और इसीलिए उसको गिरफ्तार करने के बाद उसने उसको रिहा भी किया, भगा भी दिया और एक बार नहीं, सारे फिरंगी भगाये जाते हैं, चाहे क्वात्रोची हो या एंडरसन, कोई यहां नहीं रहता। आज ही अखबार में है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : बैठिये-बैठिये।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : आज ही अखबार में है कि सी.बी.आई. ने कहा कि क्वात्रोची के केस की फाइलें हटा दी जायें, और केस बन्द कर दिया जाये।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शान्त रहिये।

---

[*] Not recorded.

13.00 hrs.

उपाध्यक्ष महोदय : आपको मौका मिलेगा, तब आप अपनी बात कहिएगा।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : उपाध्यक्ष जी, आज ही समाचार पत्र में छपा है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : आज ही समाचार पत्र में छपा है कि क्वात्रोची का केस बंद करने के लिए सीबीआई ने अर्जी दी है। मैं पूछना चाहती हूं कि कांग्रेस की सरकार को फिरंगियों से इतना मोह क्यों है? ...(व्यवधान) क्वात्रोची और एंडरसन, एंडरसन को भगा दो, क्वात्रोची को भगा दो और बाद में कहो कि हम उनको प्रोड्यूस नहीं कर सकते। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया शांत रहें।

...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : केवल सुषमा जी की बात रिकार्ड में जाएगी।

(Interruptions) ...[*]

श्रीमती सुषमा स्वराज : और बाद में कहो कि हम उनको कोर्ट में प्रोड्यूस नहीं कर सकते, इसलिए उन पर चार्ज नहीं लगा और केस बंद करवा दिया। ...(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहती हूं कि वह घटना वर्ष 1984 की है। एंडरसन को बुलाने के लिए पहली बार लेटर **रोगेटरी म**ई, 2003 में भेजा गया। ...(व्यवधान) तब एनडीए की सरकार थी। यह मैं खुद नहीं कह रही हूं। ...(व्यवधान) गृह मंत्री जी, यह जवाब भी इसी सदन में दिया गया। इसी सदन में जो जवाब दिया, उसको मैं पढ़कर आपको बता रही हूं। प्रश्न संख्या 54 - जिसमें पूछा गया था, यह 28 जुलाई का है, 28 जुलाई को एक्स्ट्राडीशन आफ वारेन एंडरसन पर जवाब दिया गया। जवाब में उन्होंने कहा :

> "In May 2003, it was decided to forward the request for the extradition of Warren Anderson on the basis of the available evidence."

For the first time मई, 2003 में वारेन एंडरसन के एक्स्ट्राडीशन के लिए रिक्वैस्ट लेटर भेजा गया। ...(व्यवधान) उसके बाद वर्ष 2004 में हम चले गए। तब से लेकर आज तक सीबीआई ने उसके

[*] Not recorded.

प्रत्यर्पण के लिए क्या किया? मैं यह पूछना चाहती हूं। यह केवल वारेन एंडरसन का मामला नहीं है। महोदय यह दासतां बहुत बेवफाइयों से भरी हुयी है। मैंने जिस समझौते का जिक्र किया ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप उनको अपनी बात समाप्त करने दीजिए। भोजन का समय हो गया है।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : वर्ष 1989 के जिस समझौते का जिक्र मैंने किया था, उस समझौते को भी गैस पीड़ित संगठनों ने चुनौती दी। उन्होंने कहा कि हम इसको स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमको इसमें न्याय नहीं मिला, पर यह सच था। उन्हें न्याय नहीं मिला, लेकिन कुछ न्यायाधीशों को जरूर न्याय मिल गया। उस समझौते का आर्डर पास करने वाले एक जज को इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस में नियुक्ति मिल गयी थी। एक जज को कई आयोगों का अध्यक्ष बनाते-बनाते राज्य सभा भी मिल गयी थी। बहुत लोगों को बहुत कुछ मिल गया था, अगर ठगे गए तो केवल गैस पीड़ित ठगे गए थे। लेकिन उन लोगों ने जब समझौते को चुनौती दी तो वर्ष 1991 में उन्हें आधा न्याय मिला। वर्ष 1991 में एक आर्डर पास करके जस्टिस वेंकटचलैय्या जी ने, यह भी पांच लोगों का कांस्टीच्यूशन बेंच था, लेकिन जजमेंट वेंकटचलैय्या जी का था, उन्होंने कहा कि जो दीवानी मामला मुवाअजे का है, उसको हम नहीं खत्म करेंगे, लेकिन जो क्रिमिनल प्रोसीडिंग्स हमने क्वैश कर दी हैं, उनको हम खत्म करेंगे और हम चाहेंगे कि आप अगर फौजदारी मुकदमा चलाना चाहो, तो चला सकते हैं। उस आर्डर की चार लाइनें पढ़कर मैं आपको सुनाना चाहती हूं।

> "The contention that the Court had no jurisdiction to quash the criminal proceedings in exercise of power under Article 142 (1) is rejected. But, in the particular facts and circumstances, it is held that the quashing of the criminal proceedings was not justified. The criminal proceedings are, accordingly directed to be proceeded with."

उन्हें आधा न्याय मिला। वे खुश हुए और उन्होंने फौजदारी मुकदमे दुबारा डाले। सभी अदालतों में चल रहे फौजदारी मुकदमे वापिस शुरू हो गए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : वे जो फौजदारी मुकदमे शुरू हुए, लोग खुश हुए। उन्होंने कहा, हम दिवानी लड़ाई अमरीका की कोर्ट में लड़ रहे हैं, भारतीय कोर्टों में कम से कम फौजदारी मुकदमे जीतेंगे। लेकिन उसके

बाद 1996 में फिर एक धोखा हुआ, फिर एक बेवफाई हुई। जो मुकदमे आईपीसी की धारा 304 (II) के नीचे चल रहे थे, जिसमें दस साल की सजा का प्रावधान था, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अहमदी ने 304 (II) से घटाकर 304 (ए) में कर दिए जिसमें केवल दो साल की सजा का प्रावधान था। उन्होंने क्या कहा, उसे मैं पढ़कर बताना चाहती हूं।

It says:

> "It is held that on the material laid by the prosecution, appropriate charges which are required to be framed against the accused concerned are under Section 304 (A) of the IPC. In the result of the appeals filed by the accused, charges framed against them under Section 304 Part II are quashed and set aside."

जस्टिस अहमदी को बीएमएचआरसी की लाइफ लॉग ट्रस्टिशिप मिली। दस साल की सजा का प्रावधान लेने वाली धारा हटाकर दो साल की सजा के प्रावधान में बदल दी गई। यह दूसरा धोखा था, दूसरी बेवफाई थी। जैसे मैंने आपसे कहा कि यह दास्तान इतनी लम्बी है कि इसमें किस-किसने क्या खेल खेला है, वह मैं आपको बता नहीं सकती। लेकिन खेल अभी खत्म नहीं हुआ।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप पूरा मत बताइए।

...(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : लोग जो कहते हैं कि सीजीएम ने दो साल की सजा दी। बड़े-बड़े अखबारों ने लिखा - "Justice is blind. After 25 years, only two years' punishment."

सीजीएम क्या करता? उसके हाथ बंधे थे। इस फैसले की नींव जस्टिस अहमदी ने उसी दिन डाल दी थी जिस दिन वह धारा बदलकर दो साल की सजा के प्रावधान में कर दी गई थी। सीजीएम दो साल से ज्यादा की सजा नहीं दे सकता था। उसने अधिकतम सजा सुना दी। लेकिन उसके बाद क्या हुआ। एक जीओएम यहां बना, एक जीओएम मध्य प्रदेश में बना। यहां इन्होंने तय किया कि हम एक क्यूरेटिव पिटीशन डालेंगे। मध्य प्रदेश सरकार ने तय किया कि हम डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, भोपाल में एक पिटीशन डालेंगे। लेकिन मुझे दुख है कि मध्य प्रदेश सरकार जब डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, भोपाल में पार्टी बनने गई, तो सीबीआई ने कहा कि आपको कोई लोकस ही नहीं है, मध्य प्रदेश सरकार पार्टी बन ही नहीं सकती। मुझे दुख है कि चीफ मिनिस्टर ने प्रधान मंत्री जी को चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर हम पार्टी बन जाएंगे तो सीबीआई का क्या नुकसान होगा। सीबीआई के हाथ मजबूत ही होंगे। हम दोनों मिलकर गैस पीड़ितों की लड़ाई लड़ेंगे। जब तक यह सच नहीं है कि सीबीआई दोषियों को सजा नहीं दिलवाना चाहती, तब तक मध्य प्रदेश सरकार

को पार्टी बनने से क्यों मना कर रही है। मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि चीफ मिनिस्टर ने प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखा है और कहा है कि हमें पार्टी बनने दीजिए, लेकिन सीबीआई इंकार क्यों कर रही है, क्यों उनके लोकस को मना कर रही है? अगर मध्य प्रदेश सरकार वहां पार्टी बनेगी, तो केस मजबूत होगा। मैं कह रही हूं कि यहां से एक प्रस्ताव पारित होकर हम 1989 का समझौता रद्द करें जिसे मैं नियम 184 के तहत लाना चाहती थी। मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि आपके जीओएम ने क्यूरेटिव पिटीशन डालने का तय किया है। अगर संसद वह प्रस्ताव पारित करेगी तो आपका केस बलवती होगा, आपके हाथ मजबूत होंगे कि भारतीय संसद ने एक साथ मिलकर उस समझौते को निरस्त कर दिया जिस समझौते ने गैस पीड़ितों के साथ धोखा किया। क्या ऐसा पहले कभी हुआ नहीं? सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों को यहां विधेयक पारित कर-करके निरस्त किया गया। यह तो आर्डर भी नहीं है, यह तो आउट ऑफ कोर्ट सैटलमैंट है और आउट ऑफ कोर्ट सैटलमैंट को आर्डर बनाकर दिया गया।

आप क्यों मना करते हैं? अगर यह प्रस्ताव संसद पारित करेगी, तो क्यूरेटिव पेटीशन को बल मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश कहेंगे कि भारतीय संसद जो पूरे जन-मानस का प्रतिनिधित्व करती है, उसने इस समझौते को रिजैक्ट कर दिया, तो हम इसे क्यों बनाये रखें?

उपाध्यक्ष जी, इसके साथ एक और प्रश्न है, जो बहुत बड़ा है। वह यह है कि इस फैक्टरी में आज भी 20 हजार मीट्रिक टन रसायन बचा हुआ है। उस कचरे का विनाश कैसे किया जाये, उसे नष्ट कैसे किया जाये, यह एक बड़ा यक्ष प्रश्न बना हुआ है। फैक्टरी वाले कहते हैं कि इसे प्रीतमपुर ले जाओ। प्रीतमपुर इंदौर के पास धार का एक इंडस्ट्रियल स्टेट है। वहां इस कचरे को ले जाकर नष्ट कर दो। वहां ले जाकर नाश करने का मतलब है कि एक और हादसे की नींव रखना। मैं पूछना चाहती हूं कि जब एमआईसी आयात करके अमेरिका से आती थी और जब यह रसायन भोपाल से बंद टैंकरों में प्रीतमपुर ले जाया जा सकता है, तो यह रसायन बंद टैंकरों में अमेरिका वापिस क्यों नहीं भेजा जा सकता? ...(व्यवधान) उनके यहां बड़े-बड़े अच्छे इनसिनरेटर्स हैं। हमारे यहां वे उपकरण नहीं हैं। उनके यहां हजारों-हजार, लाखों-लाखों मीट्रिक टन का नाश किया जाता है। हमारे यहां अगर थोड़ा सा रसायन भी नष्ट होने से पहले एक और विनाश कर गया, तो एक और भोपाल घट जायेगा। इस पूरे कचरे के नाश के लिए हमें इसे वापिस अमेरिका भेजना चाहिए।

उपाध्यक्ष जी, मैं आपसे कहना चाहती हूं कि पहली बार है कि मेरे बोलते समय घंटी बजी। मैं तो घंटियां खड़का-खड़का कर इन्हें सुनाना चाह रही थी, क्योंकि धीरे-धीरे लोगों की आत्मा जाग रही है। मैं अभिनंदन करती हूं कि जीओएम ने जो सिफारिशें की हैं, उन सिफारिशों से यह लगा है कि वर्तमान सरकार की आत्मा जाग रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कल एक केस में यह कहा, जिस अभियुक्त को दो साल की सजा

मिली, वह जब सुप्रीम कोर्ट में सजा कम करवाने गया, तो सुप्रीम कोर्ट में एक न्यायाधीश ने कहा कि अब आप और 25 वर्ष लगाना चाहते हैं। 25 वर्ष बाद तो यह फैसला हुआ है। अब 15 साल हाई कोर्ट में लगेंगे और 10 साल यहां लगेंगे। लगता है कि सुप्रीम कोर्ट की भी आत्मा जाग रही है। मैं चाहती हूं, आज इस सदन से मांग करती हूं, हाथ जोड़कर करबद्ध प्रार्थना करती हूं कि सारा हाउस राजनीतिक दल की सीमाओं को लांघते हुए आज यह प्रस्ताव पारित करे कि वर्ष 1989 का समझौता रद्द किया जाये और एक नया समझौता किया जाये। जिस समझौते के माध्यम से गैस पीड़ितों को उचित मुआवजा मिले, दोषियों को पर्याप्त दंड मिले। इस कचरे को वापिस अमेरिका भेजा जाये।

गृह मंत्री जी, मैं आपसे दरख्वास्त करना चाहती हूं कि जो मुकदमा अमेरिका के न्यूयार्क के साउथ कोर्ट में चल रहा है, उसमें भारत सरकार पार्टी बने। मध्य प्रदेश सरकार को भी पार्टी बनने दे और हजारों-हजार, करोड़ो रुपये की मुआवजे की राशि, वे लोग जो हमारी न्यायिक प्रक्रिया की खिल्ली उड़ाते हुए गये हैं, जो हमें ठेंगा दिखाते हुए गये हैं, उन्हें ब्रिटिश पेट्रोलियम का केस सामने दिखाकर उनका नया अवतार जो डाऊ केमिकल है, उससे हजारों-हजार करोड़ों रुपये का मुआवजा आप अमेरिका से लेकर आइये। दोषियों को पर्याप्त दंड दिलाइये और यहां एक नये न्याय की नींव रखिये।

उपाध्यक्ष महोदय : सुषमा जी, अगर सदन की सहमति हो, तो क्या लंच ब्रेक को कैंसिल करके इस चर्चा को जारी रखा जाये?

श्रीमती सुषमा स्वराज: यह बहस बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए आप इसे बीच में मत रोकिये। आप इस चर्चा को जारी रखिये। ...(व्यवधान)

SHRI V. NARAYANASAMY: Let the House be adjourned for one hour for lunch.... (*Interruptions*) It seems there is no consensus on this. Let the House decide.

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): उपाध्यक्ष महोदय, आप यह चर्चा जारी रखिये। ...(व्यवधान)

श्री शरद यादव (मधेपुरा): उपाध्यक्ष महोदय, आप बहस जारी रखिये। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : जैसी आप लोगों की अनुमति होगी, वैसा ही होगा।

...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : उपाध्यक्ष महोदय, आप बहस चलने दीजिए। ...(व्यवधान)

श्री मनीष तिवारी (लुधियाना): उपाध्यक्ष जी, 25 साल बीत गए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष जी, हाउस को ऑर्डर में कीजिए। जो लोग चर्चा चलाना चाहते हैं, वे लोग उठकर जा रहे हैं। इनको भूख लग रही है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : तिवारी जी, आप अपनी बात रखिए।

...(व्यवधान)

SHRI T.R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): I already requested you that the House may be adjourned for some time. … (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : इन लोगों ने आपकी बात सुनी है, अब आप उनकी बात सुन लीजिए।

श्री मनीष तिवारी : महोदय, 25 साल बाद भी भोपाल की वह दुर्घटना रूह को झंझोर कर रख देती है और सिर्फ एक ही आवाज निकलती है कि मुल्क का, कौम को इतना भी न मयार गिरे कि सुर्खियां देखते हाथ से अखबार गिरे। आज 25 साल बाद, मैं नेता प्रतिपक्ष की व्यक्तिगत तौर पर बहुत इज्जत करता हूं।...(व्यवधान) आप लोग कृपया इंटरप्ट मत कीजिए, हमने उनकी बात को बहुत ध्यान से सुना है। मुझे आज यह उम्मीद नहीं थी कि इतने गंभीर मसले पर, इतने संवेदनशील मसले पर उन बेगुनाहों की लाशों पर इस सदन में राजनीतिक रोटियां सेंकी जाएंगी।...(व्यवधान) मैं अपनी चर्चा इस आपत्ति से शुरू करना चाहता हूं।...(व्यवधान) 25 years down the road there are various aspects to this issue. … (*Interruptions*)

श्रीमती विजया चक्रवर्ती : आप क्या बात कर रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री मनीष तिवारी : आप लोग थोड़ा धीरज रखिए। ...(व्यवधान) जब नेता प्रतिपक्ष बोल रही थीं, तो हम सुन रहे थे। कृपा करके बैठिए, सुनिए की आदत डालिए।...(व्यवधान) थोड़ा धीरज रखिए।...(व्यवधान)

13.18 hrs.

(Dr. Raghuvansh Prasad Singh *in the Chair*)

Yashwantji, you are a senior Member of the House; kindly control your people. 25 years down the road, there are various aspects to this issue. There is rescue, there is relief, there is rehabilitation, there is remediation, there is compensation and there is punishment. I entirely agree with you.

Since the Leader of the Opposition has concentrated extensively on the legal aspects of this issue, I would also confine my intervention only to the legal aspects of the issue and leave it to my colleagues, who will speak after me, to deal with the other aspects. I am going to base my presentation only on the basis of Acts passed by this House and judgments of the Supreme Court. Some of them have been read by the Leader of the Opposition, and I would like to read them in my own way. We owe it to those innocent deaths, we owe it to a generation which has come of age, to a child who was born in 1985.

सन् 1985 में जो बच्चा पैदा हुआ था, आज उसकी उम्र 25 वर्ष है। We owe it to that generation that the truths about these events should be told in the manner that it requires to be. I will base my submission on eight questions. First of all –Why did we or did this House pass the Bhopal Relief Act which the hon. Leader of the Opposition referred to. Second - Was the litigation pursued in the United States of America or not? Third –How was the figure of 470 million dollars arrived at? Fourth – Was Warren Andersen assured a safe passage? Fifth –Why was he bailed out? Sixth –Why was he allowed to leave Bhopal and India? Seventh –Why was the extradition pursued in the manner that it was? Eighth - why was the criminal charge mitigated and where does the legal matters which were referred to stand as of today? I will divide my submission into these parts and I will answer each of these questions.

Mr. Vice-Chairman, Sir, the first question which arises is that why did the Government of India, why did this House enact the Bhopal Leak Disaster (Processing of Claims) Act, 1985 and why did they frame the accompanying scheme. The hon. Leader of the Opposition is absolutely correct when she says that there were multiple claims which were being filed in different courts around the country. The Government in its wisdom at that point in time felt that it would be appropriate to consolidate all those claims and, I think, that the Statement of Objects and Reasons of the Bill which was enacted into law unanimously by this House or by this Parliament speaks eloquently of the reasons as to why the

Government decided to pursue that course of action. I would just read out one paragraph of that Statement of Objects and Reasons :

> "Government has been anxious to ensure that the interests of victims of the disaster are fully protected and that the claims for compensation or damages for loss of life or personal injuries or in respect of other matters arising out of or connected with the disaster are processed speedily, effectively, equitably to the best advantage of all the claimants.
>
> The legal position has been examined carefully with reference to the laws in the United States of America and in our country. In the light of the examination it was felt that special provision should be made for processing the claims. Accordingly, the President promulgated on the 20th day of February, 1985 the Bhopal Gas Leak Disaster (Processing of Claims) Ordinance to confer powers on the Central Government to represent the claimants and take all necessary steps for the processing of the claims. The Ordinance also provides for the appointment of a Commissioner for the welfare of victims."

बहुत ही बुनियादी प्रश्न खड़ा होता है कि यह वेलफेयर कमिश्नर कौन था! यह एक हाई कोर्ट रैंक का जज था। सरकार ने उस समय इस कानून को पारित किया, अपने हाथ में अधिकार लिए और एक हाई कोर्ट रैंक के जज को वेलफेयर कमिश्नर बनाकर भोपाल भेजा। दूसरा प्रश्न यह पैदा होता है, was the litigation not pursued in the United States of America? … (*Interruptions*) I wish the hon. Leader of the Opposition should have been here to hear the answer. The litigation was pursued. … (*Interruptions*) My apologies. … (*Interruptions*)

श्री यशवंत सिन्हा (हजारीबाग): जब आपके मंत्री जी जा रहे थे, तब आपने उन्हें क्यों नहीं रोका?...(व्यवधान)

श्री मनीष तिवारी : मंत्री जी बैठे हैं, जिन्हें जवाब देना है। उससे पहले मेरी बात सुन लीजिए।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपा करके आसन ग्रहण करें। अगर कुछ कहना है तो एक माननीय सदस्य अपनी बात कह सकते हैं।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपया करके आप लोग अपना आसन ग्रहण कीजिए। जिसे बोलना हो, एक आदमी आपमें से बोल सकता है ...(व्यवधान)

श्री हरिन पाठक (अहमदाबाद पूर्व): सभापति जी, एक भी मिनिस्टर यहां मौजूद नहीं है। इतनी गंभीर चर्चा यहां चल रही है, गृह मंत्रालय से न तो एमओएस हैं न गृहमंत्री जी हैं, इस चर्चा का क्या मतलब है?

SHRI MANISH TEWARI : Mr. Chairman, Sir, the second question which arises is whether the Government of India pursued the litigation in the United States of America. क्या भारत सरकार ने वह मुकदमा अमरीका की अदालतों में लड़ा और उसका जवाब है हां और उसका प्रमाण मैं आपके सामने रखता हूं - सुप्रीम कोर्ट की एक जजमेंट। I will base myself only on the public record in the form of Supreme Court judgements or the proceedings of this House and it tells a very eloquent story. This is a case *1990(1) Supreme Court Cases 613*. The judgement is delivered by the Constitution Bench. It upheld the Bhopal Claims Act which I just referred to.

I will just read two paragraphs of this judgement which will demolish the claim of the Opposition that the matter was not pursued in the United States of America. I quote :

> "It has been stated that within a week after the disaster, many American lawyers, described by some as 'ambulance chasers', whose fees were stated to be based on a percentage of the contingency of obtaining damages or not, flew over to Bhopal and obtained powers of attorney to bring actions against UCC and UCIL. Some suits were also filed before the District Court of Bhopal by individual claimants against UCC (the American Company) and the UCIL.
>
> On or about February 6, 1985, all the suits in various U.S. District Courts were consolidated by the Judicial Panel on Multi-District Litigation and assigned to U.S. District Court, Southern District of New York. Judge Keenan was at all material times the presiding judge there.

> On March 29, 1985, the Act in question was passed. The Act was passed to secure that the claims arising out of or connected with the Bhopal gas leak disaster were dealt with speedily, effectively and equitably. On April 8, 1985 by virtue of the Act, the Union of India filed a complaint before the U.S. District Court, Southern District of New York."

भारत सरकार ने अधिकृत तौर पर अमरीका की अदालत में अपना मुकदमा दायर किया। It further reads:

> "On April 16, 1985 at the first pre-trial conference in the consolidated action transferred and assigned to the U.S. District Court, Southern District, New York, Judge Keenan gave the following directions. "

मैं उन डायरेक्शन्स में जाना नहीं चाहता, मैं आठवां पैरा पढ़ता हूं और इस पाइंट को समाप्त करता हूं। It goes on to read:

> "On May 12, 1986 an order was passed by Judge Keenan allowing the application of UCC on *forum non conveniens* as indicated hereinafter. On May 21, 1986 there was a motion for fairness hearing on behalf of the private plaintiffs. ….. By an order dated May 28, 1986 Judge Keenan declined the motion for a fairness hearing. The request for fairness hearing was rejected at the instance of Union of India in view of the meagerness of the amount of proposed settlement.
>
> On July 10, 1986, UCC filed an appeal before the U.S. Court of Appeal for the Second Circuit. It challenged Union of India being entitled to American mode of discovery, but did not challenge the other two conditions imposed by Judge Keenan, it is stated. On July 28, 1986 the Union of India field a cross-appeal before the U.S. Court of Appeal praying that none of the conditions imposed by Judge Keenan should be disturbed. In this connection it would be pertinent to set out the conditions incorporated in the order of Judge Keenan dated May 12, 1986 whereby he had dismissed the case before him on the ground of *forum non conveniens*, as mentioned before. The conditions were the following."

इसका सार यह निकलता है कि भारत सरकार अपना मुकदमा लेकर अमरीका की अदालत में गई थी और अमरीका की अदालत के न्यायधीश ने पाया कि यह मुकदमा हिंदुस्तान की अदालत में चलना चाहिए, इसलिए यह कहना गलत है कि...(व्यवधान)

श्रीमती विजया चक्रवर्ती : क्या आप अमरीका के स्पोर्ट में बोल रहे हैं?...(व्यवधान)

श्री मनीष तिवारी : आप बैठ जाएं, यह बात आपको समझ नहीं आएगी। यह कहना सरासर गलत है कि भारत सरकार अमरीका की अदालत में मुकदमा ले कर नहीं गई। ...(व्यवधान) Yes, this is the way the judicial process works, that is, somebody wins and somebody loses. … (*Interruptions*) Mr. Kirti, this is not sports. … (*Interruptions*)

SHRI KIRTI AZAD (DARBHANGA): Please do not think that only you are intelligent and nobody else is intelligent. … (*Interruptions*)

श्री मनीष तिवारी : नेता प्रतिपक्ष ने संस्थाओं पर भी हमला किया है। आलोचना करना अलग बात है और हमला करना अलग बात है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट शायद सोया हुआ था। मैं आपको बताना चाहता हूं कि how and why did this figure of $ 470 million come about. Was it an out of court settlement, as is being alleged by the Leader of Opposition (LoP) or was it a court interceded settlement for reasons, which are most eloquently described by the court itself in its judgement?

I will just read out two paragraphs of this judgement since the LoP had also referred to it. इन्होंने कुछ न्यायधीशों का जिक्र किया। पांच जजों की यह खंडपीठ थी। श्री आर.एस. पाठक चीफ जस्टिस थे। उसके बाद श्री ई.एस. वैंकटरमैया थे। श्री रंगनाथ मिश्रा उसके बाद चीफ जस्टिस बने और श्री वैंकटचलैया, जिन्हें इनकी सरकार ने संविधान रिव्यु कमीशन का चेयरमैन बनाया था, वे भी उसी बैंच में बैठे थे। Justice M. N. Venkatachaliah was a part of the same Bench, which delivered this judgement. Let me just read out some of the relevant paragraphs as to how and why the court arrived at this conclusion, which is being described by the LoP as an out of the court settlement.

The paragraph 7 of the judgement states that :

> "The basic consideration motivating the conclusion of the settlement was the compelling need for urgent relief…" … (*Interruptions*)

SHRI KIRTI AZAD : It was a settlement and not an order.… (*Interruptions*)

SHRI MANISH TEWARI: Yes, I will come to it. The LoP, I will come to it. … (*Interruptions*)

It further states that :

> "The suffering of the victims has been intense and unrelieved. Thousands of persons who pursued their own occupations for a humble and honest living have been rendered destitute by this ghastly disaster. Even after four years of litigation, basic questions of the fundamentals of the law as to liability of the Union Carbide Corporation and the quantum of damages are yet being debated. These, of course, are important issues, which need to be decided. But, when thousands of innocent citizens were in near destitute conditions, without adequate substantial needs of food and medicine and with every coming morrow haunted by the specter of death and continued agony, it would be heartless abstention, if the possibilities of immediate sources of relief were not explored. Considerations of excellence and niceties of legal principles were greatly overshadowed by the pressing problems of very survival for a large number of victims..."

What impelled the Supreme Court to move was the suffering of the people that between 1985 and 1989. वर्ष 1985 से 1989 तक जो बेगुनाह लोग मारे गए थे, उन्हें मुआवजा नहीं मिला था। मैं यहां एक बात कहना चाहता हूं..(व्यवधान) I am not yielding. … (*Interruptions*)

SHRI KIRTI AZAD : It was a fight for compensation and not for what you are describing. … (*Interruptions*)

SHRI MANISH TEWARI: I am not accepting these interruptions, and I will not yield. … (*Interruptions*) Please sit down. It is not Commonwealth Games. … (*Interruptions*)

सभापति महोदय : रिकार्ड में नहीं जा रहा है। केवल मनीष तिवारी जी की बात ही रिकार्ड में जाएगी।

...(व्यवधान) *

श्री मनीष तिवारी: सभापति जी, मैं यहां पर यह बात भी कहना चाहता हूं कि यह कांग्रेस की सरकार थी।...(व्यवधान) I will answer it the way I want to. … (*Interruptions*) I will come to that. I am answering that. … (*Interruptions*) सुनने की क्षमता होनी चाहिए।...(व्यवधान) मैं यहां पर यह कहना चाहता हूं कि यह कांग्रेस की सरकार थी जिसने 102 करोड़ रुपया मध्य प्रदेश की सरकार को जो लोग पीड़ित थे, उनकी सहायता के लिए दिया था।...(व्यवधान) and now Kirti, I will answer your question as to why did the Government agree. I will answer that question also. I am answering that question, just sit down please. … (*Interruptions*) मैं कोट करता हूं। 11वां पैराग्राफ है। … (*Interruptions*) Mr. Chairman, Sir, I cannot reply, I cannot speak if they cannot keep their Members in order. … (*Interruptions*)

सभापति महोदय : आप सब बैठ जाइए। कार्यवाही में नहीं जा रहा है।

*(Interruptions) ...**

श्री मनीष तिवारी : संस्थाओं के दस्तावेज पढ़ रहा हूं। मुझे पूरा अधिकार है कि मैं अपनी तरह से जवाब दूं।...(व्यवधान) 102 करोड़ रुपया कांग्रेस की सरकार ने मध्य प्रदेश की सरकार को जो लोग पीड़ित थे, उनको राहत पहुंचाने के लिए दिया था।...(व्यवधान) Now, I will come to the question why US $ 470 million. I would request the Leader of the Opposition to restrain her Members. I quote:

> "The court asked the learned Counsel to make available particulars of offers and counter-offers made on previous occasions for a mutual settlement. Learned Counsel for both parties furnished particulars of the earlier offers made for an overall settlement and what had been considered as a reasonable basis in this behalf. The progress made by previous negotiations was graphically indicated and these documents form part of the record. Shri Fali Nariman (who was the hon. Member of the other House) stated that his client (Union Carbide Corporation) would stand by its earlier offer of US $ 350 million and also submitted that his client had also offered to pay or add appropriate interest at the rates prevailing in the US to the sum of US $ 350 million which raised the figure to US $ 426 million. Shri Nariman stated that his client was of the view that the amount

* Not recorded.

> was the highest it could be up to. In regard to this offer of US $ 426 million, learned Attorney-General submitted that he would not account this offer. He submitted that any sum less than US $ 500 million would not be reasonable. Learned Counsels for both parties stated that they would leave it to the court to decided what should be the figure of compensation."

It was not an out of court settlement. It was a settlement which was arrived at in court. … (*Interruptions*) Mr. Chairman, Sir, they do not have the courage to listen; they do not want to hear my answer. … (*Interruptions*)

सभापति महोदय : आप सब बैठ जाइए। कार्यवाही में नहीं जा रहा है।

(Interruptions) ...[*]

SHRI MANISH TEWARI: Learned Counsel for both parties stated that they would leave it to the Court to decide what should be the figure of compensation. The range of choice for the Court in regard to the figure was, therefore, between a maximum … (*Interruptions*) आप ध्यान से सुनिये, यह जरूरी है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय: श्री मनीष तिवारी के अलावा किसी की बात प्रोसीडिंग में नहीं जायेगी।

...(व्यवधान) [*]

SHRI MANISH TEWARI : Sir, please bring this House to order. The range of choice for the Court in regard to the figure was, therefore, the maximum of 426 million US dollars offered by Shri Nariman and the minimum of 500 million dollars suggested by the Learned Attorney General. Ultimately, this figure of 470 million US dollars was arrived at as a result of an adjudication process by the Supreme Court. The Supreme Court of India applied its mind to the offers and counter offers and came to the figure of 470 million dollars. It was not an out of the court settlement, as has been alleged by the Leader of the Opposition.… (*Interruptions*)

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ : Was it a judicial verdict?

SHRI MANISH TEWARI : Yes. It was a judicial verdict.

---

[*] Not recorded.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ : It was an order passed on the basis of an out of court settlement. Again you are reading it like that.… (*Interruptions*)

SHRI MANISH TEWARI : That is your reading of the situation. That is not my reading of the situation. It was not an out of court settlement. … (*Interruptions*)

श्रीमती सुषमा स्वराज : यह समझौता था और जिस फाली नरीमन की आप बात कर रहे हैं, वह फाली नरीमन कहते हैं कि अगर कोई मुझे कहेगा कि यह केस लेना है तो मैं कहूंगा, बिल्कुल नहीं, बिल्कुल नहीं। इसके बदले मैं पीड़ितों का वकील बनना चाहूंगा। फाली नरीमन यह कहते हैं। … (*Interruptions*)

SHRI MANISH TEWARI: This was not an out of court settlement. About 470 million dollars was an adjudicated figure by five judges of the Constitution Bench of India and I would like to place that on record. The fourth question जो इन्हें बहुत परेशान करता रहा है। क्या वारेन एंडरसन को भारत सरकार ने सेफ पैसेज दिया था या सेफ पैसेज की एश्योरेंस दी थी? उसका सीधा-सीधा जवाब है, बिल्कुल नहीं, कभी नहीं, भारत सरकार के किसी दस्तावेज में यह बात नहीं लिखी हुई है कि वारेन एंडरसन को सेफ पैसेज भारत सरकार ने कभी प्रोमिस किया था और मैं इसका प्रमाण देता हूं। श्री एम.के.रसगोत्रा, महाराज कृष्ण रसगोत्रा, भारत के विदेश सचिव थे।...(व्यवधान) पानी नेता प्रतिपक्ष ने भी पीया था। पानी पीने पर आपत्ति मत कीजिए। ...(व्यवधान) महाराज कृष्ण रसगोत्रा भारत के फॉरेन सैक्रेटरी थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि हां, अगर किसी की जिम्मेदारी थी तो यह जिम्मेदारी मेरी थी, मैंने गृह मंत्री से बात की थी, इसमें तत्कालीन प्रधान मंत्री का कभी कोई लेना-देना नहीं था। यह जो पिछले एक महीने से भ्रमित प्रचार किया जा रहा है, मैं उसे आज यहां खारिज करना चाहता हूं। If at all, assume for the sake of argument, any assurance was given, that assurance does not exist on the record of the Government of India and to the best of my knowledge, no assurance was ever given by any responsible functionary of the Government of India. Let this be recorded. Now comes the question, why was Mr. Warren Anderson granted bail? … (*Interruptions*) आप सुनिये तो सही।

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा): उसे सेफ पैसेज आपने दिया था।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : किसी की बात प्रोसीडिंग में नहीं जायेगी।

...(व्यवधान) *

श्री मनीष तिवारी : मैं एक-एक करके सुना रहा हूं।...(व्यवधान) आप इसे बैठाइये। मैं आपको बताता हूं, Why was Mr. Warren Anderson bailed out? When the FIR was registered, rightly or wrongly, Mr. Warren Anderson was not mentioned in that FIR. Then he came without any assurance of a safe passage of the Government of India. … (*Interruptions*) आप सुनने की क्षमता रखो ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप लोग बैठिये ।

...(व्यवधान)

SHRI MANISH TEWARI : When Mr. Anderson came to India he was not a fugitive from the law. He was not named in the FIR. Mr. Warren Anderson came here. … (*Interruptions*)

श्री मंगनी लाल मंडल (झंझारपुर): सभापति महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। इस सदन के संचालन के लिये आसन सर्वोपरि होता है। जब एक माननीय सदस्य व्यवधान उपस्थित करता है तो हम आसन से आग्रह कर सकते हैं। लेकिन यहां माननीय सदस्य तिवारी जी दूसरे माननीय सदस्य को बैठने के लिये आदेश दे रहे हैं। आप बैठने के लिये कह सकते हैं। इस प्रकार यह आसन और सदन की मर्यादा के विपरीत है, यह अमर्यादित भाषा है...(व्यवधान)

SHRI MANISH TEWARI : Mr. Chairman, Sir, if I have said anything which has even remotely assaulted the dignity of this House, I offer my unqualified apology.

श्री मंगनी लाल मंडल : माननीय सदस्य सदन की मर्यादा के खिलाफ कर रहे हैं।

सभापति महोदय : अब माननीय सदस्य ने इसमें सुधार कर लिया है।

* Not recorded.

SHRI MANISH TEWARI : When Mr. Warren Anderson came to India he was not a fugitive by law. The FIR which was registered was under Section 304A of the Indian Penal Code which was a bailable offence. He was arrested; he was granted bail. If after that he decides to skip bail, the CEO of a company decides to skip bail, who is responsible? Is the Government of India responsible? It is for the court to impose conditions. इससे जुड़ा हुआ सवाल है कि उसे भारत से क्यो जाने दिया? Whenever there is a criminal case which is lodged against anybody and the person is arrested, what happens? He secures bail. When bail is secured, bail conditions are imposed like you surrender your passport, you will not leave the municipal limits of Bhopal, you will not leave the municipal limits of this country, etc. Government of India only comes into action to implement those bail conditions. If the court does not impose bail conditions, who is responsible? Is Government of India responsible? Is the Government sitting at the Centre responsible? This is a wild allegation which is being made repeatedly.

I will now tell you why Warren Anderson was not extradited.

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा): सभापति जी, मेरा पाइंट ऑफ ऑर्डर है।

सभापति महोदय : किस नियम के अंतर्गत?

श्री कीर्ति आज़ाद : सभापति महोदय, सरकारी हवाई जहाज का उपयोग किया गया और माननीय सदस्य हाऊस को मिसलीड कर रहे हैं।

सभापति महोदय : आप बैठिये। यह बात उत्तर में आ जायेगी। अब आप आसन ग्रहण कीजिये।

श्री मनीष तिवारी: सभापति महोदय, पार्लियामेंट के एक सवाल का यहां हवाला दिया गया। Why was Warren Anderson's extradition proceedings not pursued? मैं उसका जवाब देना चाहता हूं। There is a legal opinion by the then Attorney-General Mr. Soli Sorabjee, on the 11th of July 1998 and I would like to read it out in full.

After that, I would also read the opinion given by the then Law Minister in 2001, who is the Leader of Opposition in the other House, Shri Arun Jaitley. I would read both of them out and please do not interrupt, listen to it patiently. The Government of India is seeking – this is Mr. Soli Sorabjee, the then Attorney

General in 1998 – extradition of Warren Anderson on the ground he should stand trial in India under Sections 304, 326, 324 and 429 (sections related to culpable homicide not amounting to murder,
voluntary causing grievous injury/injury resulting in death, maiming of cattle, etc.) and potentially Section 304-A (death due to rash and negligent act) read with section 35 of the Indian Penal Code.

The Madhya Pradesh High Court had confirmed the order of the Additional District Judge, Bhopal dated 08.04.1993 by which he framed charges against the accused (company officials of UCIL) under Sections 304(II), 326, 324, and 429 read with Section 35 of the IPC. The accused (Keshub Mahindra and V.P. Gokhale and others) approached the Supreme Court against the order. In its judgement known as the "Keshub Mahindra Vs. Union of India" case, the Supreme Court quashed the charges under Sections 304(II), 326, 324, and 429 read with Section 35 of the IPC. It held that the material on record could only sustain a *prima facie* case under Section 304 A which penalises the causing of death by rash and negligent acts.

The same reasoning would apply to Warren Anderson also. In these circumstances, the request for extradition of Anderson would have to be limited to Section 304A of IPC.

The extraction treaty between USA and India covers the offence of death due to rash and negligent act under its offence of manslaughter referred in Article 3. The CBI is of the view that with the available evidence, Anderson would be extraditable under the treaty with the USA. However, in the legal proceedings initiated - this is Mr. Soli Sorabjee, Mr. Chairman, Sir – by the Government of India to fix civil liability of the UCC in USA for its role in the disaster, the Court of Appeals had turned down the India's argument that UCC can be sued in the United States.

The standard of proof in a criminal case would be higher than in a civil case. The evidence should be to the effect that Mr. Anderson had knowledge of the

design defects in the plant and violation of safety precautions. If strict proof is, in fact, a requirement of American law for purposes of determining whether there is probable cause to believe that Warren Anderson was in any way responsible for the disaster, in my view, the evidence obtained by the CBI so far would not meet such a high standard of proof.

To a specific question that whether evidence submitted by the CBI is adequate to establish a *prima facie* case against Warren Anderson under the Indo-US extradition treaty, Shri Soli Sorabjee (then Attorney General) replied,

> "*Prime facie,* in my view, the evidence so far collected does not appear to be sufficient at that time." This was the view of their Attorney General.

Now, I will read to you what their then Law Minister, the Leader of Opposition in the Upper House, in his capacity as the then Law Minister on 25.09.2001 said,

> "The Supreme Court in its judgement known as the "Keshub Mahindra Vs. Union of India" case, held that the accused in the Bhopal Gas Tragedy cannot be charged for offence under Section 304 but *prima facie* appear to be guilty of rash and negligent act not amounting to culpable homicide. Therefore, any request for extradition of Anderson would have to be limited to causing death by rash and negligent act."

This is what Mr. Arun Jaitley said –

> "The Bhopal plan had some design defects and there was negligence in taking safety precautions. The design was supplied by the parent company. An inspection by engineers of the parent company pointed out a number of deficiencies in safety precautions. MIC gas was stored in violation of safety norms. When the leakage was detected, the factory staff failed to rectify the defect and stop further leakage. They also failed to warn the public which would have saved many lives."

यह सुनने वाला है, this is Mr. Arun Jaitley saying –

> "It is not the case that Warren Anderson committed any act - - that led to the direct result of the leakage of gas and consequent loss of lives and injuries."

I will read out further:

> "There is no evidence that he had knowledge of design defects and violation of safety norms and yet, he failed to take remedial measures."

… (*Interruptions*) Please hear me out. He said: … (*Interruptions*)

सभापति महोदय : आप आसन ग्रहण कीजिए।

श्री मनीष तिवारी : आप सुनने की क्षमता रखिए।

> "His knowledge has been presumed as Chairman of the parent company; there is no evidence either to show that the parent company exercised control over the day-to-day operations of the running of the plan. In view of the above, our extradition case appears to be weak. "

अरुण जेटली जी, जो तत्कालीन भारत के कानून मंत्री थे,...(व्यवधान) उनकी ओपिनियन मैं पढ़ कर सुना रहा हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, यहां पर वारन एंडरसन और सोहराबुदीन शेख की तुलना की गई। मैं उस तुलना को सही मानता हूं और अगर सोहराबुदीन शेख किसी का आतंकवादी था, फिरौती लेने वाला था तो वह भाजपा के नोताओं का आतंकवादी था और भाजपा की सरकार का आतंकवादी था। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय: कृपा कर आसन ग्रहण कीजिए।

श्री मनीष तिवारी : अगर विषय निषेध करने से पहले एक बार अपने गिरेबान में झांक लिया होता, It would have been allright. … (*Interruptions*)

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति महोदय, क्या एक-एक घंटा एक-एक माननीय सदस्य को बुलवाएंगे, क्या ऐसा यह मामला है?...(व्यवधान)

श्री मनीष तिवारी : मुलायम सिंह जी, हम कभी-कभी बोलते हैं।

सभापति महोदय: अपनी पार्टी के समय को इस्तेमाल कर सकते हैं।

SHRI MANISH TEWARI: I will come to the next question which has been raised that why were the charges which were framed under culpable homicide not amounting to murder diluted to section 304 (A) causing death by a rash and negligent act. हमने नहीं किया, सुप्रीम कोर्ट की जजमेंट 1996 में आई। ...(व्यवधान) मैं उसे पढ़ना चाहता हूं। Unlike some people in the Opposition, I still have respect for the institutions in this country. मैं अभी भी संस्थाओं की इज्जत करता हूं, इसलिए उन संस्थाओं ने जो लिखा है, उसे मैं आपको पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। 1996 की जजमेंट ने, जिसने इसे डॉयल्यूट किया, ठीक है वह जस्टिस अहमदी की जजमेंट थी, जस्टिस अहमदी अकेले नहीं बैठे थे, उनके साथ एक न्यायाधीश और भी बैठे थे। उन्होंने जो कहा, मैं उसे पढ़ कर सुनाना चाहता हूं -

> "Before any charge under section 304 (2) can be framed, the material on record must at least *prima facie* show that the accused is guilty of culpable homicide and the act allegedly committed by him must amount to culpable homicide. In view of section 299 IPC, the material relied upon by the prosecution for framing a charge under section 304 (2) must at least *prima facie* indicate that the accused has done any act that had caused death with at least such a knowledge that he was, by such act, likely to cause death. The entire material that the prosecution relied upon before the trial court for framing the charges, cannot support such a charge unless it indicates *prima facie* on the fateful night when the plant was run at Bhopal, it was run by the accused concerned with the knowledge that such running of the plant was likely to cause death of human beings. Mere act of running a plant as per the permission granted by the authorities would not be a criminal act even assuming that it was a defective plant and it was dealing with very toxic and hazardous substance like MIC, the mere act of storing such a material by the accused in the tank, could not even *prima facie* suggest that the accused concerned thereby had knowledge that they were likely to cause death of human beings; in fairness to the prosecution, it was not suggested and could not be suggested that the accused had an intention to kill any human being while operating the plant."

14.00 hrs.

चेयरमैन साहब, मैं इस पूरे जजमेंट को पढ़ सकता हूं, लेकिन समय की सीमा के कारण मैं इसे पूरा नहीं पढ़ना चाहता हूं। मैं यह पूछना चाहता हूं कि 13 सितम्बर, 1996 को जब यह जजमेंट आया, उस समय सरकार किसकी थी? मैं बताना चाहता हूं कि उस समय श्री देवेगौडा जी की सरकार थी। उसके बाद श्री इन्द्र कुमार गुजराल साहब की सरकार आई और उसके बाद छः साल तक इनकी सरकार रही। क्यों नहीं इन्होंने उस समय रिव्यू-पिटीशन फाइल किया ? Why was this judgement not challenged by them? For long six years they kept quiet. This is criminal negligence. For eight years they sat on this judgement. Yes, it took the UPA Government, probably prompted by a trial court order, to review it because of a national outrage. I concede that, but that does not absolve them of the fact that they slept for eight years. आठ साल तक आप इस जजमेंट को लेकर सोए रहे और छः साल तक आपकी सरकार रही। आखिर में, मैं यह कहना चाहता हूं कि What is the status of the case? The GoM has met. A curative review petition has been filed. In the High Court a revision application has been filed. In the trial court, the Government has gone with a request to correct the errors which have occurred in this judgement with regard to the imposing of sentences.

14.01 hrs (Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)

सभापति महोदय, उसके साथ-साथ सी.बी.आई. को भी ये निर्देश दे दिए गए हैं कि आप और प्रमाण इकट्ठे कीजिए और यह देखिए कि वॉरेन एंडरसन की एक्सट्रिडीशन हो सकती है कि नहीं। अगर इन्होंने 1996 में इस जजमेंट को चेलैंज किया होता, तो आज हमें यह दिन नहीं देखना पड़ता। मेरा इनके ऊपर यह सीधा-सीधा आरोप है, And, in conclusion I would only like to humbly submit कि आज मुझे इस बात का बहुत दुख है कि 25 साल बाद, जब भोपाल गैस त्रासदी को लेकर चर्चा हुई, तो भोपाल गैस त्रासदी की चर्चा नहीं हुई, बल्कि सोहराबुद्दीन की चर्चा हुई। उनकी बेगुनाह जिन्दगी पर, बेगुनाहों की मौत के ऊपर आज राजनीतिक रोटियां सेकी जा रही हैं।

मैं यह उम्मीद करता था कि नेता प्रतिपक्ष, जो एक बहुत ही संवेदनशील व्यक्ति हैं, जिनकी मैं बहुत इज्जत करता हूं, वे आज के दिन भारतीय जनता पार्टी और आर.एस.एस. का जो राजनीतिक एजेंडा है, उसका यहां प्रचार कर रही हैं। मैं चाहता था कि वे उसका यहां प्रचार नहीं करतीं, तो बेहतर होता। मैं इतना ही कह कर अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति जी, मैं संक्षेप में ही बोलूंगा और बहुत लम्बा भाषण नहीं दूंगा। यह बहुत गम्भीर और इंसानियत से जुड़ा हुआ मामला है। मैंने दोनों तरफ के भाषणों को एक-एक घंटे तक सुना। दोनों माननीय सदस्यों ने अपनी बात कही। उनकी क्या बहस हुई, मेरी कुछ समझ में नहीं आया। असली बात है कि वहां जनता या लोगों के साथ जो बीती, जो उनका दर्द है, उसके लिए हम अब भी जो कर सकते हैं, वह हमें करना चाहिए। चार्ज-डी-अफेयर्स गॉर्डन स्ट्रीब ने तो दगाबाजी कर दी। भोपाल के गैस पीड़ित लोगों के साथ चार्ज ने दगा किया है। चार ने तो दगाबाजी कर दी, अगर लोक सभा भी आज दगाबाजी करेगी, तो यह पांचवीं दगाबाज होगी। इसलिए हम सभी को इसे गम्भीरता से लेना चाहिए।

महोदय, पहली दगाबाजी तो 3 दिसम्बर, 1984 की रात को हुई, जब भोपाल के अन्दर यूनियन कार्बाइड गैस के रिसाव के कारण 25 हजार लोगों का दम घुटा। फिर चाहे कोई कुछ कहे, सरकार चाहे 10 हजार कहे या 15 हजार, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि दम घुटने से 25 हजार लोगों की भोपाल की सड़कों पर मौत हुई और उधर दृश्य क्या था, जब 25 हजार लोग तड़प-तड़प कर सड़क पर मर रहे थे, सड़कों पर लाशें बिछ गईं और अस्पताल पहुंचाने वाला कोई नहीं था। सबसे दुखद बात यह है कि वहां का मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी भाग गये। इससे और ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है। मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी भाग गये, कोई बचाने वाला नहीं, कोई पूछने वाला नहीं, कोई देखने वाला नहीं, कोई अस्पताल भेजने वाला नहीं, इस पर बहस हो और इस पर इसीलिए हम संक्षेप में ही बहस करना चाहते हैं। यह दुनिया की जो सबसे बड़ी दुर्घटना थी, ये स्वीकार करते हैं?

शहर के बीच जिन्होंने कारखाना लगाने की अनुमति दी है, वह सबसे बड़ा अपराधी है। जिसकी राय से यह कारखाना बना, जिन वैज्ञानिकों से राय ली कि यह गैस का कारखाना भोपाल के बीच लगाया जाये, जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है, स्वाभाविक है कि कुछ न कुछ होगा। इसलिए हम आपसे कहना चाहते हैं, दूसरे कौन हैं। एक तो ये हो गये, दागी कहिये, अपराधी कहिये, जिन्होंने शहर के अन्दर अनुमति दी और उसके बाद डी.एम. और सी.एम. भाग खड़े हो गये और बचाने वाला कोई नहीं, अस्पताल में ले जाने वाला कोई नहीं, इसलिए एक बात तो मैं कहना चाहता हूं कि ये अपराधी हैं, चार सबसे बड़े दागी हैं।

दूसरे भोपाल की जनता की चार संस्थाओं ने दगाबाजी की है। सरकार भले ही 15 हजार, 8 हजार, 10 हजार बताये, लेकिन 25 हजार लोगों की मौतें हुईं, इसलिए ये भी उन दगाबाजों में से हैं, धोखेबाज़ हैं, जो इतनी बड़ी मौतों को छिपाया गया है। जहां तक कारखाना बनाने वाले लोग हैं, वारेन एंडरसन हैं, उनको गिरफ्तार करके हत्या का मुकदमा चलाने के बजाय सरकारी जहाज से दिल्ली पहुंचाने वाला बता दीजिए? सरकारी जहाज से पहुंचाने वाला कौन है, वही हम पूछ रहे हैं? प्रदेश सरकार ने भोपाल और देश की जनता के साथ दगाबाजी और सबसे बड़ी गद्दारी की है। इतने बड़े अपराधी, दोषी को सरकारी जहाज से भोपाल भिजवा दिया और भोपाल यहां से जहाज से लेकर रवाना हुआ, क्या इसको स्वीकार नहीं करना पड़ेगा और इसीलिए मैंने कहा कि अगर सही तथ्य लेकर आज लोक सभा ने भी कोई फैसला नहीं लिया तो पांचवीं दगाबाजी में हम लोग भी शामिल होंगे। यह गम्भीरता का सवाल है, इसलिए मैंने कहा कि मैं संक्षेप में ही, 10 मिनट में ही अपनी बात करूंगा। एक-एक घंटे के भाषण, जनरल बात ये कर रहे हैं। यह दूसरी बात है कि जो दगाबाजी...(व्यवधान) आप हमसे मत बोलिये, हम तो आपको जानते हैं। ज्यादा किनारे किया तो ठीक कर देंगे, अगर इस तरह से दगाबाजी की। यह किसकी जिम्मेदारी है, मैं बार-बार कह रहा हूं, वरना आपके तो आने का कोई सवाल नहीं है। अगर आप अब भी कोई रास्ता निकाल सकते हैं तो निकाल लीजिए, लेकिन आपने सबसे बड़ी गड़बड़ की, इसलिए यह नहीं हो पाया है। मैं बार-बार दुखी होता हूं, इनसे भी कहता हूं कि कोई बात सोचिए।

दूसरी बात भारत सरकार ने की थी, जिसमें अमेरिका की सरकार को आश्वासन दिया था कि एंडरसन का बाल बांका नहीं होगा, बताइये किसने कहा? उस समय की सरकार ने कहा। यहां की सरकार ने कहा, वहां के राष्ट्रपति को कहा कि इसका कोई बाल बांका नहीं होगा, आप चिन्ता मत करो। मैं इधर-उधर की बात नहीं करता हूं। ...(व्यवधान)

यह सब न चाहते हुए भी बोल रहे हैं। एंडरसन का बाल-बांका भी नहीं हुआ। जिसने उसको अमेरिका जाने दिया, उसके लिए भारत सरकार ने आज तक माफी नहीं मांगी। ...(व्यवधान)

चौथी दगाबाजी है - मुआवजे को लेकर भारत सरकार की ओर से केवल 714 करोड़ रूपए में यूनियन कार्बाइड से समझौता कर लिया गया। इतनी गंभीर घटना है, जिसमें पच्चीस हजार लोगों की जानें गयी हैं। इसमें उन जानों को छिपाया गया और सीएम-डीएम भाग गए। आप बताइए इससे ज्यादा और क्या हो सकता है, इन्होंने क्या देखा और मौके पर क्या किया? जो पच्चीस हजार लोग थे, ये गिनती कितनी भी करते रहें, आप भी भोपाल में रहे हैं, आप सब जानते हैं कि पच्चीस हजार लोगों की जानें गयी हैं। उस वक्त भी हम लोगों ने ऐलान किया था कि पच्चीस हजार लोगों की जानें गयी हैं। लाखों लोग

इसमें विकलांग हुए जो आज तक भी वैसे के वैसे हैं। आप इस चीज को देख लीजिए। ...(व्यवधान) विकलांग का मतलब अंधे, लूले-लंगड़े, एक हाथ, एक पैर या चारपाई पर पड़े हुए लोग हैं। ...(व्यवधान) आप इधर से शोर मचाए और वह उधर से शोर मचाए, लेकिन हम तो दस मिनट में अपनी बात खत्म कर रहे हैं। उनके लिए संसद क्या कर रही है? मैंने खूब कहा सोचा कि ये चार दगाबाज कह रहे हैं, लेकिन आप लोग भी पांचवे दगाबाज के रूप में शामिल न हों। मैं तो इसमें शामिल नहीं हूंगा, मैं यह कहना चाहता हूं। यह फैसला होना चाहिए कि वहां जो लोग पीड़ित हैं, दुखी हैं, जो परिवार बेकार हो गए हैं, उनके लिए हम क्या कर रहे हैं? कम से कम यह काम किया जाए। एक और बात, उनको सजा कितनी दी गयी - दो-दो साल की सजा।

मैं एक और बात कहना चाहूंगा, भोपाल के केवल 56 लोग, 56 बार प्रभावित हुए। अभी इस बार बड़ी तादाद में आप लोग मध्य प्रदेश से हैं, आपकी सरकार वहां है, इसलिए वह इस बारे में सोचें। 56 बार में केवल 36 बार मुआवजा दिया गया, लेकिन 20 बार जो लोग मुआवजे में छोड़ दिए गए हैं, वे कौन हैं? वे मुसलमान हैं। आप याद करिए। आप जाकर देखिए। इसकी जांच करा लीजिए। दूसरे होम मिनिस्टर सदन में उपस्थित हैं। आप जांच कराइए कि 56 बार में 36 बार तो मुआवजा दिया, लेकिन 20 बार जो लोग छोड़े गए हैं, वे बीस के बीसों बार मुसलमान लोग हैं। उनके साथ यह ज्यादती की जा रही है, क्या वे इसमें प्रभावित नहीं हुए? या तो सरकार कहे कि बीस बार उनको इसलिए नहीं दिया गया कि उनमें से कोई प्रभावित नहीं हुए। जितने 36 प्रभावित हुए हैं, उतने ही वे 20 भी प्रभावित हुए हैं। कुल 56 बार प्रभावित हुए हैं, लेकिन मुसलमानों को छोड़ दिया गया। आज तक उनको एक पैसा नहीं दिया गया। बहस कहां से कहां पहुंच गयी? तुमने यह किया, मैंने यह किया, आपने यह किया। ...(व्यवधान) हम पूछ रहे हैं कि अब आप क्या कर रहे हैं?

बिना पढ़े-लिखे लोगों को दलालों ने ठग लिया। जो पैसा बटा, उसमें भी दलाली हो गयी और बिना पढ़े-लिखे लोगों के नाम के आगे अंगूठा लगा दिया। जितना चाहा उनको दे दिया और बाकी अपनी जेबों में भर लिया। इसमें भी ठगी हुई है। क्या सरकार जांच कराएगी? ...(व्यवधान) लोगों की जो ठगी हुयी है, क्या उसकी जांच कराकर आप कार्रवाई करेंगे? हम आपसे यह जानना चाहते हैं। यहीं तक बहस में सीमित रहिए, लंबे-चौड़े भाषण नहीं करिए।

इसमें बहुत ठगी हुयी। लोगों को जो मुआवजा मिला, उसके बारे में कहना चाहता हूं। आप इस बात को नोट कर लीजिए, जो असली थे, उनमें से काफी लोग मुआवजे से वंचित रह गए। फर्जी लोग वहां पहुंचे और उन्होंने कहा कि मेरा नुकसान हुआ, मेरा यह बर्बाद हो गया, मेरी संपत्ति चली गयी, इसमें उन फर्जी लोगों को मुआवजा दिया, जिनका एक रूपए का भी नुकसान नहीं हुआ।

एक और दगाबाजी भी इसमें शामिल है, दिल्ली से भोपाल तक की अदालतों ने क्या किया? आप बड़ी अदालत की बात करते थे। अदालतें भी दगाबाजी मे शामिल हैं। ये अदालत का सहारा लेते हैं। लेकिन इंसानियत अलग है, अदालत अलग है।

सरकार इसलिए होती है कि जनता के दुख-दर्द में काम आए न कि जनता के साथ विश्वासघात करे और उसे दुखी करे। अदालतें बहुत देख चुके हैं। अदालत को क्या पता था। वह गवाह और सबूत के आधार पर खड़ी हुई है। इसमें गवाह और सबूत की बात थी। जमीन पर क्या हुआ, इसे सरकार जानती है। कैसे गैस रिसाव हुआ, कौन जिम्मेदार है, क्या इसी पर चर्चा होती रहेगी? उन्हें अब भी कुछ देना चाहते हैं या नहीं? अब भी उनके घावों पर मरहम लगाना चाहते हैं या नहीं, आज यह सवाल है। एक भी गोरा अपराधी आज तक सजा नहीं पा सका। भारतीय अपराधियों को दो-दो साल की सजा हुई। कम्पनी गोरे लोगों की है।...(व्यवधान) मैंने कह दिया कि सरकारी मुलाजिम बिठाए गए हैं, आप क्या कहेंगे। असली बात यह है कि आप एक-एक घंटे का भाषण दे रहे थे। एक घंटे उस तरफ से बोला गया और एक घंटे इस तरफ से बोला गया। सरकार आजादी के बाद से लगातार देश की जनता के साथ धोखाधड़ी और अन्याय कर रही है, एक ही दगाबाजी नहीं हुई है। मैं ज्यादा विस्तार से नहीं कहना चाहता, जनता के साथ लगातार दगाबाजी हुई है। लेकिन जनता से माफी मांगने और प्रायश्चित करने का आखिरी मौका आज है।...(व्यवधान) अगर आज भी माफी मांगते हैं तो उनके लिए काम कीजिए। आज जब जवाब दें तो जवाब नहीं बल्कि फैसला कीजिए कि हम इतना मुआवजा देंगे।...(व्यवधान) सब मिलाकर 715 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। इतना जघन्य अपराध और ऐसा मजाक, संवेदनहीन एवं मानवताहीन मजाक आज हो रहा है। इसलिए मैंने कहा कि आज आखिरी मौका है।

केन्द्रीय मंत्रियों के समूह की बैठक के बाद मुआवजा बांटने की घोषणा हुई। उस समय पीड़ितों की ओर से 5,000 करोड़ रुपये की मांग हुई। आज के मूल्यों के आधार पर 5,000 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए, यह हमारी मांग है। श्री चिदम्बरम ने 21 जून को जो घोषणा की थी, वह 1300 करोड़ रुपये की थी। 1300 करोड़ रुपये की मांग और इतनी महत्वपूर्ण बहस से चले गए।...(व्यवधान) यहां केवल दो केबिनेट मंत्री बैठे हुए हैं।...(व्यवधान) यहां सीधे व्यक्ति बैठे रहते हैं और हम जानते हैं कि क्यों बैठे रहते हैं। ...(व्यवधान) यह घोषणा हुई कि मृतकों को दस लाख रुपये, स्थायी अपंगों को पांच लाख रुपये, गंभीर

बीमारी वाले लोगों को दो लाख रुपये मिलेंगे। क्या अब भी मजाक करेंगे? अब ऐसा नहीं चलेगा। यदि करना है तो उन लोगों के लिए कुछ कीजिए। अब लोक सभा के सब सदस्य, चाहे इधर के हों चाहे उधर के हों, मिलकर इंसानियत के आधार पर फैसला करें। इस पूरे घटनाक्रम में फिर से दलाल खड़े हो गए। दलालों ने पहले लूटा और फिर खड़े हो गए। हम आपको पक्की सूचना दे रहे हैं। जो घोषणा हुई है, उसके बाद दलालों की लाइन लग गई है, दलाल सावधान हो गए हैं। अब भी दस-दस लाख रुपये पीड़ितों को नहीं पहुंचेंगे। दस-दस लाख रुपये भी मजाक है। उस समय की महंगाई और आज की महंगाई जोड़ दीजिए। गृह मंत्री जी, कहां हैं, क्या करने जा रहे हैं? क्या और मजाक करने जा रहे हैं? इसलिए मैंने कहा कि लोक सभा भी पार्टी दगाबाजी में सिद्ध न हो। मैं बोल रहा हूं कि उसमें हम अकेले बच जाएंगे अगर दें, वर्ना नहीं दें।

आप सीधे मिलकर कोई रास्ता निकालिए। असली मुद्दा यह है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए गैस पीड़ितों के घावों पर मरहम लगाने के लिए अपराधी एंडरसन और उसके हिन्दुस्तानी मालिक डाऊ केमिकल्स पर मुकदमा चलेगा या नहीं? गृह मंत्री जी, आपको इस बारे में जवाब देना होगा। जायसवाल साहब, आप कैबिनेट मंत्री भले ही नहीं हैं, लेकिन आपकी जिम्मेदारी बनती है। आप यहां पर गृह राज्य मंत्री है, लेकिन आपकी भले ही बात न चले। ...(व्यवधान) सॉरी, अब तो आप कोयला मंत्री हो गये हैं। अब बेचारे के काले हाथ कर दिये। ...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : सभापति महोदय, यहां पर होम मिनिस्टर ही नहीं, स्टेट होम मिनिस्टर भी नहीं बैठे हैं। त्रासदी यह है, नहीं ये तो दूसरे मिनिस्टर हैं। इन्हें आप जबरदस्ती घसीट रहे हैं। ...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : अच्छा सॉरी।...(व्यवधान)

श्री शरद यादव : सभापति महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि यह बहुत गंभीर चर्चा है। खासकर ट्रेजिडी बेंचिस के लोग बहुत तेजी से बाहर चले गये हैं। ...(व्यवधान) लंच तो हमने भी थोड़ा बहुत किया है। ...(व्यवधान) जो शरीर हमारा है, वही शरीर उनका है। नारायणसामी जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Shri Sharad Yadav, it is the collective responsibility. Some hon. Ministers are present here. The Minister concerned will be coming. Please take your seat.

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इतनी बड़ी रकम बांटने के लिए क्या केवल 66 कर्मचारी हैं? आप यह पता लगाइये कि 66 कर्मचारी किस स्तर के हैं। अब किसको बताएं।

सामी जी बेचारे तालमेल इधर से उधर करते रहते हैं। अब जाने कितना अधिकार है या नहीं। इसलिए मुआवजे का ठीक बंटवारा करना केन्द्र और राज्य सरकार, दोनो की जिम्मेदारी है। अब वहां बीजेपी की सरकार है। आप भी सोचिए कि आपकी सरकार कितनी जिम्मेदारी निभा रही है। वह कितनी मांग कर रही है और कितनी मांग पर अड़ रही है। अगर मांग पूरी नहीं होगी, तो सरकार शामिल न हो और कहे कि आप सीधा बांटो। यह तरीका है, यदि इसे आप अपनायेंगे तभी बचेंगे, नहीं तो दगाबाजों में आपकी सरकार आयेगी। हम लोग तो बच गये, लेकिन ऐसे ही बोलना जिससे आप भी बच जाओ। ...(व्यवधान) यह सच है क्योंकि आज ऐतिहासिक मामला है। आखिर 26 साल बाद इस पर बहस हो रही है और अभी तक कोई न्याय नहीं मिला, इंसाफ नहीं मिला। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अपराधी एंडरसन और उसके हिन्दुस्तानी मालिक डाऊ केमिकल्स पर मुकदमा चलेगा या नहीं, इस बारे में आप बता दीजिए। उन्हें सजा होगी या बचाया जायेगा? अगर नहीं, तो लोकसभा की यह बहस बेमानी होगी और जनता तथा गैस पीड़ितों के साथ एक और दगाबाजी होगी।

डॉ. बलीराम (लालगंज): सभापति महोदय, 2-3 दिसम्बर, 1984 की वह काली रात जिसे आज भी लोग भूल नहीं पाये हैं, आज ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो रही है। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Dr. Rajan Sushant, as per parliamentary etiquettes you should not cross and stand before the hon. Member who is speaking. Please remember this.

डॉ. बलीराम : अमेरिकी कम्पनी यूनियन कार्बाइड की सहायक कम्पनी यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के भोपाल स्थित कीटनाशक उत्पादक कारखाने में 2-3 दिसम्बर, 1984 को घटना घटी। उस समय लोगों ने यह नहीं सोचा था कि हमारी सुबह नहीं होगी।

वहां जो गैस रिसाव हुआ, उससे लगभग 15000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और पांच लाख से ज्यादा लोग आज भी उससे जूझ रहे हैं, अपाहिज हो गए हैं, बहरे हो गए हैं, आंख से दिखाई नहीं दे रहा है।

यह एक गंभीर विषय पर चर्चा है, लेकिन इस पर लोगों ने कितनी गंभीरता से चर्चा की यह केवल इस सदन ने ही नहीं, पूरे देश ने देखा है कि एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने के सिवाय कुछ भी नहीं किया गया है। सच्चाई यह है कि यूनियन कार्बाइड कंपनी का मालिक वारेन एंडरसन, जिसके बारे में कई माननीय सदस्यों ने यह चर्चा की है, किस तरह से घटना के बाद चार्टर्ड प्लेन द्वारा उसे भोपाल से दिल्ली पहुंचाया गया और अमेरिका जाने का रास्ता साफ किया गया। निश्चित रूप से यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है। उस समय वहां जो सरकार थी, निश्चित रूप से उसकी मिलीभगत रही। इतनी बड़ी त्रासदी हो, इतने बड़े पैमाने पर लोग मर रहे हों, लाखों की तादाद में लोग घायल हों और ऐसे अपराधी को सरकार बचाने में लगी हो, यह बहुत ही खेद की बात है। देश के वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी जी ने हाल में एक बयान दिया कि वारेन एंडरसन को भगाया जाना जरूरी था, जबकि इसके पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी एवं केन्द्रीय मंत्री वसंत साठे के बयानों के बाद अब अर्जुन सिंह के बयान से कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। लोकहित में इन विरोधाभासी बयानों में सत्य और असत्य को सामने लाना जरूरी है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सरकार इसमें दोषी है। अभी नेता प्रतिपक्ष ने अपनी बात सदन में रखी, वह भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकतीं क्योंकि इतने दिनों में अगर कांग्रेस सत्ता में रही है, तो भारतीय जनता पार्टी ने भी यहां 6 वर्ष तक हुकूमत की है, लेकिन उन्होंने भी अपने कार्यकाल में इस तरह की कोई पहल नहीं की है। इसलिए आज मैं सरकार से मांग करता हूं कि यह गंभीर मामला है और इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। पीड़ित परिवारों को जो लाखों की तादाद में शारीरिक रूप से अपंग हो गए हैं, रोजी-रोटी कमाने लायक नहीं हैं, आखिर उनके परिजन कैसे जीवित रहें।

उनके लिए सरकार क्या इंतजाम कर रही हैं? दिल्ली में उपहार सिनेमा का हादसा हुआ, मरने वालों के आश्रितों को 15.-20 लाख रुपए तक का मुआवजा दिया गया। लेकिन जब भोपाल गैस त्रासदी हुई तो उस समय केवल 25.25,000 रुपए ही मुआवजा दिया गया। वह मुआवजा भी किसने दिया, उस कम्पनी ने जिस कम्पनी को इन्होंने चुपचाप 713 लाख रुपए में बिकने दिया, हैंडओवर कर दिया था।

जब हमारे यहां कोई ट्रेन एक्सीडेंट हो जाता है, तो ज्यादा से ज्यादा ड्राइवर को जेल की सजा होती है। लेकिन उसका मुआवजा कम्पनी देती है, मालिक देता है। इस अमेरिकी कम्पनी को जिन लोगों ने भारत में आमंत्रित किया, उनकी भी जिम्मेदारी बनती थी, क्योंकि सरकार अगर कोई प्राइवेट इंस्टीट्यूट खोलना चाहे तो उसके साथ कुछ शर्तें रखती हैं कि इन शर्तों को पूरा करने पर ही आप इंस्टीट्यूट खोल सकते हैं। जब भोपाल में यह कम्पनी खोली गई थी, तो उसके साथ भी सरकार ने कुछ इस तरह की शर्तें रखी होंगी कि अगर कोई दुष्परिणाम निकलेंगे या कोई हादसा होगा और लोग उसके शिकार होंगे, तो कम्पनी उसे मुआवजा देगी। अगर इस तरह की शर्तें नहीं रखी गईं थीं तो निश्चित रूप से यह सरकार की गलती है और वह अपनी इस जिम्मेदारी से नहीं बच सकती।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि इस केस में जो फैसला अभी कुछ दिनों पहले हुआ है, लगभग 25-26 बरस बाद हुआ है। जो हमारे लोग मुकदमा लड़ने वाले थे, कहीं न कहीं उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को सही ढंग से नहीं निभाया, ऐसा मैं मानता हूं। मुकदमा जब लड़ा जाता है, उसके 13 वर्षों बाद हम गवाह पेश करते हैं। इससे साबित होता है कि हम कितनी मुस्तैदी से इस मुकदमे को लड़ रहे हैं। अभियोजन पक्ष की जो एजेंसी है, सीबीआई है, उसके वकील श्री सहाय ने अदालत के सामने तर्क प्रस्तुत करते हुए आरोप लगाया कि यूनियन कार्बाइड आफ इंडिया लि. के संयंत्र के त्रुटिपूर्ण डिजाइन के कारण यह हादसा हुआ है। सन् 1982 में एक कर्मचारी की जब मौत होती है, तो उसके उपरान्त अमेरीका से जांच करने एक टीम आती है। वह टीम यह बताती है कि इसके डिजाइन में कमियां हैं और इसे सुधारने की जरूरत है। जब इस तरह की जांच रिपोर्ट आती है, तो उस रिपोर्ट पर अमल क्यों नहीं किया गया, उसमें सुधार क्यों नहीं किया गया? इससे लगता है कि सरकार की निश्चित रूप से यह कमी है।

यूनियन कार्बाइड कार्पोरेशन की जो रिपोर्ट थी, उस रिपोर्ट के बाद जो फैसला आया, अभी जैसे मुख्य दंडाधिकारी श्री मोहन पी. तिवारी ने 23 साल बाद फैसला सुनाया। उस फैसले में उन्होंने सात लोगों को दोषी करार दिया है। एक-एक लाख रुपये से अधिक का उनके ऊपर जुर्माना और दो साल की सजा सुनाई गयी है। लेकिन सबसे विडम्बना की बात है कि उसके तुरंत बाद 25-25 हजार रुपये के निजी मुचलके पर ऐसे अपराधियों को छोड़ दिया जाता है। आज जहां तक वारेन एंडरसन की बात है, कैसे वह

भागा, कौन उसके भागने के लिए जिम्मेदार है, लेकिन हमारी सरकार इतने दिनों में उसका प्रत्यर्पण अब तक नहीं करा पाई है।

अभी हमारी प्रतिपक्ष की नेता कह रही थीं कि इंग्लैंड और अमरीका के जहाज जिनसे तेल के रिसाव के कारण प्रदूषण हुआ मैक्सिको की खाड़ी में, अमरीका ने उससे भारी भरकम रकम ली। लेकिन इतने बड़े हादसे में, जहां इतने गरीब लोग मरे, इतने बड़े पैमाने पर लोग मरे, जो घायल हुए उनका तो आंकड़ा ही नहीं है, जो उसके दुष्परिणाम से आज अपंग हो गये, उनका कोई आंकड़ा सरकार के पास नहीं है। क्या यह सरकार अमरीकी सरकार से इसके लिए संघर्ष नहीं कर सकती है, इसके लिए लड़ाई नहीं लड़ सकती है। निश्चित रूप से हमारी सरकार की यह कमजोरी है। इसलिए सभापति महोदय, मैं बात को लम्बा न कहते हुए, आपके माध्यम से सरकार से अपील करना चाहूंगा कि आज भी जो पीड़ित परिवार है, जो लोग मर गये हैं, उनके अलावा जो लाखों की तादाद में अपंग हो गये हूं लंगड़े-लूले हो गये हैं, काम करने लायक नहीं हैं, ऐसे लोगों को कम से कम दस-दस लाख रुपये का मुआवजा देने की जरुरत है ताकि उनकी भी जिंदगी चल सके। हम आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहते हैं तथा सदन से कहना चाहते हैं कि इसी सदन में तमाम ऐसे निर्णय लिये जाते हैं जो विनाशकारी होते हैं, जैसे परमाणु-डील की बात आई थी, तमाम जगहों पर हादसे हुए, इंग्लैंड में भी एक हादसा हुआ था, लाखों लोग उसमें मरे थे। ऐसे जो निर्णय हैं, उन्हें हमें सोच-समझकर लेना चाहिए, उस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए, ताकि हमें फिर से ऐसे हादसे का शिकार न होना पड़े।

श्री मंगनी लाल मंडल (झंझारपुर): सभापति महोदय, मैं यहीं से अपनी बात रखना चाहता हूं और इसके लिए आपसे इजाजत चाहता हूं।

सभापति महोदय : ठीक है, बोलिये।

श्री मंगनी लाल मंडल : महोदय, प्रतिपक्ष की माननीय नेता ने और समाजवादी पार्टी के हमारे मुलायम सिंह यादव जी ने सभी पक्षों को उद्घाटित किया है। सरकार की ओर से जवाब आयेगा लेकिन सरकारी पार्टी की ओर से जो बात रखी गयी है उसमें पता नहीं चल रहा था कि अमरीका का बचाव हो रहा है या कांग्रेस की ओर से कंपनी का बचाव हो रहा है या एंडरसन का बचाव हो रहा है या कहीं गलती हुई है तो उसका परिमार्जन न होकर के उससे मुक्त होने की बात हो रही है। वर्ष 1996-97 का उल्लेख करके कहा गया कि कांग्रेस की सरकार नहीं थी।

यह बात सही है कि कांग्रेस की सरकार नहीं थी, लेकिन कांग्रेस की समर्थी सरकार थी, श्री देवेगौड़ा और श्री इन्द्रकुमार गुजराल की सरकार थी। उससे पहले 1995 में कांग्रेस की सरकार थी। 1984 में 3 और 4 तारीख की रात में, जो अब तक औद्योगिक क्षेत्र की सबसे बड़ी मानवीय त्रास्दी हुई थी, उसके बाद थाने में जो प्राथमिकी अंकित की गई और बाद में सीबीआई को यह मुकदमा हस्तांतरित किया गया, उसके बाद जितनी धाराएं लगाई गई थीं, उन पर चर्चा नहीं हुई, क्योंकि 1995 में एक अध्यादेश आया था कि जो पीड़ित व्यक्ति हैं, वे इस केस में पार्टी नहीं हो सकते हैं और इस केस में केंद्र सरकार पार्टी बनेगी। उस अध्यादेश द्वारा पीड़ित लोगों को अपनी बात अदालत में रखने से वंचित किया गया। यह अध्यादेश किस परिस्थिति में आया था, जिसे 1995 में कानून के रूप में इस सदन द्वारा परिवर्तित किया गया। जब वह अध्यादेश कानून में परिवर्तित हो गया, तो 1996 में मामला सर्वोच्च न्यायालय में गया। सर्वोच्च न्यायालय से फैसला आया और कहा गया कि भारतीय दंड संहिता 304 (a) के तहत यह मुकदमा चलेगा। सरकार को उत्तर देना पड़ेगा, क्योंकि 1995 में कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी। 1996-97 में उसकी समर्थित सरकार थी, जब सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला लिया। अभी जो निर्णय आया है वह भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (a), 338, 337 और 336 के आलोक में आया है। यहां उत्तर प्रदेश के पूर्व एडवोकेट जनरल श्री विजय बहादुर सिंह बैठे हैं, वे हमें करेक्ट करेंगे कि कोई और सैक्शन था या नहीं था। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि इन धाराओं के चलते निचली अदालतों से जो फैसला आया और 1995 में जिस अध्यादेश को परिवर्तित करके यहां कानून बनाया गया और 1996 में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय लिया कि 304 (a) के तहत ही मुकदमा चलेगा, जिसमें अधिकतम दो वर्षों की सजा हो सकती है। अगर वाहन चलाते समय चालक की लापरवाही से कोई दुर्घटना होती है और उस दुर्घटना में अगर कोई मर जाता है, तो उसमें

अधिकतम सजा दो वर्ष की होती है। भोपाल में जो 15 हजार आदमी मरे, 15 हजार की संख्या रिकार्ड में अभिलिखित है और जो मुलायम सिंह यादव जी कह रहे थे कि 25 हजार संख्या है, जिनकी गणना सरकार के अभिलेख में नहीं की गई है और जिन्हें अभी तक मुआवजा देने की सूची में नहीं रखा गया है। इतने लोगों की मृत्यु हुई और ये काल के गाल में समा गए, इतनी बड़ी मानवीय त्रास्दी हुई और इन लोगों को मारने वालों की सजा केवल दो साल दी गई।

महोदय, जिस समय अदालत में निर्णय हो रहा था, उस समय हजारों की संख्या में गैस पीड़ितों के आश्रित लोग और जो विकलांग हो गए, वे बाहर एकत्रित थे। जब दो वर्ष की सजा दी गई और मामूली राशि का दंड सुनाया गया, तो बाहर लोगों ने शोर मचाया कि फांसी दो, फांसी दो, दोषियों को फांसी दो।

किस को फांसी दो, एंडरसन को फांसी दो, वह कहां चला गया? 1971 में बांगलादेश की मुक्ति में भारत सरकार की सीधी हिस्सेदारी थी। अमरीका से नहीं डरे, क्यों नहीं डरे क्योंकि वहां कोई कम्पनी नहीं थी। जो कम्पनी हमें एप्रोच करती। किकबैक्स नहीं मिलता। उस समय हमारी राष्ट्रीय सार्वभौमिकता का भी सवाल था और उसी को हम लक्ष्य करके चल रहे थे। हमने अमरीका का मुकाबला किया और बांगला देश पूर्वी पाकिस्तान से मुक्त होकर बना। एंडरसन भागा नहीं, उसे भगाया गया। श्री मुलायम सिंह यादव जी ने ठीक ही कहा कि उसे रात में नहीं, छिपा के नहीं, टैक्सी में नहीं बल्कि सरकारी हवाई जहाज में दूल्हा की तरह भगाया गया। उसे 7 दिसम्बर को भगाया गया । सरकार बताये कि यह घटना जब 3-4 दिसम्बर की रात में घटी और 4 दिसम्बर, 1984 में स्थानीय थाना में जो कांड अंकित हुआ था, उसमें एंडरसन अभियुक्त था कि नहीं? अगर एंडरसन अभियुक्त था तो जिस किसी ने बिना अदालत की परमीशन के भगाया, चाहे उस समय का मुख्यमंत्री रहा हो, या कलैक्टर रहा हो, चाहे एस.पी. रहा हो, उस समय एंडरसन के खिलाफ थाना में जो कांड अंकित किया गया था, अगर किसी धारा के अंतर्गत वह अभियुक्त था तो अब तक उसके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है? सब को केस में रखा जाये। जो निर्णय हुआ है, अब कुछ लोग रो रहे हैं। कांग्रेस का जो जवाब आया, वह पुरुषार्थ का जवाब नहीं है। राष्ट्रीय सार्वभौमिकता का जवाब नहीं है। वह राष्ट्रीय शर्म का जवाब है। कुछ तो शर्म करो, एंडरसन का बचाव करते हो, सीना तानकर कम्पनी का बचाव करते हो।

(Interruptions) ...[*]

सभापति महोदय : ऑनरेबल मैम्बर ने पीछे बैठकर जो कहा है, वह रिकॉर्ड में नहीं जायेगा।

---

[*] Not recorded.

श्री मंगनी लाल मंडल : सभापति महोदय, सरकार ने एक राष्ट्रीय नीति की घोषणा की और अभी कहा गया और समाचार पत्रों में छपा है कि सरकार ने एक क्यूरेटिव पैटीशन उच्च न्यायालय में दाखिल की है। जब 1996 में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि धारा 304ए के तहत मुकदमा हो सकता है तो उसके बाद 1996 और 1997 में कांग्रेस की बैसाखी पर उस समय की सरकार चल रही थी...(व्यवधान)

सभापति महोदय : जो ऑनरेबल मैम्बर बैठकर पीछे से बोल रहे हैं, वह रिकॉर्ड में नहीं जायेगा।

... (Interruptions) ...[*]

श्री मंगनी लाल मंडल : महोदय, जो निर्णय हुआ, उसके बारे में मैं बताना चाहता हूं कि इनके लॉ मिनिस्टर ने क्या कहा? उन्होंने कहा कि यह ऐसा मामला है, जिसमें न्याय में विलम्ब हुआ। सरकार आपकी और रोते हैं आप। आपकी सरकार लगातार है। कहते हैं कि एनडीए की सरकार पांच साल रही थी। पांच साल का हिसाब कितने वर्षों में से लेंगे। एनडीए की सरकार ने एंडरसन की गिरफ्तारी के वॉरंट को तामील करवाया था, यह श्रीमती सुषमा स्वराज जी ने बताया है। लेकिन अब लॉ मिनिस्टर रोते हैं। यह घड़ियाली आंसू हैं। इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी के ऊपर आंसू बहाकर समझते हैं कि जनता को ऐसा कहकर कोस लें कि यह ऐसा मामला है, जिसमें न्याय में विलम्ब हुआ और व्यावहारिक तौर पर न्याय नहीं दिया गया है। मैं कहना चाहता हूं कि न्याय को दफना दिया गया है। यह किसने कहा? यह हमने नहीं कहा, हमारे नेता श्री शरद यादव जी ने कहा, प्रतिपपक्ष की नेता श्रीमती सुषमा स्वराज ने नहीं कहा, श्री मुलायम सिंह यादव ने नहीं कही, यह बात वीरप्पा मोइली जी ने कही है, जो कि लॉ मिनिस्टर हैं। यह केवल उन्होंने ही नहीं कहा है, यह ऍटार्नी जनरल जी.ई. वाहनवती ने कहा है। उन्होंने कहा कि 304ए में तो अभियुक्तों को इससे ज्यादा सज़ा का प्रावधान नहीं है। यह निचली अदालत के वकील भी जानते हैं। लेकिन आप तो भारत सरकार के एटॉर्नी जनरल हैं। उन्होंने कहा है कि गैस कांड के आरोपियों पर अपराध नियंत्रण करने के लिए वर्ष 1996 में जो फैसला हुआ था, वह कानून के हिसाब से गलत था। फैसले में काफी विरोधाभास है। लॉ मिनिस्टर कुछ और, उसी के समर्थन में एटॉर्नी जनरल कुछ कहते हैं। सरकार आपकी है, लेकिन एंडरसन का प्रत्यार्पण आप नहीं कर सकते हैं। आप एंडरसन को ले आइए। हम समझेंगे कि आपकी सरकार राष्ट्रीय प्रतिष्ठा, सम्मान और सार्वभौमिकता को संरक्षित करने वाली सरकार है। इसने एंडरसन को लाकर दिखा दिया। जब अदालत से फैसला आया तो अमरीका ने कहा कि यूनियन कार्बाइड के खिलाफ किसी प्रकार की कार्यवाही करने का कोई सवाल नहीं उठता है। दूसरी बात उन्होंने कही कि एंडरसन के प्रत्यर्पण करने का कोई सवाल नहीं उठता है। एंडरसन का प्रत्यर्पण क्यों नहीं हुआ? सरकार के दो-तीन विभागों में लड़ाई

[*] Not recorded.

चल रही है। अभी आपने एक नियमन दिया। मैं उस नियमन का प्रतिकार नहीं करना नहीं कर रहा हूं, लेकिन कलैक्टिव रिसपोन्सिबिलटी सरकार की है। महामहिम राष्ट्रपति ने प्रत्येक मंत्री के विभाग निर्धारित किए हैं। यदि वह मंत्री जिनकी जवाबदेही तय है, सदन में आसन की परमीशन से नहीं रहेंगे,...(व्यवधान) आपसे परमीशन नहीं ली है और यहां से गायब हैं...(व्यवधान)

सभापति महोदय : मंत्री जी, बताकर गए हैं। उन्हें अपर हाउस में कुछ काम है, इसलिए बताकर गए हैं।

श्री मंगनी लाल मंडल : महोदय, एंडरसन का प्रत्यर्पण क्यों नहीं हो सका? अमरीका ने कहा कि साक्ष्य नहीं है। इसलिए प्रत्यर्पण नहीं होगा। जब विदेश मंत्रालय को जवाबदेह ठहराया गया, यह अखबार में बात छपी है कि विदेश सचिव ने मंत्री समूह की बैठक में कहा कि विदेश मंत्रालय इसके लिए जवाबदेह नहीं है।

सरकार को इसके लिए साथ देना चाहिए था ताकि अमेरिका को हम संतुष्ट कर सकते और उसका प्रत्यर्पण होता। साक्ष्य देना किस का काम था, एनडीए, समाजवादी पार्टी या बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई या सीपीएम का काम था, साक्ष्य जुटाना सरकार का काम था। यह सरकार लगातार इतने सालों से हैं, सरकार ने साक्ष्य क्यों नहीं जुटाया? ...(व्यवधान) हमारी पार्टी के एक वक्ता श्री अर्जुन राय जी और हैं, उनका भी नाम है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि नये सिरे से जो क्यूरेटिव पेटीशन दाखिल की है और जो भी राष्ट्रवाद नीति आपने बनाई है, उसका जो भी नारा हो, जितना भी सक्षम हो, एंडरसन को लाने की कार्यवाही नये सिरे से होनी चाहिए। जो पीड़ित व्यक्ति हैं, उनके मुआवजे की राशि बढ़ाई जानी चाहिए। जिन लोगों को दो साल की सजा मिली है, उन्हें फांसी की सजा देने के लिए सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। जिन लोगों ने हवाई-जहाज से एंडरसन को भगाया, जिनकी मिलीभगत रही या जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इसमें भागीदार हैं, उन सब को कानून द्वारा सजा मिले, इसकी कार्रवाई होनी चाहिए। मैं इस पर सरकार से जवाब चाहूंगा।

SHRI PINAKI MISRA (PURI): Mr. Chairman, Sir, before I begin my speech, I just want to make a little request. My track record will speak for itself, the bell goes and I sit; I am one of those disciplined Members, who has never breached the bell. I breach you to give me a little more time today because this is an issue of such seminal importance and I have some observations and suggestions, which I think, the House might find enlightening. So, give me a little more time. The Biju Janta Dal has enough MPs, I think, in this House is to warrant a little more time.

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, I am sorry. There are so many speakers to speak on this subject. So, please confine yourself to the time allotted to your party.

SHRI PINAKI MISRA : Mr. Chairman, in 26 years, since the night of 2nd and 3rd of December, 1984, I think this must be the 26th time that this august House is debating or discussing the Bhopal gas tragedy. It has gone on to become an annual ritual. Every year, this happens around December 2nd and 3rd because the Parliament is always in Winter Session during this period. Therefore, there is a ritualistic outpouring of sorrow; there is a ritualistic outpouring of anguish; there is a ritualistic outpouring of what has not been done. It is like a collective lament that has gone on in this House.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे राजस्थान राज्य में पेयजल के निदान के लिए विशेष वित्तीय पैकेज की मांग उठाने के बारे में समय दिया। राज्य को आवंटित सभी जल संसाधनो का समुचित व लाभकारी उपयोग हो, इस दिशा में यमुना जल, सतलुज और व्यास जल की परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन आवश्यक है। साथ ही कुशल जल प्रबंधन के लिए दावित सिंचाई पद्धति को अपनाना, नहरी व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, पाइप लाइनों में जल छीजक को कम करना, री-साइकलिंग द्वारा जल शुद्धिकरण, जल का कृषि व बागवानी कार्यों में उपयोग तथा वर्षा के जल का संरक्षण सम्मिलित किया जाना चाहिए।

वर्तमान में राजस्थान सरकार ने 49,747.20 करोड़ रुपये लागत की 83 महत्वपूर्ण पेयजल योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें जल संरक्षण, जल छीजक कम करना, जल शुद्धिकरण व वर्षा के जल का संरक्षण कर जल प्रबंधन की दिशा में जल की एक-एक बूंद का उपयोग करना शामिल है। ...(व्यवधान) राज्य के समुचित विकास के लिए स्वच्छ पीने योग्य जल की उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार के सीमित साधनों व धन स्रोतों को देखते हुए विशेष केन्द्रीय सहायता प्रदान किया जाना नितांत जरूरी है, ताकि वर्तमान मे चालू की गयी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को चालू रखा जा सके तथा श्रद्धेय स्वर्गीय नेता राजीव गांधी जी के भारत निर्माण के सपने का राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसके लिए वर्तमान में 10 हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की विशेष वित्तीय सहायता जारी कर कुल 50 हजार करोड़ रुपये की राशि पांच वर्ष में राजस्थान सरकार को उपलब्ध कराना आवश्यक है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री महोदय से विनम्र निवेदन करता हूं कि जमीनी हकीकत को समझते हुए तथा राज्य की सामाजिक आपदा को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त विशेष सहायता, धनराशि उपलब्ध कराकर जल परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मदद करे, जिससे राजस्थान वासियों को स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो सके। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री हरिभाऊ जावले (रावेर): सभापति महोदय, आपने मुझे रावेर संसदीय क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण मामला उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। मेरा रावेर लोक सभा मतदान संघ महाराष्ट्र राज्य के जलगांव जिले में है जहां से पूरे देश को केला सप्लाई होता है। हर रोज पांच हजार मीट्रिक टन केला नार्थ इंडिया में आता है जिसमें सब राज्य हैं। दो महीने से वहां के केला उत्पादक किसान और व्यापारी परेशान हैं, जिसका कारण हैल्थ मिनिस्ट्री का एक कायदा है।

हैल्थ मिनिस्ट्री के एफडीए डिपार्टमेंट ने पीएफए एक्ट के अनुसार बनाना राइपेनिंग करने वाले सभी व्यापारियों के ऊपर आपराधिक मामले दर्ज करना शुरू किया है। उनके सभी गोडाउन्स सील किए जा रहे हैं, उनको अरेस्ट किया जा रहा है और इसके पश्चात् व्यापारियों ने केले की खरीद बंद कर दी है। बनाना एक पेरिशेबल फ्रूट है, करोड़ों रूपए का बनाना आज किसानों के खेतों में खराब हो रहा है। मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट करूंगा कि इसका कुछ न कुछ रास्ता निकालना चाहिए। इस एक्ट के अनुसार कैल्शियम कार्बाइड यूज करने पर बैन है, लेकिन हमारे व्यापारी एथिलीन और एथिफॉ यूज करते हैं जिन पर कोई बैन नहीं है। केन्द्र सरकार के ही कृषि मंत्रालय के हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट ने 28 तारीख को एक क्लेरिफिकेशन दिया है कि एथिलीन और एथिफॉ यूज कर सकते हैं, लेकिन हैल्थ मिनिस्ट्री के एफडीए के अधिकारी इसे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। मैं आपके माध्यम से रिक्वेस्ट कर रहा हूं कि हैल्थ मिनिस्ट्री के अधिकारियों को इसकी सूचना मिलनी चाहिए और जो व्यापारी केले की प्राधिकृत (ऑथराईज्ड) राइपेनिंग करते हैं, उनके ऊपर जो कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं, उसे बंद करना चाहिए, उनके खिलाफ जो एफआईआर दर्ज की गयी है, उसे वापस लेना चाहिए, जिनको अरेस्ट किया गया है, उनको छोड़ देना चाहिए। यही मेरी मांग है।

श्री यशवंत सिन्हा (हज़ारीबाग): महोदय, चार जुलाई को हमारे निर्वाचन क्षेत्र में एक अत्यंत दुखद घटना घटी। वहां रामगढ़ जिले में मां छिन्नमस्तिका का एक बहुत ही पवित्र मंदिर है, जो एक सिद्धपीठ भी माना जाता है। चार जुलाई की रात को वहां कुछ शरारती तत्व मंदिर के अंदर घुस गए और उन्होंने मां के मंदिर, मां की प्रतिमा को तोड़ा, वहां जो बहुमूल्य सामान थे, उनको चुराया। एक बहुत शर्मनाक घटना वहां पर घटी। खुशी की बात यह है कि दोनों समुदायों के लोगों ने इसके बाद आंदोलन किया कि उन शरारती तत्वों को पकड़ा जाए। आज के दिन मैं इस सदन में यही बात कहने के लिए खड़ा हुआ हूं कि हम लोगों ने कुछ दिनों बाद इस बात की मांग की थी, कि जिला पुलिस बल सक्षम नहीं हो रहा है उन अपराधियों को गिरफ्तार करने में, इसमें किसी बड़े अंतर्राष्टीय गैंग का हाथ है। वही लोग इस तरह का काम करते हैं। इसीलिए हम लोगों ने यह मांग की थी कि इसमें झारखण्ड सरकार, जहां राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है, सीबीआई जांच कराए। दुर्भाग्य से आज तक न इस मांग के ऊपर कार्रवाई हुई है, न ही अपराधी पकड़े गए हैं। इसलिए आज आपके माध्यम से और इस सदन के माध्यम से, नारायणसामी जी यहां बैठे हैं, झारखण्ड के राज्यपाल इनके निकट मित्र हैं, मैं विशेष आग्रह कर रहा हूं कि झारखण्ड सरकार को आप निर्देश दें कि वह तत्काल इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश दे ताकि अपराधी तत्वों पर कानून के अंतर्गत कार्रवाई हो सके और उनको इसके लिए दंडित किया जा सके।

श्रीमती जे. शांता (बेल्लारी): महोदय, मैं कर्नाटक के बेल्लारी क्षेत्र की एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाना चाहती हूं। यह समस्या रेडियो कार्यक्रम के प्रसारण में उत्पन्न होने वाली बाधा से संबंधित है। वैसे बेल्लारी ही देश का शायद पहला ऐसा जिला है जहां दो-दो रेडियो स्टेशन हैं। एक रेडियो स्टेशन बेल्लारी में है जबकि दूसरा एफएम रेडियो स्टेशन है, जो वहां से 60 किलोमीटर दूर हॉसपेट में है। वहां का पूरा क्षेत्र ऊंची पहाड़ियों से घिरा है जिसके कारण रेडियो तरंगें श्रोताओं तक नहीं पहुंच पाती हैं और कार्यक्रमों का प्रसारण बाधित होता है।

पिछले सात वर्षों यह रेडियो स्टेशन केवल रिले सेंटर के रूप में काम कर रहा है जहां बेंगलुरू से कार्यक्रमों का प्रसारण होता है। पहले केवल सुबह 6 बजे से 10 बजे तक ही प्रसारण होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है। रेडियो स्टेशन के निर्माण तथा विस्तार का काम चल रहा है, लेकिन इसकी गति काफी धीमी है। मैंने इसके बारे में जुलाई, 2009 में सूचना तथा प्रसारण मंत्री को पत्र भी लिखा था।

मेरा सरकार से तथा मंत्री जी यही अनुरोध है कि बेल्लारी में रेडियो स्टेशन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही वहां जल्द से जल्द आवश्यक उपकरण लगाए जाएं। मैं यह भी अनुरोध करूंगी कि इन सुविधाओं के आने तक वहां बेंगलुरू से रिले प्रसारण को 12.00 बजे के बाद भी जारी रखा जाए।

श्री मनोहर तिरकी (अलीपुरद्वार): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान दार्जिलिंग की वर्तमान बिगड़ती हुई गम्भीर आर्थिक और राजनैतिक परिस्थितियों की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। मैं केन्द्रीय सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस विश्वविख्यात शैल शहर को बचाने की प्रक्रिया शीघ्र चालू की जाए।

महोदय, विगत तीन सालों से दार्जिलिंग की वर्तमान राजनैतिक व्यवस्था गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के हिंसापूर्ण और अगणतांत्रिक आंदोलन चलाने से पूरा पहाड़ और समतल अस्त व्यस्त हो गई है। लगातार बंद करना, विरोधी दलों को राजनैतिक कार्यक्रमों में भाग न लेने देना, उनके घरों को जला देना, जन प्रतिनिधियों का दार्जिलिंग प्रवेश में बाधा देना, खुले आम नेताओं की हत्या, स्थानीय निकायों, पंचायत, म्यूनिसिपालिटी चुनाव रोकना, सविधान के खिलाप काम करना, किसी तरह का टैक्स न देना, हर सरकारी आफिस को बंद कर देना और विकास के सभी कामों को बंद कर देने से जन जीवन परेशान है।

दार्जिलिंग का मुख्य उद्योग पर्यटन और चाय है, जो कि बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तिस्ता हाइडल प्रोजेक्ट निर्माण का काम रोक दिया है, जिससे निर्माण खर्चा दिन पर दिन बढ़ रहा है। वहां स्कूल-

कालेजों में पढ़ने के लिए देश भर के विद्यार्थी आते हैं। उनकी पढ़ाई बंद होने जा रही है। जी.एल.पी. (गोरखा लैंड पर्सनल) के नाम पर समानान्तर पुलिस तैयार कर प्रशासन अपने हाथों में ले रखा है।

इस आंदोलन को दार्जिलिंग पहाड़ से हटाकर समतल के दुवार्स में लाया गया है। जिससे गोरखा और आदिवासी, बंगाली, बिहारी, राजवंशी तथा अन्य जातियों में तनाव फैल गया है। इतने दिनों का सौहार्द भ्रातृत्व बोध को भयंकर साम्प्रदायिक भेदभाव में बदला जा रहा है।

महोदय, राज्य सरकार हमेशा से ही भारतीय नेपाली लोगों तथा पिछड़े सम्प्रदायों के विकास के लिए वचनबद्ध है। पहाड़वासियों की भावनाओं को मर्यादा देते हुए दार्जिलिंग गोरखा हिल कौंसिल गठित की गई थी। लेकिन गोरखा हिल कौंसिल दार्जिलिंग की मूलभूत समस्याओं का निदान नहीं कर पाई है। फिर से विकास के लिए क्षमताशील विकल्प व्यवस्था ग्रहण की जाए, इस बारे में चर्चा चलाई जा रही है।

हम छोटे-छोटे राज्यों के गठन के पक्ष में नहीं हैं। हमारा अनुभव छोटे राज्यों जैसे झारखंड, मेघालय, नागालैंड इत्यादि राज्यों का है। केन्द्र सरकार त्रिपक्षीय वार्ता के लिए आमंत्रण कर दार्जिलिंग में शीघ्र शांति कायम करे, यही मेरा निवेदन है।

*SHRI C. SIVASAMI (TIRUPPUR): Mr. Chairman, Sir, in Tamil Nadu, NH-47 that passes through Coimbatore and Tiruppur Districts is being widened now as a six-lane highway. Right now, the section between Sengampalli and Walayar is witnessing the progress in this widening work. Cultivable lands and residential plot areas from the private people are being acquired by the Government for the purpose of widening the road. The compensation that is being paid to the land owners are very low. Towns like Sengampalli, Perumanallur, Avinashi, Karumathampatti are situated on this highway. In these areas, the open market value of land per acre is Rs. 1 crore. The valuation by land registration authorities remain much less than the open market value and it is less than Rs. 10 lakh per acre. Due to this, the land owners are getting only $1/10^{th}$ of the value of their land when they hand over their land for public purpose to the Government. So there is a need to pay adequate compensation considering the fact that these farmers are not able to purchase land in other areas with that meagre money to carry on their farming activity to earn their livelihood. At a time when Government are taking measures to help ease the burden of people to contribute to our economy, these poor and marginal farmers who offer their lands to the Government must not be left in the lurch to fend for themselves. They have offered their land for a common cause to the Government so that Government may provide to the public a six-lane highway. This factor must be borne in mind when compensation is paid to such farmers and must be helped to carry on with their livelihood elsewhere. The compensation must help them to rehabilitate themselves. Hence, I urge upon the Government to pay compensation commensurate with the market value as a better deal for they have contributed for the betterment of the public roads system. Thanking the Chair for the opportunity, I conclude.

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil

SHRI NARAHARI MAHATO (PURULIA): Thank you, Sir. The work under Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana (RGGVY) has been continuing for more than three years in my Parliamentary constituency. Purulia district comprises of 20 blocks; 170 Gram Panchayats; three Municipalities and more than 2,500 villages. The work is going on, but the work regarding electric supply under the RGGVY has not been completed. The standard of equipment being provided for electric supply under the RGGVY is of very low standard.

We appeal, through you, to the Minister that the poor people, backward people, Scheduled Tribes people, Scheduled Castes people and those who are living in remote villages, that is, more than 9 or 10 blocks are affected with Maoist activities and many events are taking place on a day to day basis.

Electricity is most essential nowadays for the benefit of the poor people, students and all sections of inhabitants, but the work has not been completed. An assurance was given that the work will be completed by 31 March 2010, but the work has not been completed till today. Most of the tolas under the mozas are not being electrified. Therefore, my humble submission, through you, to the Minister is that the work for a backward district in West Bengal under RGGVY should be completed immediately. This is my humble submission to you.

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Thank you, Sir. I would like to utilize this opportunity to bring an important subject to the attention of this august House for a timely solution. It is regarding one of the upcoming mega-projects of India, namely, the International Container Transshipment Terminal at Vallarpadam, Cochin. This project is considered as the prestigious port-project of our country. I would like to congratulate our hon. Prime Minister and the UPA Chairperson for bringing such a mega-project, which is going to be a prestigious project for India.

19.00 hrs.

The terminal is immensely seeking "relaxation in cabotage law" for its smooth opening and getting pace in operations. This transhipment project is facing a crisis in its initial stages.

But as we know, Cabotage provisions under the Merchant Shipping Act restrict operation of foreign flag ships between Indian ports. Implementation of

this law may be destructive for a new mega project like Vallarpadam because it will be beaten on the prospects of this super project, as we don't have sufficient transit infrastructure to meet the demands for the transhipment and it will lead to delay in the operations of cargo vessels along with extra costs.

If the terminal gets the cabotage relaxation it will allow foreign shipping vessels to carry cargo between Vallarpadam and other Indian ports. This special privilege is expected to help the port to ensure faster pooling of cargo and their delivery. Everybody believes this will enable the terminal to attract the Indian cargo, now being transhipped at the neighbouring ports of Colombo, Singapore and Dubai.

The transhipment hub needs the back-up of feeder services to pool cargo from other Indian ports and to deliver imported cargo to the final destinations. If, Indian feeder operators do not have the capacity to provide the required service then the foreign lines should be allowed to operate between the terminal and Indian ports. According to trade estimations, annually around three million TEUs of Indian cargo is transhipped through Colombo alone. If this traffic can be handled at Kochi, there will be a considerable saving in transit time and costs for Indian shippers. It is claimed that if Vallarpadam is given the cabotage relaxation, at least one million TEUs of the three million TEU of Indian cargoes now being handled at Colombo can be diverted to Kochi.

In fact, the Vallarpadam project itself was conceived of with the objective of developing a transhipment hub in India to help the country's sea trade.

I am sure that if the relaxation on cabotage for Vallarpadam is not considered, it will be adverse to the growth of entire Indian shipping industry along with degradation of Vallarpadam project. In fact as per the cabotage law, the trans-shipment containers coming from abroad and bound for other Indian ports, and containers originating in Indian ports and transhipped at Cochin on their way to overseas destinations, can be treated as domestic cargo. It is a vital clause in the

Merchant Shipping Act and if it is being implemented strictly for a new port such as Vallarpadam, definitely it will adversely affect the potential of this project.

As we know the terminal is being set up at a cost of 500 million US dollars and is expected to be commissioned in near future and it will have the capacity to handle 1.2 million TEUs annually in the first phase and three million TEUs on full completion of the project.

So my request to the Government, especially to Shipping Ministry, is that urgent instructions may be given to the Director General of Shipping for relaxing the cabotage law, aiming at convenience and for the smooth opening in operations and development of this India's prestigious project. .

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): Thank you very much for giving me this opportunity. A bypass road has been constructed on NH-4 in my constituency, Hubli-Dharwad, which is the second biggest city after Bengaluru. This bypass is a 30-kilometre stretch which has been constructed and this has been constructed under BOT (Build, Operate and Transfer). This bypass was constructed well before the Golden Quadrilateral between Bengaluru and Pune, that is, on National Highway 4. But after conversion, during Atal Bihari Vajpayeeji's period, into four-lane of this National Highway 4 between Bengaluru and Pune, this bypass remained as a single lane. That has become a bottleneck. From the outskirts of Hubli, from a place called Gabbur, to Narendra at Dharwad outskirts, it is a single lane. Bengaluru to Pune, it is a six-lane highway, but between Hubli and Dharwad bypass, since it is under BOT, still it is remaining as a single lane and it has become a bottleneck.

Now, the traffic has increased manifold. After completion of the work by 2004 end, till now this bypass on the National Highway itself has remained a single lane. It is causing a lot of traffic hazards, and a lot of accidents have already taken place. That is why, many a time, I have met the Minister and requested him to convert this bypass into a four-lane or a six-lane as the NH-4 is under consideration for conversion into a six-lane. The Government should convert the

bypass or persuade the BOT holder to convert it into a six-lane. Otherwise, people are already agitating. Many people have died in accidents.

I urge upon the Government to immediately to look into the matter and either persuade the BOT holder or to take over from the BOT holder after due payment to him and convert it into a six-lane. Thank you.

श्री भूदेव चौधरी (जमुई) : सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपका ध्यान शून्यकाल के माध्यम से बिहार राज्य के जमुई लोकसभा क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जो मेरा जमुई क्षेत्र है, यह क्षेत्र अपने आप में एक संवेदनशील क्षेत्र है। गरीब बाहुल्य तथा अत्यन्त ही पिछड़ा हुआ इलाका है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिले में एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है जिससे क्षेत्र के दलितों और गरीबों के बच्चे अच्छी शिक्षा के पठन पाठन से वंचित रह जाते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जमुई जिले में एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना किये जाने के निमित्त सरकार आवश्यक कार्रवाई करे।

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): With the permission of the Chair, I wish to bring an important issue to the notice of the hon. Minister of Steel. Salem Steel Plant was started in 1970s. At that time, for the use of the plant operation and for the residency use, the Steel Plant authorities laid a pipeline for taking water from Poolampatti. From Poolampatti to the plant site, a bitumen tar road was formed for maintaining the pipeline. The villagers on either side of the said road were allowed to use the road. Even now they are using the said road. Now the road was in a bad shape with many potholes and it would no longer be used. If it is re-laid with pucca metal topping, it would be very useful for both the public and the employees also to maintain the pipeline. So, I request the hon. Minister of Steel to take up the issue on an urgent mode and allot sufficient fund for relaying the road at a length of nearly 25 kilometres. If not possible to take up the work at a stretch, the relaying work may be taken up in a phased manner at least. I hope the hon. Minister will pay heed to my request.

RAJKUMARI RATNA SINGH (PRATAPGARH): I would like to bring to your kind notice that in the year 2006, the Government of India started BRGF fund

which was for the backward regions of India and over 250 districts were taken up and over 30 districts in Uttar Pradesh and my district Pratapgarh was taken up. But in Uttar Pradesh, we find that the work is going very slow. In all these years, only one set of funds has come. Money has reached Pratapgarh for only one year, that is, the year 2007-2008 of a sum of Rs.18.66 crore. For the year 2009-10, the funds have just been recently released about one week ago. The remaining years, 2006-07, 2008-09 and 2010-11, no funds have come and the schemes which have been taken specially for the years 2006-07 and 2008-09 do not have the same relevance now. Through you, I would request you to ask the Rural Development Ministry that in Uttar Pradesh where the funds are not going, these new set of things should be taken up and they should be sanctioned with the recommendations of the MPs. Just now, the MP is not being involved in the sanctioning process and we feel that as this is a fund completely given by the Government of India and the State Government has no financial involvement in this, there should be a new guideline given because this fund is only for five years. And only two years the money has come to Uttar Pradesh. The new guidelines should be taken and the funds should be sanctioned with the MP's recommendation.

For the year 2007-08, the agencies to which these funds were given were not according to guidelines. So, I would request the Government to ensure that an inquiry is held, especially in Pratapgarh, to find out on what these funds have been spent for the year 2007-08.

SHRI SURESH KUMAR SHETKAR (ZAHEERABAD): Mr. Chairman, Sir, I would like to draw the kind attention of the august House to the dire need to include agriculture related works and its workers in the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme.

The Planning Commission in its recent report has stated that the performance of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme remains patchy despite making a significant overall impact in providing rural job schemes. It is also estimated that only 14 per cent worker households could gain

100 days of work. It was estimated that in 2009-10, some five crore families were provided around 300 crore person-days of work under the prestigious scheme. This was more than three times the employment generated in 2006-07.

In the four years that the job guarantee programme had been in force, it had managed to provide some 600 crore person-days of work at a total expenditure of around Rs. 70,000 crore. What was even more remarkable was the coverage of SCs, STs and women under the scheme. Nowadays agriculture related jobs are vanishing and the workers are migrating and depending on other jobs. We have already set a goal to achieve 4 per cent growth rate in agriculture, but we are hovering around two to three per cent only. This situation needs to be addressed on a war footing to improve the overall growth of our economy for double digit. Agriculture related works need to be included in Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Programme not only in Andhra Pradesh, but all over the country in the current year itself with sufficient allocations.

The share of SC/ST families in the work provided under MGNREGA in the past four years ranged between 51 and 56 per cent while that of women was 41 and 50 per cent during the corresponding period. If the Government includes agricultural works, it will definitely increase the GDP growth rate and poor people will take up these works enthusiastically and as a profession and improve the production of various food items to meet the growing needs of the people of our country. We can also avoid the imports of various food items with such inclusions and can also save the economy.

Jobs will be increased in all the States automatically with the inclusion of Agriculture related jobs in Mahatma Gandhi NREGA by taking it as a pilot scheme and we can bring a second Green Revolution by increasing the minimum days of work to more than 150.

I, therefore, request the hon. Minister of Rural Development, through the Chair, to include agriculture and related jobs under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme in the current Five-Year Plan.

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI (VIZIANAGARAM): Mr. Chairman, Sir, I would like to associate myself with the issue raised by hon. Member Shri Suresh Kumar Shetkar, of need to include agriculture related and other works in the shelf of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme.

SHRI N. CHELUVARAYA SWAMY (MANDYA): Mr. Chairman, Sir, I would like to draw the attention of the hon. Minister of Human Resource Development, through you, to the problems being faced by the students and their parents in Mandya Parliamentary Constituency in Karnataka due to non-existence of a Kendriya Vidyalaya.

The private or public schools situated in my Parliamentary Constituency are charging exorbitant fees and the common people are facing great difficulties in paying such huge amounts. Even though these schools are collecting exorbitant fees, this area lacks good quality English medium schools. There are a huge number of Government servants residing in Mandya. If a Kendriya Vidyalaya is opened in this area, it will be of great help to the middle level and lower level people. The people of my Parliamentary Constituency are demanding for establishment of a Kendriya Vidyalaya there. In this connection, the State Government of Karnataka has submitted a proposal to the Ministry of Human Resource Development, but no action has been taken so far. This is one of the most important proposals in respect of my Parliamentary Constituency Mandya. Therefore, I urge upon the Union Government to consider establishing a Kendriya Vidyalaya in Mandya on top priority basis for the benefit of students and parents in the Constituency.

SHRI C. RAJENDRAN (CHENNAI SOUTH): I would like to raise an important matter of public importance regarding the health of the people of this country due to huge shortage of doctors. There is an acute shortage of doctors and paramedical

staff; and it is assuming alarming proportions. According to the latest data on rural health statistics, a huge number of posts sanctioned for medical staff in primary and community health centres are lying vacant. In the case of primary health centres, there are 5,300 vacancies of doctors; 7,300 vacancies of health care workers and 1,700 health assistants. The situation is grim in community health centres, where about 4,000 posts of specialists, 5,000 posts of pharmacists, and 5,600 posts of lab technicians are lying vacant. There is also a dire need of 10,000 nurses.

Secondly, as per the Planning Commission's study, the country is short of six lakh doctors, 10 lakh nurses. It reports that the doctor to patient ratio is one is to 10,000. This is a crisis.

The reason for shortage varies from State to State. But this is an integral part of the National Rural Health Mission; in spite of this, the situation is very serious. Experts in this field feel that more than the vacant positions, the doctors also do not attend to the patients which is a genuine cause of concern.

Hence, I request the Minister of Health and Family Welfare to ponder over this issue in all seriousness, and fill up the vacant posts so that poor people are taken care of better.

श्री वीरेन्द्र कश्यप (शिमला): माननीय सभापति महोदय, आपके माध्यम से भारत सरकार के ध्यान में लाना चाहता हू कि केन्द्र सरकार के अधीन एवं स्वामित्व में संचालित दिल्ली स्थित भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की परिनिर्वाण भूमि (मृत्युस्थली) गत सात वर्षों से बदहाल, सुनसान, अनजान एवं अपमानजनक अवस्था में है। यह परिनिर्वाण स्मारक 26, अलीपुर रोड दिल्ली स्थित है। वर्ष 2003 में एन.डी.ए. सरकार के समय में इस परिनिर्वाण भूमि को निजी व्यक्ति से लगभग 16 करोड़ रुपये में खरीद कर राष्ट्रीय स्मारक घोषित करके तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के हाथों राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इसके सम्मानजनक विकास की एक कार्य योजना बनायी गई थी लेकिन केन्द्र में सत्ता परिवर्तन के बाद यू.पी.ए. की सरकार ने इसे भुला दिया। अनेक बार मांग करने के उपरांत भी कोई कार्यवाही नहीं की गई और अभी तक परिनिर्वाण भूमि उपेक्षित पड़ी है।

सभापति महोदय, उल्लेखनीय है कि परिनिर्वाण भूमि देश के दलितों का चौथा धाम है। डॉ. अम्बेडकर की जीवन-स्मृति के चार महत्वपूर्ण स्थान हैं, जो दलितों के चार धाम हैं। पहला-जन्मभूमि, महू-

म.प्र., दूसरा-दीक्षाभूमि, नागपुर-महाराष्ट्र, और तीसरी चैत्यभूमि (अंत्येष्ठि स्थल) मुम्बई में है। ये तीनों स्थान सम्मानित हैं जहां लोग बाबा साहेब के लिये प्रार्थना करते हैं व नतमस्तक होते हैं, लेकिन दिल्ली स्थित परिनिर्वाण भूमि पर ऐसा कुछ भी नहीं है। यहां ताले लगे हुये हैं और एक मोमबती भी नहीं जलाई जाती है। बाबा साहेब की परिनिर्वाण भूमि के विकास के मामले में केन्द्र की वर्तमान सरकार पूरी तरह विफल रही है।

सभापति महोदय, मेरा आग्रह है कि इस संबंध में यू.पी.ए.सरकार नींद से जागे और डॉ. अम्बेडकर के इस स्मारक-निर्वाण भूमि के विकास की कार्य-योजना को तत्काल प्रारंभ किया जाये। वहां पर बुद्ध विहार का निर्माण किया जाये। उनके जीवन की वस्तुओं का संग्रहालय बनाया जाये। परिनिर्वाण भूमि को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाये। इसके सम्मानजनक संचालन एवं सुरक्षा की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाये। इसके आगामी विकास हेतु एवं वृहदभूमि की उपलब्धता कराने हेतु इस स्मारक के भवन के आसपास के सभी बंगलों को भारत सरकार द्वारा खरीदकर अधिगृहीत किया जाये एवं इस क्षेत्र में सभी का स्थल बनाकर वहां सौंदर्य एवं गरिमापूर्ण वातावरण का निर्माण किया जाये। प्रतिवर्ष 6 दिसम्बर को परिनिर्वाण भूमि में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाये। दैनिक गतिविधियां संचालित की जायें। महात्मा गांधी जी की दिल्ली स्थित समाधि राजघाट के बराबर परिनिर्वाण भूमि को दर्जा व सम्मान दिया जाये और संसारभर से भारत आने वाले राजनयिकों को सरकार द्वारा इस परिनिर्वाण भूमि पर ले जाकर पुष्प अर्पित कराने का कार्यक्रम चलाया जाये। डॉ. अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धाजलि सभा में देश के महामहिम राष्ट्रपति एवं माननीय प्रधान मंत्री जी उपस्थित हों।

...(व्यवधान) प्रतिवर्ष 6 दिसम्बर को परिनिर्वाण भूमि में श्रदांजलि सभा का आयोजन किया जाए।...(व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, मैं अपने को इस विषय से संबद्ध करता हूं।

श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.): महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, केन्द्र सरकार प्रति वर्ष हजारों करोड़ रूपये उत्तर प्रदेश के विकास के लिए केन्द्र की योजनाओं के माध्यम से खर्च कर रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में यह बात लाना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की योजनाओं के लिए जो धन जा रहा है, उसका दुरूपयोग किया जा रहा है। मैं इस संबंध में अपने जनपद महारजगंज का उदाहरण देना चाहता हूं। सर्व शिक्षा अभियान में पिछले तीन वर्षों में 67 करोड़ रूपये दिए गए हैं। मेरा आरोप है कि उसमें से कम से 20 करोड़ रूपये ...(व्यवधान) *की बलिवेदी पर चढ़ गए हैं। मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि वहां के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मुझे

* Not recorded.

बताया है कि वर्ष 2007-08 में 1,70,185, वर्ष 2008-09 में 1,68,831 और वर्ष 2009-10 1,22,419 प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों के लिए यूनीफार्म बनायी गयी। कुल 4 करोड़ 61 लाख की यूनीफार्म बतायी गयी। मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं भारत की वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार महाराजगंज जनपद की पांच से नौ वर्ष की आयु के लड़के और लड़कियों की जनसंख्या 1,65,732 थी। यदि हम महाराजगंज की जनसंख्या की वृद्धि दर को इसमें जोड़ लें तो भी वहां इस काल में 1 लाख 90 हजार से अधिक लड़कियां नहीं हैं। जबकि 1 लाख 70 हजार लड़कियों की ड्रेस बनवाकर सौ रूपये प्रति ड्रेस के हिसाब से निकाल लिया गया।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : That word …… will not go on record. That will be deleted.

श्री हर्ष वर्धन : मैं आपसे एक मिनट चाहता हूं। मैं यह आंकड़े इसलिए दे रहा हूं क्योंकि यह संभव ही नहीं है कि 1 लाख 70 हजार लड़कियां प्राइमरी स्कूल में पढ़ रही हों। मैं यह कह रहा हूं कि सर्व शिक्षा अभियान और बीआरजीएफ में प्रक्रिया की जो दिक्कतें हैं, बीआरजीएफ का पैसा जिला योजना समिति से पारित होकर प्रदेश समिति में आता है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति इसे पारित करती है। मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर ध्यान दे।...(व्यवधान) मैं चाहता हूं कि संघीय व्यवस्था की बात करके इसे समाप्त न किया जाए। इस सदन के 5-6 सदस्यों की समिति महाराजगंज में जाकर जांच कर ले, क्योंकि उत्तर प्रदेश में जो लूट है, उसका महाराजगंज उदाहरण है। उसकी जांच की जाए, यदि मेरा आरोप गलत सिद्ध होता है तो मैं इसी सदन से कहता हूं कि मैं इस्तीफा देकर यहां से चला जाऊंगा, लेकिन उत्तर प्रदेश में लूट को समाप्त करवाया जाए, केवल संघीय व्यवस्था के नाम पर इसे दबाए रखने का कोई तात्पर्य नहीं है।

SHRI TAPAS PAUL (KRISHNANAGAR): I would like to bring to the notice of the august House that kidnapping, abduction of women, kidnapping of children, young girls, housewives are happening in West Bengal. They are lured for going out to work as domestic helps, but in reality, they are sucked into the hurl of flesh trading. It is really a big social problem. People all over India are not getting any help from administration. In this context, I want to draw the attention of the House to the saddest part that my constituency Krishnanagar is also victim of such a crime. Girls and women are sold to different places in different parts of the country, and also Bangladesh. In Chapra village which is under my constituency, nearly 30 girls were abducted and sold to different places. The people of that village formed a group awareness campaign to save the poor girls but they are not

getting any support from the local administration. I am very much embarrassed to say that my constituency, Krishnanagar, West Bengal is facing such kind of a crime. It is a matter of regret that in most of the cases, the poor victims could not be detected.

I appeal to the hon. Home Minister of India, through you, Sir, that proper steps to stop this unhealthy practice should be taken to save the girls and housewives.

वीरभूम डिस्ट्रिक्ट में एक आदिवासी लड़की को नंगा करके घुमाया। मैं आपके माध्यम से होम मिनिस्टर को बोलना चाहता हूं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : You are allowed to raise only one matter.

डॉ. तरुण मंडल (जयनगर): सभापति महोदय, श्री तापस पॉल जी ने जिस विषय पर बोला है, उस विषय के साथ मैं भी अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान मोर हत्या के बारे में आकर्षित करना चाहती हूं। भारतीय संस्कृति में मोर का विशिष्ट स्थान है। धार्मिक मान्यता मुजब मोर शिवपुत्र कार्तिकेय का वाहन है। पक्षियों की गणना में वह पक्षीराज है। राष्ट्रीय मान्यतानुसार भारतीय संविधान ने उसे राष्ट्रीय पक्षी का दर्जा दिया है। ग्रीक, इजिप्ट, सिरीया इत्यादि देशों की संस्कृति में भी मोर का मानभरा स्थान है। पड़ौसी देश बर्मा ने भी उसे राष्ट्रीय दर्जा दिया है। मोर के सौन्दर्य से सभी चिर-परिचित हैं। उसके पंख तो और भी लाजवाब हैं, इस सौन्दर्य मोहने मोर पंख का व्यापारीकरण कर दिया है।

सभापति महोदय, देश के कई स्थानों में मांगलिक एवं सामाजिक समारोह में भी मोर मांस खाने का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। मोर पंख भी निर्दयता से निकाले जाते हैं और विदेशों में भेजे जाते हैं। ये 1500 रुपए में बेचे जाते हैं। जंगल में रहने वाले असामाजिक तत्व भी मोर के बच्चों की 400-500 रुपए में खरीदी एवं बिक्री करते हैं और मोर के अंडे को कृत्रिम तरीके से फलीभूत करके, मोर के पंख को निकाल कर बेच देते हैं एवं मांस भक्षण करते हैं। इतना ही नहीं, मोर पंख के लिए जहर का भी प्रयोग किया जाता है।

सभापति महोदय, देश भर में मोर मौत हत्या के संदर्भ में हुए सर्वेक्षण अनुसार पांच प्रतिशत पंख और मांस हेतु मोर हत्याएं हुई हैं और आठ प्रतिशत अकस्मात कुत्तों के हमले, बिजली करंट इत्यादि से हुई हैं। वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972, कॉलम 44 के अनुसार मोर पंख का व्यापार करने की छूट है,

जिससे शिकारी बिना डर से मोर हत्याएं कर रहे हैं। अगर ऐसे ही चलता रहा तो मोर पक्षियों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूं कि सरकार मोर हत्याएं बंद करने हेतु कठोर कानून बनाए और निर्दयी तरीके से हो रही मोर हत्याएं बंद करने हेतु उचित कार्यवाही करें। धन्यवाद।

श्री अर्जुन राम मेघवाल: श्रीमती जयश्रीबेन पटेल जी ने जिस विषय पर बोला है, उस विषय के साथ मैं भी अपने आपको सम्बद्ध करता हूं।

SHRI P.T. THOMAS (IDUKKI): Recent incidents disclose that terrorist outfits have shifted their operational base to communally balanced and harmonious States like Kerala. Kerala, which is a State known for communal and religious harmony, has become the target of some national as well as international terrorist outfits. Kerala has a long history of religious harmony. It was the great patriotic fighters like Kunjali Marakkar who supported Hindu kings to fight against foreign invaders. Many are unaware of the fact that the great epic Ramayana is not the sole monopoly of Hindus. Kerala has Mappila Ramayana which was authored by Muslim poets and sung by Muslims. When the Hindu fanatics destroyed the Babari Masjid and calamity broke out, it was the Muslim brothers who protected their Hindu brothers in Kerala. One can see in Kerala a synagogue, church, mosque and temple in close vicinity. The communal harmony of Kerala was achieved by great reformers and the Indian National Congress. Some terrorist outfits are purchasing real estates in coastal areas and supporting uneducated youths to destroy the religious harmony. These outfits are functioning under the fake banner of Human rights organizations with secular name and style. Last month's incident in which a professor's hand was brutally chopped off in the presence of general public by the activists of terrorist outfits was an eye-opener. The pamphlets seized in repeated raids conducted in the havens of these outfits confirm their national and international link. I appeal to the Government to gather intelligence and to prevent the destruction of communal harmony. I also request

the Government to conduct an inquiry by National Investigation Agency to bring to light the tacit operations of these terrorist groups.

श्री अर्जुन राम मेघवाल : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूं। मैं राजस्थान के बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। उससे ऊपर की तरफ हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और पंजाब का एरिया पड़ता है। हमारे यहां घग्घर नदी की बाढ़ आई हुई है। पहाड़ी एरिये में जब बर्फ पिघलती है, तो वह पानी, नदी के रूप में प्रवाहित होता है और कभी-कभी, तीन, चार या पांच सालों में बाढ़ आती है। अब उस बाढ़ से बहुत लोग प्रभावित हो गये हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में यह बात भी लाना चाहता हूं कि यह पानी पाकिस्तान जाता है और पाकिस्तान, भारत सरकार से मुआवजा भी लेता है कि घग्घर नदी का पानी हमारे यहां तबाही मचा गया तथा दूसरी ओर वह बांध बनाकर इस पानी का यूज भी कर रहा है।

महोदय, जहां मेरा इलाका है, जिसमें नहरें बनी हुई हैं जैसे अनूपगढ़ ब्रांच बनी हुई है और ब्रांचें बनी हुई हैं। इनमें अनूपगढ़, घड़साना, रावड़ा, 365 हैड, खाजूवाला और पूगल आदि आते हैं, उनमें नहरें बनी हुई हैं, लेकिन यदि अनूपगढ़ के पास बिंजौर में बांध बनाकर इस नदी के पानी को रोक दिया जाए, तो एक तो पाकिस्तान को जो मुआवजा भारत को देना पड़ता है, वह नहीं देना पड़ेगा और दूसरी ओर उस एरिया में नहरी पानी के लिए जो आंदोलन होते हैं, वे नहीं होंगे। वहां पानी के लिए लोग लॉ-एंड-ऑर्डर को अपने हाथ में लेते हैं, उससे भी हम बच जाएंगे। इससे वहां के जो किसान हैं, वे खुशहाल हो जाएंगे और खेती के माध्यम से वे अपना प्रोडक्शन बढ़ा देंगे। इससे एग्रीकल्चर की जो ग्रोथ रेट पंजाब में है, वैसी ही राजस्थान के हमारे एरिये में हो जाएगी। अतः मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के जल संसाधन मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि अनूपगढ़ के पास, बिंजौर में बांध बनाकर इस पानी को रोकें।

DR. TARUN MANDAL (JAYNAGAR): Sir, today is the 103rd Martyrdom Day of Shaheed Kshudiram Bose, the first Indian freedom fighter hanged by British Rulers in pre-Independent India on 11th August 1908. I believe the entire country including this august House would pay rich tribute to this great son of our soil.

As you are aware, Shaheed Kshudiram Bose symbolized fearlessness, determination, devotion and selflessness for the liberation of the motherland India through the uncompromising path of armed struggle which created a deep impact both on the countrymen and on the British rulers, proper evaluation of 'their role in freedom movement starting from Kshudiram Bose to Bhagat Singh is earnestly

required. Some textbooks in Independent India have labeled them as 'extremists' like the British rulers - which is neither a fact nor it has got any relation with such devoted brand of freedom fighters, which needs rectification and replacement with proper textual history. Rather I believe, propagation and cult of their characters and life struggles will help to make our present generation of youths and students as superior human beings, more responsible for the society and the country.

Therefore, I would request the Central Government to take up this matter of proper evaluation of their role of uncompromising trend in Indian freedom struggle history and to publish it in textual form for the appraisal of all. I would also request the Central Government to install a full size statue of Shaheed Kshudiram Bose in the Parliament House premises.

श्रीमती कमला देवी पटले (जांजगीर-चम्पा): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति धन्यवाद व्यक्त करती हूं।

मैं सदन का ध्यान लेह में हुई भयंकर प्राकृतिक त्रासदी की ओर दिलाना चाहती हूं। आपदा की भयावहता इसी से पता लगती है कि लेह में बादल फटने से हवाई अड्डा, स्कूल, दफ्तर एवं गांव के गांव बह गए। कुछ भी नहीं बचा है। हजारों जानें गई हैं। हजारों घायल हैं तथा हजारों लापता हैं। इतनी भयंकर तबाही हुई है कि दूर-दराज के इलाकों में राहतकर्मियों को पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं।

महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य के काफी मजदूर वहां कमाने-खाने गए हुए थे। मेरे संसदीय क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा जिले के, यानी एक ही जिले के 22 मजदूर मारे गए हैं, जिनकी शिनाख्त की जा चुकी है। 26 लोग घायल हैं और 44 लोग लापता हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहती हूं कि जो मृतक हैं, उनके परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए, घायलों के इलाज के लिए सरकार धन मुहैया कराए तथा लापता लोगों की खोज कराई जाए और उनकी वहां से छत्तीसगढ़ वापसी की व्यवस्था शासन द्वारा कराई जाए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देती हूं।

MR. CHAIRMAN : The House now stands adjourned to meet tomorrow at 11.00 a.m.

19.36 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, August 12, 2010, Sravana 21, 1932 (Saka).